* * *

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार

रांची, धनबाद एवं पटना से प्रकाशित

www.lagatar.in | रांची, बुधवार 08 मई 2024 बैशाख अमावस्या, संवत 2081 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ 6 ● वर्ष : 2, अंक : 29 | आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र


**मौसम**

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| धनबाद | 39.0 | 28.5 |
| जमशेदपुर | 41.4 | 25.5 |
| डालटनगंज | 36.0 | 23.8 |

तापमान डिग्री सेल्सियस में.



पेज 09




## ईडी ने कोर्ट में कहा- ग्रामीण विकास विभाग के ऊपर से नीचे तक कई अधिकारी करोड़ों रुपये के सांठगांठ में हैं शामिल

# टेंडर कमीशन के खेल में ब्यूरोक्रेट्स और राजनेता भी शामिल, संजीव व जहांगीर सिर्फ मोहरा

विनीत आभा उपाध्याय। रांची





ईडी की अब तक की जांच में यह जानकारी सामने आई है कि सोमवार को बरामद हुआ सारा पैसा टेंडर घोटाले का है. टेंडर घोटाला से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग के इस केस में कई बड़े आईएएस अधिकारियों की भूमिका भी सवालों के घेरे में है. ईडी का दावा है कि इस पूरे प्रकरण में ऊपर से लेकर नीचे तक के अधिकारी शामिल हैं और उन्हें राजनेताओं का भी पूरा संरक्षण मिला हुआ है.

ईडी ने कोर्ट में दिए गए रिमांड पिटीशन में कहा है कि ग्रामीण विकास विभाग के ऊपर से नीचे तक कई अधिकारी इस सांठगांठ में शामिल हैं. कमीशन का पैसा आमतौर पर नकद ही लिया जाता था, जिसे विभिन्न प्रक्रियाओं से गुजार कर सफेद किया जाना था. ईडी को अब तक जो जानकारी मिली है, उसके मुताबिक मंत्री आलमगीर आलम का ओएसडी (ऑफिसर ऑन स्पेशल ड्यूटी) संजीव लाल प्रभावशाली व्यक्तियों के लिए कमीशन लेता था और टेंडर मैनेज करने के साथ-साथ विभाग के इंजीनियरों से भी कमीशन के लेनदेन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता था. मनी लॉन्ड्रिंग के आरोप में जेल में बंद निलंबित चीफ इंजीनियर ने भी यह स्वीकार किया है कि वर्ष 2022 में संजीव लाल ने करोड़ों रुपए कमीशन के तौर पर लिए हैं.

### पूछताछ में कमाई के खेल का हो सकता है खुलासा

ईडी ने संजीव लाल और जहांगीर को इसलिए रिमांड पर लिया है, ताकि अन्य वरिष्ठ सरकारी पदाधिकारियों सहित अन्य वैसे अन्य लोगों की भूमिका का पता लगाया जा सके, जो कमीशन के जरिए करोड़ों रुपए की कमाई के इस खेल में शामिल हैं. बता दें कि ईडी ने सोमवार की रेड के दौरान 35 करोड़ रुपये के साथ दो गाड़ियां भी जब्त की है, जिसका रजिस्ट्रेशन जहांगीर के नाम से है. लेकिन उन गाड़ियों का इस्तेमाल संजीव लाल करता था. यह बात खुद जहांगीर ने ईडी के अधिकारियों के समक्ष स्वीकार की है.

## मंत्री आलमगीर के यहां सहायक के पद पर कार्यरत है छोटू

# रेड के बाद छोटू उर्फ इमाम के नाम की चर्चा तेज

सौरभ सिंह। रांची

झारखंड सरकार के मंत्री आलमगीर आलम के करोड़पति सरकारी सचिव संजीव लाल और उसके सहयोगी जहांगीर की गिरफ्तारी के बाद एक नया नाम काफी चर्चा में है. यह नाम है छोटू उर्फ गजनफर का. इस नाम की चर्चा इसलिए हो रही है, क्योंकि आलमगीर के यहां सहायक के पद पर कार्यरत छोटू की मर्जी के बिना कोई भी मंत्री जी से मिल भी नहीं सकता.

**रसूख ऐसी कि मर्जी के बिना कोई मंत्री से नहीं मिल सकता**

करीब एक दशक से छोटू मंत्री के साथ साये की तरह है. छोटू तब भी आलमगीर आलम के साथ था, जब वह पावर में नहीं थे. छोटू का घर वैसे तो रांची में ही है, लेकिन पाकुड़ में भी उसने अच्छी पैठ बना ली है. मंत्री जी से मिलना हो, उनसे कोई काम हो, तो इसका पूरा ब्यौरा आपको सबसे पहले छोटू को देना होगा. छोटू चाहेगा, तभी आपका काम होगा.

लोग बताते हैं कि मंत्री जी भी छोटू पर आंख मूंद कर भरोसा करते हैं. किसी भी पैरवी के लिए अधिकारियों को छोटू का ही फोन जाता है. इससे पहले छोटू पूर्व मंत्री बंधू तिर्की का भी सहयोगी रह चुका है. पार्टी के सेकेंड लाइन के नेता और कार्यकर्त्ता छोटू के आगे नतमस्तक रहते हैं. छोटू उर्फ गजनफर इमाम भी ईडी की रडार पर है.



---

### ब्रीफ खबरें

#### मनोज कुमार को शिक्षा सचिव का भी प्रभार

**रांची।** राज्य सरकार ने पर्यटन सचिव मनोज कुमार को शिक्षा सचिव का अतिरिक्त प्रभार सौंपा है. कार्मिक विभाग ने इसका आदेश जारी कर दिया है. जारी आदेश में कहा गया है कि शिक्षा सचिव उमाशंकर सिंह ओडिशा में चुनाव प्रेक्षक के रूप में पांच मई को ही चले गये हैं. ऐसे में उनके स्थान पर मनोज कुमार को शिक्षा सचिव का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है.

#### राजेश ठाकुर व प्रदीप यादव पर हो केस: दुबे

**रांची।** ईडी की रेड के बाद गोड्डा से भाजपा उम्मीदवार निशिकांत दुबे ने कांग्रेस उम्मीदवार प्रदीप यादव पर निशाना साधा है. उन्होंने 'एक्स' पर पोस्ट कर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर और प्रदीप यादव पर केस दर्ज करने की मांग की है. पोस्ट में लिखा है- ईडी की छापेमारी में 40 करोड़ रुपये बरामद हुए हैं. गोड्डा लोकसभा के उम्मीदवार कांग्रेस विधायक प्रदीप यादव का पत्र मीडिया के अनुसार छापेमारी में बरामद हुआ है. इससे यह प्रतीत होता है कि पैसे लेकर ट्रांसफर-पोस्टिंग और गोड्डा लोकसभा में चुनाव को प्रभावित करने का खेल चल रहा है. सभी अधिकारियों को अविलंब चुनाव कार्य से हटाया जाए.

#### सुरेंद्र सिंह को बनाया एटीआई महानिदेशक

**रांची।** राज्य सरकार ने सुरेंद्र सिंह को श्री कृष्ण लोक प्रशासन संस्थान झारखंड रांची का महानिदेशक बनाया है. सुरेंद्र सिंह इससे पहले केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर थे, 23 अप्रैल को ही उन्हें केंद्र सरकार से वापस झारखंड भेज दिया गया था. कार्मिक ने इसका आदेश जारी कर दिया.

---

## झारखंड चुनाव: एनडीए और इंडिया गठबंधन ने 17 फ्रेश चेहरों पर खेला है दांव

**दर्जनभर से अधिक दिग्गज**

# नेता हो गए साइडलाइन

रवि भारती। रांची

झारखंड में लोकसभा चुनाव के दौरान दिलचस्प नजारा दिख रहा है. इसकी वजह यह है कि एनडीए और इंडिया गठबंधन में शामिल दलों ने इस बार 17 फ्रेश चेहरों पर दांव लगाया है. किसकी नैया पार लगेगी, यह देखना दिलचस्प होगा. चुनावी अखाड़े में सभी अपना दम-खम दिखा रहे हैं. जनसंपर्क अभियान में पूरी ताकत झोंक दी है. वहीं दूसरी तरफ कई दिग्गज राजनेता हाशिए पर चले गए हैं.

ऐसे नेताओं में भाकपा के भुवनेश्वर मेहता, कांग्रेस के फुरकान अंसारी, भाजपा के रवींद्र पांडेय व रवींद्र राय, कांग्रेस के सुबोधकांत सहाय, भाजपा के पीएन सिंह, झामुमो के हेमलाल मुर्मू, राजद के घूरन राम, भाजपा के सुदर्शन भगत, बाबूलाल मरांडी, जयंत सिन्हा व सुनील सिंह, झामुमो सुप्रीमो शिबू सोरेन, कांग्रेस के गोपाल साहू व मनोज यादव शामिल हैं.

भाजपा ने सात नए चेहरों पर खेला है दांव

झारखंड की 14 लोकसभा सीटों में से भाजपा ने 13 सीटों पर अपने उम्मीदवार घोषित किए हैं. वहीं, एनडीए के घटक दल आजसू से एक बार फिर से चंद्रप्रकाश चौधरी मैदान में हैं. बीजेपी जिन 13 सीटों पर चुनाव लड़ रही है, उनमें सात सीटों पर नए चेहरे हैं. धनबाद से बाघमारा विधायक ढुल्लू महतो को भाजपा ने उम्मीदवार बनाया है. दुमका से झामुमो से बागी हुईं सीता सोरेन को टिकट दिया गया है. वहीं, लोहरदगा से समीर उरांव और हजारीबाग से मनीष जायसवाल ताल ठोंक रहे हैं. चतरा से इस बार कालीचरण सिंह चुनावी अखाड़े में हैं. वहीं, राजमहल से ताला मरांडी को भाजपा ने मौका दिया है. इसके अलावा सिंहभूम से गीता कोड़ा भाजपा की टिकट पर अपनी किस्मत आजमा रही हैं.



### पांच सिटिंग एमपी को ही मिला टिकट

भाजपा ने इस चुनाव में पांच सिटिंग एमपी को ही टिकट दिया है. जिन सिटिंग सांसदों को इस बार भी मौका दिया है, उनमें गोड्डा से निशिकांत दुबे, रांची से संजय सेठ, जमशेदपुर से विद्युत वरण महतो, खूंटी से अर्जुन मुंडा, कोडरमा से अन्नपूर्णा देवी और पलामू से विष्णु दयाल राम शामिल हैं.

### हाशिये पर चले गए ये दिग्गज राजनेता

**शिबू सोरेन:** झामुमो सुप्रीमो शिबू सोरेन इस बार चुनाव मैदान से बाहर हैं. वह 1977 से इस सीट पर लगातार लड़ते रहे और कुल आठ बार यहां से संसद पहुंचे. अब उनकी उम्र 80 साल है और सेहत भी ठीक नहीं रहती है. ऐसे में उन्हें चुनाव मैदान से दूर होना पड़ा है.

**पीएन सिंह:** धनबाद सीट से लगातार तीन बार जीत दर्ज करने वाले भाजपा के सांसद पीएन सिंह भी उम्र के तकाजे की वजह से इस बार टिकट से वंचित रहे. उनकी जगह भाजपा ने बाघमारा विधायक ढुल्लू महतो को धनबाद लोकसभा सीट से इस बार अपना उम्मीदवार बनाया है.

**सुनील सोरेन:** दुमका से शिबू सोरेन को मात देने वाले भाजपा सांसद सुनील सोरेन का टिकट कट गया. भाजपा ने इस बार भी सुनील सोरेन को उम्मीदवार घोषित कर दिया था, लेकिन बदली हुई सियासी परिस्थितियों में उनका टिकट वापस लेकर उनकी जगह सीता सोरेन को उतारा गया.

**सुबोधकांत सहाय:** रांची लोकसभा सीट से तीन बार सांसद रहे 75 वर्षीय सुबोधकांत सहाय 1984 से लगातार इस सीट पर लड़ते रहे हैं. इस बार भी उन्होंने अखाड़े में उतरने के लिए जमकर तोल ठोंकी थी, लेकिन कांग्रेस पार्टी ने उनकी बेटी यशस्विनी सहाय को उम्मीदवार बनाया है.

**सुदर्शन भगत, जयंत सिन्हा और सुनील सिंह:** लोहरदगा से लगातार तीन बार सांसद चुने गए सुदर्शन भगत, हजारीबाग से लगातार दो बार जीत दर्ज करने वाले जयंत सिन्हा और चतरा से दो बार के सांसद सुनील कुमार सिंह को पार्टी ने एंटी इन्कंबेंसी फैक्टर की वजह से टिकट नहीं दिया.

**हेमलाल मुर्मू:** राजमहल सीट पर 2019 में बतौर भाजपा प्रत्याशी दूसरे नंबर पर रहे हेमलाल मुर्मू इस बार चुनाव मैदान में नहीं हैं. वह भाजपा छोड़ कर झामुमो में शामिल हो चुके हैं और ऐसी कोई सीट नहीं थी, जहां से उन्हें पार्टी उतार सके.

**गोपाल साहू, मनोज यादव और सुभाष यादव:** हजारीबाग सीट से 2019 का लोकसभा चुनाव लड़ने वाले कांग्रेस के गोपाल साहू, चतरा संसदीय सीट से कांग्रेस के मनोज यादव, राजद के सुभाष यादव, कोडरमा लोकसभा सीट से भाकपा माले के राजकुमार यादव जैसे दिग्गज भी अलग-अलग सियासी परिस्थितियों की वजह से इस बार चुनाव मैदान में नहीं हैं.

**बाबूलाल मरांडी:** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी का इस बार चुनावी अखाड़े में न होना भी दिलचस्प सियासी परिस्थिति का नतीजा है. वह 2019 के चुनाव में कोडरमा सीट पर झाविमो की ओर से उतरे थे, लेकिन भाजपा की अन्नपूर्णा देवी से पराजित हो गए थे. इस बार वह भाजपा के स्टार प्रचारक के रूप में उसी अन्नपूर्णा देवी के लिए वोट मांग रहे हैं.

**घूरन राम:** पलामू लोकसभा सीट से 2019 के चुनाव में राजद के घूरन राम दूसरे नंबर पर रहे थे. इस बार लोकसभा चुनाव की घोषणा से कुछ दिन पहले ही उन्होंने भाजपा का दामन थाम लिया था, लेकिन पार्टी ने उन्हें टिकट नहीं दिया.

### इंडिया गठबंधन में 10 नए चेहरे मैदान में

इंडिया गठबंधन ने भाजपा से एक कदम आगे बढ़कर 10 नए चेहरे पर दांव लगाया है. कांग्रेस ने इस बार रांची लोकसभा सीट से पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय की बेटी यशस्विनी सहाय को टिकट दिया है. वहीं धनबाद से पूर्व मंत्री राजेंद्र सिंह की बहू अनुपमा सिंह को मैदान में उतारा है. चतरा में इस बार केएन त्रिपाठी को मौका दिया है. भाजपा से कांग्रेस में आए मांडू विधायक जय प्रकाश भाई पटेल को कांग्रेस ने हजारीबाग से उम्मीदवार बनाया है. भाकपा माले ने बगोदर विधायक विनोद सिंह को कोडरमा सीट से उतारा है. राजद ने पलामू से ममता भुईयां को उम्मीदवार बनाया है. झामुमो ने दुमका से नलिन सोरेन, गिरिडीह में मथुरा महतो और सिंहभूम सीट से जोबा मांझी और जमशेदपुर से समीर मोहंती को मौका दिया है.

---

# विधानसभा घेराव मामले में जयराम महतो को राहत मिली

संवाददाता। रांची

- रांची सिविल कोर्ट ने पीड़क कार्रवाई पर लगाई रोक
- केस के आईओ को डायरी प्रस्तुत करने का दिया निर्देश

जेबीकेएसएस के अध्यक्ष और गिरिडीह लोकसभा से उम्मीदवार जयराम महतो को विधानसभा घेराव मामले में कोर्ट से राहत मिली है. जयराम महतो की अग्रिम जमानत याचिका पर मंगलवार को सुनवाई के दौरान कोर्ट ने उसके खिलाफ किसी भी पीड़क कार्रवाई पर रोक लगा दी है. रांची सिविल कोर्ट के अपर न्यायायुक्त (एसीजे 15) की कोर्ट ने इस केस के अनुसंधानकर्ता को कोर्ट के समक्ष डायरी प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है.

**पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया था जयराम:** बता दें कि जयराम महतो के खिलाफ रांची पुलिस ने रांची के नगड़ी थाना में वर्ष 2022 में दर्ज कांड संख्या 48/22 में वारंट लिया था. इसके बाद रांची पुलिस ने गिरिडीह में जयराम महतो को गिरफ्तार करने के लिए दबिश भी दी थी. लेकिन वह पुलिस की पकड़ में नहीं आया था. इसी दौरान एक मई को जयराम महतो के गिरिडीह लोकसभा सीट से नामांकन दाखिल करने के बाद बोकारो पहुंची रांची पुलिस ने जयराम महतो को गिरफ्तार कर लिया था. इसके बाद जयराम महतो ने पुलिस ने जनसभा को संबोधित करने की अनुमति मांग. और पुलिस ने उन्हें सभा को संबोधित करने की परमिशन भी दी. इस बीच जयराम महतो पुलिस को चकमा देकर वहां से फरार हो गए थे. हालांकि जयराम ने पुलिस से कहा था कि सभा को संबोधित करने के बाद वह सरेंडर कर देंगे.



### हिरासत से भागने के मामले में बढ़ सकती है परेशानी

बोकारो में पुलिस के हिरासत से भागने के मामले में जयराम महतो फंस सकते हैं. हिरासत से भागने के मामले में जयराम महतो के खिलाफ बोकारो के बोकारो सिटी थाना में मामला दर्ज हुआ है. इस मामले में जयराम महतो की परेशानी बढ़ सकती है. बोकारो पुलिस इस मामले में जयराम महतो के खिलाफ कार्रवाई करेगी. इस मामले में एसपी ने कहा कि कोर्ट से वारंट मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी.

## प्रदेश सीएनजी ऑटो चालक महासंघ की बैठक 10 को

संवाददाता। रांची

झारखंड प्रदेश सीएनजी ऑटो चालक महासंघ की बैठक 10 मई को होगी. इसमें प्रदेश व महानगर के पदधारी शामिल होंगे. बैठक में ऑटो व ई-रिक्शा चालकों को वर्तमान में जिस स्थिति से गुजरना पड़ रहा है, उसको लेकर रणनीति तैयार की जाएगी. प्रदेश अध्यक्ष दिनेश सोनी ने कहा कि ऑटो चालकों से अवैध वसूली कैसे बंद हो, रांची शहर में जो निबंधित ऑटो को परमिट दिलाना है, इस पर निर्णय जिया जाएगा. शहर में 5000 परमिट देने की बात कई बार महासंघ के पदधारियों के साथ जिला प्रशासन एवं परिवहन विभाग की हुई है, किंतु अबतक मिला नहीं है. बैठक में इसका इसके समाधान निकाला जाएगा.

---

## बिहार लोक सेवा आयोग से नियुक्त अफसरों के लिए राहत

# 142 अफसरों की वरीयता सूची जारी

प्रमुख संवाददाता। रांची

राज्य प्रशासनिक सेवा के 142 अफसरों की वरीयता सूची जारी कर दी गयी है. ये अफसर बिहार लोक सेवा आयोग द्वारा नियुक्त हुए थे. राज्य गठन के बाद इन्होंने झारखंड कैडर चुना. अब राज्य प्रशासनिक सेवा के तहत इन अधिकारियों की एक जनवरी 2024 की तिथि से औपबंधिक रूप से वरीयता का निर्धारण कर दिया गया है. वरीयता सूची के निर्धारण के बाद राज्य सेवा के अफसरों की आईएएस संवर्ग में प्रोन्नति का रास्ता भी साफ हो गया है.

### यूपीएससी के निर्देश पर वरीयता सूची का निर्धारण

संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) द्वारा राज्य सेवा से आईएएस संवर्ग में प्रोन्नति देने के समय इस बिंदु पर गंभीरता से विचार किया गया. यूपीएससी ने भी इस ओर राज्य सरकार का ध्यान आकृष्ट कराया है. इससे पहले बीपीएससी से नियुक्त हुए अफसरों की वरीयता सूची निर्धारण का मामला लंबे समय से झारखंड सरकार के समक्ष विचाराधीन था. यूपीएससी द्वारा उठाये गये बिंदुओं के बाद सरकार ने विचार कर यह निर्णय लिया है.

### कार्मिक विभाग ने जारी किया आदेश

बीपीएससी से नियुक्त अफसरों की वरीयता सूची निर्धारण का आदेश कार्मिक विभाग ने जारी कर दिया है. साथ ही वैसे पदाधिकारियों से आपत्ति मांगी है, जिन्हें इस औपबंधिक वरीयता सूची में आपत्ति है. सरकार ने आपत्ति के लिए एक महीने का समय दिया है. आपत्ति के बाद फिर से एक नई सूची जारी की जाएगी.

---

# दो ने किया एक अपराध, मगर दोनों को सजा अलग-अलग

कौशल आनंद। रांची

झारखंड मुक्ति मोर्चा ने अपने दो नेताओं पर महागठंधन के खिलाफ निर्दलीय चुनाव मैदान में उतरने को लेकर दो अलग-अलग तिथि में कार्रवाई की. चार मई को पार्टी ने अपने पदाधिकारी बसंत लोंगा को गठबंधन के खिलाफ चुनाव लड़ने और पार्टी विरोधी गतिविधि में शामिल रहने के आरोप में पार्टी के सभी पदों से मुक्त करते हुए उन्हें पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से छह साल के निष्कासित कर दिया था. वहीं दूसरी कार्रवाई आनन-फानन में गुमला में राहुल गांधी के चुनावी सभा को देखते हुए सात मई को दिन के 1:25 बजे लोहरदगा से निर्दलीय चुनाव लड़ रहे विधायक चमरा लिंडा पर की गई. चमरा लिंडा को झामुमो ने महागठबंधन धर्म के विरुद्ध कार्य करने और चुनाव लड़ने के आरोप में सभी पदों से मुक्त करते हुए पार्टी की सदस्यता से निलंबित कर दिया. चमरा लिंडा का भी अपराध वही था, जो बसंत लोंगा ने किया. मगर एक ही अपराध के लिए दोनों को अलग-अलग सजा दी गयी है. इससे यह सवाल खड़ा होने लगा है कि चमरा लिंडा पर हल्की-फुल्की कार्रवाई क्यों? क्या वे विधायक हैं, इसलिए या फिर लोकसभा चुनाव के बाद उनकी पार्टी में वापसी का द्वार खुला रखा गया है. बतातें चलें कि अभी पार्टी के एक और बागी विधायक लोबिन हेंब्रम ने भी राजमहल से विजय हांसदा के खिलाफ चुनाव लड़ने का ऐलान कर दिया है. पार्टी उनके नाम वापसी की तारीख तक इंतजार करेगी.

**झामुमो की कार्रवाई**

- बसंत लौंगा को छह साल के लिए किया निष्कासित
- चमरा लिंडा को सभी पदों से मुक्त कर किया निलंबित

### झामुमो के एक और बागी विधायक लोबिन ने राजमहल से निर्दलीय भरा नामांकन

बसंत लौंगा और विधायक चमरा लिंडा के बाद झामुमो के एक और बागी विधायक लोबिन हेंब्रम ने राजमहल सीट से निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में अपना पर्चा दाखिल कर दिया. लोबिन अपने पार्टी के घोषित प्रत्याशी विजय हांसदा के विरुद्ध ताल ठोंकेंगे. मालूम हो कि लोबिन ने पहले ही विजय हांसदा को प्रत्याशी बनाए जाने का विरोध करते हुए निर्दलीय मैदान में उतरने का ऐलान कर दिया था. हालांकि पार्टी का भरोसा था कि लोबिन मान जाएंगे. पार्टी द्वारा बसंत लौंगा और चमरा लिंडा के खिलाफ कारवाई कर चुकी है. अब पार्टी नाम वापसी की तिथि 17 मई तक लोबिन के कदम का इंतजार करेगी. बता दें कि राजमहल सीट पर सातवें चरण में एक जून को मतदान होना है.



---

**पड़ताल** राज्य के निजी संस्थाओं व कंपनियों में 2,25,510 कर्मचारी हैं कार्यरत

# 6951 निजी संस्थाओं व कंपनियों ने दी 84,592 को नौकरी

संवाददाता। रांची

झारखंड में मौजूद निजी संस्थाएं एवं कंपनियां अब तक यहां के 84,592 स्थानीय लोगों को नौकरी दे चुकी हैं. राज्य में स्थित 6,951 संस्थाओं व निजी कंपनियों ने यह नौकरियां दी हैं. झारखंड राज्य के निजी क्षेत्र में स्थानीय उम्मीदवारों का नियोजन अधिनियम 2021 के तहत नौकरियां दी जा रही हैं. इस अधिनियम के तहत वैसे सभी प्रतिष्ठान जो निजी क्षेत्र के हों एवं जहां 10 या 10 से अधिक कार्यबल कार्य कर रहे हैं, पर लागू होता है.

साथ ही वैसे सभी प्रतिष्ठान जिन पर यह अधिनियम लागू होता है, उनके द्वारा यदि कोई रिक्ति निकाली जाती है, तो 40,000 रुपये वेतन तक के पदों की नियुक्ति में 75 फीसदी स्थानीय को नियुक्त देनी होगी. फिलहाल झारखंड के इन निजी संस्थाओं और कंपनियों में कुल दो लाख 25 हजार 510 कर्मचारी कार्यरत हैं. इनमें एक लाख 40 हजार 609 कर्मचारी स्थानीय की श्रेणी में नहीं हैं.

### अब तक 50,957 का प्लेसमेंट

श्रम विभाग की ओर से अब तक 50, 957 लोगों का विभिन्न निजी कंपनियों और संस्थाओं में प्लेसमेंट हो चुका है. अब तक राज्य के विभिन्न नियोजनालयों में 11 लाख छह हजार 420 लोगों ने रजिस्ट्रेशन कराया है. वहीं रोजगार मेला के जरिये 14986 लोगों का विभिन्न निजी कंपनियों और प्रतिष्ठानों में प्लेसमेंट हुआ है. इसमें 8055 लोगों को 12 हजार रुपये से अधिक की नौकरी मिली है. 2357 लोगों को 12 हजार से 14 हजार रुपये के बीच की नौकरी मिली है. 2522 लोगों का प्लेसमेंट 14 से 16 हजार रुपये प्रतिमाह पर हुआ है. 2052 लोगों का प्लेसमेंट प्रतिमाह 16 हजार रुपये से अधिक पर हुआ है.

*एक लाख 40 हजार 609 कर्मचारी स्थानीय की श्रेणी में नहीं*

**श्रम विभाग की ओर से 67 पदों पर निकाली गई वेकेंसी**

| निजी कंपनी | पोस्ट | रिक्तियां | प्रतिमाह वेतन (रुपये में) |
|---|---|---|---|
| कैपिटोल हिल | डीसीडीपी | 01 | 25,000 |
| हाइको प्राइवेट लिमिटेड | वेल्डर | 05 | 14,300 |
| हिमातसिंग ब्रदर्स | एक्समार्ट मैनेजर | 01 | 15,000 |
| नेशनल इंडस्ट्रीयल | वेल्डर | 01 | 9,600 |
| फोनिक्स इंजीनियर्स | फिटर | 02 | 20,000 |
| रांची ट्रस्ट हॉस्पीटल | ड्राइवर | 03 | 15,000 |
| रांची पेसेंट केयर सर्विस | नर्स | 30 | 9,000 |
| स्मार्ट सिक्यूरिटी सर्विस | सिक्योरिटी गार्ड | 02 | 9,600 |
| एसबीडब्ल्यू उद्योग | बीड़ी चेकर | 02 | 11,000 |
| टिमकेन इंजीनियर्स | लाइन इंजीनियर | 10 | 18,000 |
| उत्कर्ष इंटरप्राइसेस | इंजेक्शन मॉलडिंग | 10 | 15,314 |

---

# बंद पड़े एस्केलेटर पर माला चढ़ा कर दिया अंतिम संस्कार

## झारखंड हाईकोर्ट में वकीलों का अनोखा विरोध

संवाददाता। रांची

झारखंड हाईकोर्ट में पिछले कई दिनों से बंद पड़े एस्केलेटर का अंतिम संस्कार कर दिया गया. झारखंड हाईकोर्ट एडवोकेट एसोसिएशन की कार्यकारिणी द्वारा लिये गये निर्णय के बाद मंगलवार को हाईकोर्ट के एस्केलेटर पर फूल का माला चढ़ा कर सांकेतिक रूप से उसका अंतिम संस्कार कर दिया गया. इस दौरान हाईकोर्ट एडवोकेट एसोसिएशन की अध्यक्ष ऋतु कुमार, महासचिव नविन कुमार समेत कई अधिवक्ता मौजूद रहे. हाईकोर्ट एडवोकेट एसोसिएशन के महासचिव के मुताबिक, करोड़ों रुपये के खर्च से नये हाईकोर्ट भवन में एस्केलेटर लगाया गया था, ताकि वकीलों और हाईकोर्ट आने वाले अन्य लोगों को सुविधा हो. लेकिन, एस्केलेटर कई दिनों से खराब पड़ा है और अब तक उसे ठीक नहीं किया गया है.





**सर्राफा**

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 67,300 |
| चांदी (किलो) | 85,000 |


# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार





पेज 12



www.lagatar.in | रांची, बुधवार 08 मई 2024 बैशाख अमावस्या, संवत 2081 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ ~~6~~ ● वर्ष : 2, अंक : 29 | आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र


## ब्रीफ खबरें

### बंगाल में बारिश-तूफान का कहर, 12 की मौत



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में आंधी-तूफान और बिजली गिरने से भारी तबाही मची है. इसकी चपेट में आने से 12 लोगों की मौत हो गई. इस बीच, भारतीय मौसम विभाग के अनुमान ने चिंता और बढ़ा दी है. आईएमडी का कहना है कि अगले कुछ दिनों में आंधी-तूफान का सिलसिला जारी रह सकता है साथ ही, राज्य के कई जिलों में बिजली गिरने की चेतावनी जारी की गई है.

### चुनाव आयोग ने दिया भाजपा को झटका

**नयी दिल्ली।** निर्वाचन आयोग ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर भाजपा की कर्नाटक इकाई द्वारा साझा किए गए एक एनिमेटेड वीडियो को तुरंत हटाने का निर्देश दिया, जो मुस्लिम समुदाय के लिए आरक्षण विवाद से संबंधित है. एक्स के नोडल अधिकारी को लिखे पत्र में आयोग ने कर्नाटक के मुख्य निर्वाचन अधिकारी द्वारा वीडियो हटाने के लिए सोशल मीडिया मंच को दिए गए निर्देश का पालन नहीं करने पर आपत्ति जताई है.

### हरियाणा में 'खेला' सरकार अल्पमत में!

**चंडीगढ़।** लोकसभा चुनाव के बीच हरियाणा में सत्तारूढ़ भाजपा को झटका देते हुए तीन निर्दलीय विधायकों ने मंगलवार को घोषणा की कि उन्होंने राज्य में नायब सिंह सैनी के नेतृत्व वाली सरकार से अपना समर्थन वापस ले लिया है. यह चुनाव के बीच भाजपा के लिए बड़ा झटका है. पेज 12 भी देखें

### दो अखबारों व एजेंसी को पुलित्जर पुरस्कार

**न्यूयॉर्क।** अमेरिका के दैनिक समाचारपत्र द न्यूयॉर्क टाइम्स और द वाशिंगटन पोस्ट को वर्ष 2023 में गाजा में युद्ध से लेकर बंदूक हिंसा जैसी घटनाओं पर उल्लेखनीय कार्य के लिए सोमवार को तीन श्रेणियों में प्रतिष्ठित पुलित्जर पुरस्कार से सम्मानित करने का ऐलान किया गया. इसके अलावा समाचार एजेंसी द एसोसिएटेड प्रेस ने अमेरिका में वैश्विक स्तर पर प्रवासियों के आवागमन की कवरेज के लिए फीचर फोटोग्राफी श्रेणी में पुलित्जर पुरस्कार जीता है.

### टीआरएफ के कमांडर समेत दो आतंकी ढेर

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के कुलगाम जिले में मंगलवार को सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़ में लश्कर-ए-तैयबा से जुड़े संगठन टीआरएफ के शीर्ष कमांडर समेत दो आतंकवादी मारे गए. अधिकारियों के मुताबिक मारा गया द रेसिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ) का शीर्ष कमांडर पुलिसकर्मियों और आम नागरिकों की हत्या के कई मामलों में शामिल था.

## राहुल बोले

- जिस संविधान के जरिए आदिवासी, दलित और पिछड़ों को सारे अधिकार-सुविधा मिल रहे हैं, उसे ही ये बदलना चाहते हैं



### करोड़ों महिलाओं को लखपति बनाएंगे

राहुल गांधी ने कहा कि दस साल में नरेंद्र मोदी जी केवल 22 लोगों अरबपति बनाया. मगर मैं आपलोगों के लिए क्या करने जा रहा हूं, यह बताने आया हूं. हम वो काम करने जा रहे हैं, जो दुनिया की किसी सरकार ने नहीं किया. इंडिया गठबंधन करोड़ों महिलाओं को लखपति बनान जा रहा है. पूरे देश में गरीब परिवारों की लिस्ट बनेगी. उसमें सबसे अधिक आदिवासी, दलित और पिछड़े होंगे. इन्हें चिन्हित करके एक परिवार के एक महिला को सालाना एक लाख रुपए उनके खाते में देंगे.

### मनरेगा मजदूरों को 400 मिलेगा

आशा, आंगनबाड़ी में हमारी महिलाएं काम करती हैं. मनरेगा में 250 रुपए मिलता है. इंडिया की सरकार आने के बाद उन्हें 400 रुपया मिलेगा. आशा और आंगनबाड़ी महिलाओं की आमदनी दोगुनी कर देंगे.

### सरकारी-पब्लिक सेक्टर में ठेकेदारी प्रथा खत्म करेंगे

सरकारी और पब्लिक सेक्टर में आपको कभी भी नौकरी से निकाल-बाहर कर दिया जाता है. हम सरकारी और पब्लिक सेक्टर से ठेकेदारी प्रथा समाप्त कर देंगे. आदिवासी, दलित, ओबीसी, अल्पसंख्यकों को सरकारी और पब्लिक सेक्टर में नौकरी मिलेगी.

### ग्रेजुएट को पहली सरकारी नौकरी देंगे

हमारी सरकार ने पेसा कानून लाए, जमीन अधिग्रहण बिल लाए, वनाधिकार कानून लाएं, इन सब को भाजपा ने कमजोर किया. हम आपको जल, जंगल और जमीन का हक देंगे. आपकी जमीन वापस देंगे. जो भी ग्रेजुएट है, कॉलेज ग्रेजुएट, डिप्लोमा होल्डर, आदिवासी वर्ग, दलित वर्ग, पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यक, सामान्य वर्ग उनको हम पहले नौकरी का अधिकार देने जा रहे हैं. यह आपका अधिकार है. आठ हजार महीने आपको देंगे.

## राहुल गांधी ने चाईबासा में जोबा और बसिया में सुखदेव भगत के लिए की चुनावी जनसभा

# जल, जंगल और जमीन पर पहला हक आदिवासियों का : राहुल गांधी

आपको वनवासी कहते हैं ये, कल कहेंगे अब जंगल में जगह नहीं है आपके लिए, क्योंकि जंगल में अडाणी-अंबानी की हो चुकी है इंट्री

**विशेष संवाददाता। चाईबासा/बसिया**

कांग्रेस नेता एवं इंडिया गठबंधन के स्टार प्रचारक राहुल गांधी झारखंड में दो चुनावी सभा को संबोधित किया. राहुल ने चाईबासा में झामुमो प्रत्याशी जोबा मांझी और लोहरदगा के कांग्रेस प्रत्याशी सुखदेव भगत के लिए गुमला के बसिया में मंगलवार को दो चुनावी जनसभाओं को संबोधित किया. राहुल ने इस दौरान भाजपा और केंद्र की मोदी सरकार पर तीखे हमले किए. उन्होंने कहा कि जल, जंगल और जमीन के असली मालिक आदिवासी हैं. इन पर इनका ही पहला अधिकार है. मगर ये लोग आपका अधिकार छीनना चाहते हैं. जल, जंगल और जमीन पर मालिकाना हक कांग्रेस और इंडिया गठबंधन आपको देगा. उन्होंने कहा कि आप भाजपा वालों से पूछिएगा कि आपलोगों को ये आदिवासी नहीं वनवासी क्यों कहते हैं. वनवासी का मतलब होता है वन-जंगल में रहने वाला. वे आपका विकास नहीं चाहते हैं. नहीं चाहते हैं कि आप आदिवासी भी पढ़े-लिखें अफसर बनें, इंजीनियर बनें, डॉक्टर बने, लॉयर बनें, सरकारी नौकरी करें, बड़े-बड़े उद्योगपति बनें. कल ये लोग आपसे कहेंगे कि अब जंगल में भी आपके लिए जगह नहीं है, आप यहां से चले जाइए, आप जाकर भीख मांगो. क्योंकि अब तो जंगल में भी वनाधिकार कानून में संशोधन करके अडाणी-अंबानी और पूंजीपतियों की इंट्री ये लोग करा चुके हैं.

-शेष पेज 11 पर

### मैं, सीएम चंपाई, कल्पना सोरेन और पूरा झारखंड हेमंत के साथ, जल्द छूटेंगे जेल से



### संविधान को बदल कर आपके हर हक और अधिकार को ये छीनना चाहते हैं

राहुल गांधी ने कहा कि आज यह देश खड़ा है, लोकतंत्र जीवित है तो वह बाबा भीमराव अंबेडकर के संविधान के कारण. आदिवासी, दलित, पिछड़े, अल्पसंख्यकों को जो अधिकार मिले हैं, चाहे वो शिक्षा का अधिकार हो, नौकरी का अधिकार हो, पढ़ने-लिखने, खाने या फिर आरक्षण का अधिकार हो. ये लोग संविधान को बदल कर इसे छीनना चाहते हैं. कांग्रेस और इंडिया गठबंधन के लोग ऐसा होने नहीं देंगे. यह चुनाव, केवल चुनाव नहीं है, यह चुनाव देश, लोकतंत्र और संविधान बचाने का चुनाव है.

### मीडिया में आपके मुद्दे नहीं दिखाए जाएंगे

राहुल गांधी ने मीडिया पर भी जमकर प्रहार किया. उन्होंने कहा कि आज मीडिया की क्या स्थिति है. एक आदिवासी के मुंह में पेशाब कर दिया जाता है, उसे ये लोग नहीं दिखाएंगे. देश के असल मुद्दे को न दिखाएंगे न चर्चा कराएंगे. हां मगर अगर अडाणी के बेटे-बेटियों की शादी हो, स्टार के शादी हों, उसमें कौन क्या पहना है, क्या खाया है, उसे अवश्य दिखाएंगे. क्योंकि आपके मीडिया के कंपनी के मालिकों का नाम, पत्रकारों के नाम और एंकरों के नाम देखोगे तो एक भी आदिवासी, दलित और पिछड़ा नहीं मिलेगा.

### हिंदुस्तान को 90 लोग चलाते हैं, आदिवासी एक

राहुल गांधी ने कहा कि इस देश को 90 लोग चला रहे हैं.आईएएस अफसर है.पूरा-पूरा का बजट यही लोग बांटने हैं. किस विभाग में कितना जाएगा यही लोग तय करते हैं. झारखंड में भी कितना जाएगा, यही लोग तय करते हैं.आप हैरान हो जाएंगे, उन 90 लोगों में सिर्फ एक व्यक्ति आदिवासी है. सरकार में 90 लोगों में केवल आपका एक व्यक्ति है, वह जो अफसर है, दिल्ली में काम करता है, उसे पीछे और किनारे करके एक मंत्रालय दे दिया जाता है.



### अपने वोट से हेमंत को जेल भेजने का जवाब दें : कल्पना

कल्पना सोरेन ने कहा कि यह धरती सिंहभूम है. सिंहभूम का मतलब क्या होता है. शेर. तो मुझे लगता है कि यहां लाखों की संख्या में शेर और शेरनी आएं हुए हैं. सिंह और सिंहनिया बैठी हैं. ऐसी दहाड़ दीजिए कि जितनी तानाशाही ताकतें खड़ी हैं, हमलोगो को कुचलने के लिए और हमलोगों को तोड़ने और झुकाने के लिए. उन्हें जवाब देना है. हमें मजबूती से खड़ा रहना है. इसलिए मजबूती से बोलिए, जय झारखंड. यह नारा नहीं है, यह आत्म स्वाभिमान है और इसे कुलचने का प्रयास किया गया. हमारे लोकप्रिय पूर्व सीएम हेमंत सोरेन को जेल में डालकर वह भी गलत आरोप में. क्या आपको लगता है कि चुनाव से पूर्व जेल में डाल देना उचित था. इसलिए आप वोट की चोट से इंडिया गठबंधन को मजबूती प्रदान करें.

### 2014 से पूरे देश में हो रही है झूठ की खेती : सीएम

मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने कहा है कि 2014 से पूरे देश में झूठ की खेती हो रही है. भाजपा ने ने झारखंड में सबसे ज्यादा शासन किया, लेकिन झारखंड को अलग दिशा में ले गए. सीएम मंगलवार को बसिया में राहुल गांधी के साथ जनसभा को संबोधित कर रहे थे. उन्होंने कहा कि झारखंड में पिछड़ेपन की जिम्मेदार बीजेपी है. रोजगार और आदिवासी मूलवासी कल्याण की बात नहीं करते. 10 साल से केवल जुमलेबाजी हो रही है. उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि पांच साल में मिला एक मौका नहीं गंवाना है. उन्हें सत्ता से बेदखल करना है. वे झारखंड के किसानों का हित नहीं सोचते. मुट्ठी भर पूंजीपति के लिए सरकार है.

-शेष पेज 11 पर

## कसा शिकंजा : दूसरे दिन भी पांच ठिकानों पर ईडी ने की छापेमारी

# कांट्रेक्टर राजीव सिंह के ठिकाने से डेढ़ करोड़ बरामद

**सौरभ सिंह/ विनीत उपाध्याय। रांची**

सरकार के मंत्री आलमगीर आलम के आप्त सचिव संजीव लाल और उसके नौकर जहांगीर समेत कई लोगों के ठिकानों पर ईडी ने सोमवार को रेड की थी. दूसरे दिन मंगलवार को भी ईडी की टीम ने पांच नये ठिकानों पर रेड मारी.

रेड के दौरान हटिया के सिंहमोड़ स्थित मेकॉन वाटिका के फ्लैट में रहने वाले कॉन्ट्रेक्टर राजीव सिंह के घर से ईडी ने डेढ़ करोड़ रुपए बरामद किये है. इसके अलावा ईडी ने आईटीआई बस स्टैंड के पास ग्रामीण विकास एक इंजीनियर के घर, कांके के पतराटोली इंजीनियर अजय मुंडा नाम के व्यक्ति के घर और अजय मुंडा के रिश्तेदार के बीआईटी केदल स्थित घर पर पहुंच कर रेड की. साथ ही रातू के फन कैसल के पास स्थित एक घर में भी छापेमारी की. हालांकि ईडी की तरफ से इस संबंध में कोई आधिकारिक जानकारी नहीं दी गयी है. बता दें कि ईडी ने सोमवार को भी बीरेंद्र राम से जुड़े मामले में रांची के अलग-अलग नौ ठिकानों पर छापा मारा था. जहां से उन्हें करीब 39 करोड़ की राशि बरामद हुई थी. ये छापेमारी मंत्री आलमगीर आलम के पीएस संजीव लाल और उनके नौकर जहांगीर आलम, मुन्ना सिंह समेत कई लोगों के ठिकानों पर हुई थी.

छापेमारी और पूछताछ के बाद ईडी ने देर रात संजीव लाल और उनके नौकर को गिरफ्तार कर लिया. सोमवार की छापेमारी में सबसे ज्यादा कैश की बरामदगी जहांगीर के घर से हुई थी. वह हरमू रोड के सर सैयद रेसिडेंसी के ब्लॉक-बी के फ्लैट नंबर-1ए में रहता है. छापेमारी के दायरे में मंत्री आलमगीर आलम के पीएस संजीव लाल, जहांगीर, इंजीनियर कुलदीप मिंज, इंजीनियर विकास कुमार और बिल्डर मुन्ना सिंह आए थे.

### मंत्री आलमगीर के पीएस संजीव लाल और नौकर जहांगीर आलम गिरफ्तार



### संजीव लाल और जहांगीर 7 दिन की ईडी की रिमांड पर

ईडी ने मंत्री आलमगीर आलम के पीएस संजीव लाल और उसके सहायक जहांगीर को गिरफ्तार कर लिया है. दोनों की गिरफ्तारी सोमवार की देर रात हुई. मंगलवार को ईडी ने संजीव लाल और जहांगीर आलम को विशेष कोर्ट में पेश किया. एजेंसी ने रांची पीएमएलए की विशेष कोर्ट से संजीव लाल और जहांगीर से पूछताछ करने के लिए 10 दिनों की रिमांड की मांग की. बाद में कोर्ट ने सात दिनों की रिमांड की मंजूरी दी.

## चुनावी समर 2024

### मोदी बोले: इंडी को जनता की चिंता नहीं

# कांग्रेस की मंशा खतरनाक



**खरगौन (मप्र)।** पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि लोगों को यह तय करना होगा कि देश वोट जिहाद से चलेगा या रामराज्य से. मोदी ने विपक्षी कांग्रेस पर निशाना साधा और कहा कि उसकी मंशा बहुत खतरनाक है और वह उनके खिलाफ वोट जिहाद का आह्वान करती है. भारत इतिहास के एक महत्वपूर्ण मोड़ पर है. विपक्ष के इंडी गठबंधन को जनता के भाग्य की चिंता नहीं है. वे अपने परिवार को बचाने के लिए चुनाव लड़ रहे हैं. विरोधियों पर निशाना साधते हुए मोदी ने कहा कि जैसे ही मैंने इनके एजेंडे को उजागर किया, इन्होंने मेरे खिलाफ गालियों का शब्दकोष खाली कर दिया.

### लालू बोले: भाजपा संविधान खत्म कर देगी

# मुस्लिमों को भी आरक्षण मिले



**पटना।** राजद के प्रमुख लालू प्रसाद यादव ने केंद्र सरकार पर संविधान और लोकतंत्र को कमजोर करने का प्रयास का आरोप लगाया है. मीडिया से बातचीत में लालू ने मुसलमानों के लिए आरक्षण पर अपना समर्थन जताते हुए कहा, मुसलमानों को आरक्षण तो मिलना ही चाहिए. लालू प्रसाद ने केंद्र सरकार पर संविधान और लोकतंत्र को कमजोर करने का आरोप लगाया. कहा, वोटर हमारे पक्ष में हैं. वे कह रहे हैं कि मोदी आये, तो जंगल राज आएगा क्योंकि वे डरे हुए हैं. भाजपा के लोग भड़काने की कोशिश कर रहे हैं. राजद प्रमुख ने कहा कि मुसलमानों को हम धर्म के आधार पर नहीं उनके आर्थिक हालात को देख कर आरक्षण के पक्षधर हैं.

### खरगे की चिंता: साथी विपक्षी नेताओं को पत्र

# चुनाव आयोग पर नजर रखें



**नयी दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने इंडिया गठबंधन के घटक दलों के नेताओं को पत्र लिख कर चुनाव आयोग द्वारा हाल में ही जारी मतदान आंकड़ों में कथित विसंगतियों पर सवाल उठाये हैं. खड़गे ने पत्र में सहयोगी नेताओं से आग्रह किया कि वे इसके खिलाफ जोरदार आवाज उठाएं. हमारा उद्देश्य एक जीवंत लोकतंत्र की संस्कृति और संविधान की रक्षा करना है. हमें भारत के निर्वाचन आयोग की स्वतंत्रता सुनिश्चित करनी होगी और इसे जवाबदेह बनाना होगा. इसके लिए सामूहिक प्रयास होना चाहिए.

## लोकसभा चुनाव सबसे ज्यादा असम में 75.01% और सबसे कम मतदान महाराष्ट्र में 53.90%

# तीसरा चरण : 93 सीटें... 60.68 फीसदी मतदान


**एजेंसी। नयी दिल्ली**

लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण में मंगलवार को 11 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की 93 संसदीय सीटों पर 60.68% से अधिक मतदान हुआ है. छिटपुट हिंसा व कुछ बूथों पर ईवीएम की खराबी को छोड़ दें, तो मतदान आमतौर पर शांतिपूर्ण रहा.

अब तक पहले तीन चरणों में 280 से अधिक निर्वाचन क्षेत्रों मतदान हो चुका है यानी की कुल सीटों में से आधी से अधिक पर वोट संपन्न हो गया. बाकी बचे चार चरणों में 263 सीटों के लिए वोट पड़ेंगे. गुजरात (25 सीट, क्योंकि सूरत सीट बीजेपी निर्विरोध जीत चुकी है) और गोवा (2) समेत केंद्र शासित प्रदेशों दादरा और नगर हवेली व दमन और दीव (1-1 सीट) में एक ही चरण में मतदान पूरा हुआ. तीसरे चरण में मतदान वाली अन्य सीटों में असम की 4, बिहार 5, छत्तीसगढ़ की 7, एमपी की 8, महाराष्ट्र 11, यूपी की 10 और बंगाल की 4 सीटें शामिल हैं. इस चरण में ध्यान देने योग्य प्रमुख निर्वाचन क्षेत्रों में गुजरात की गांधीनगर और महाराष्ट्र की बारामती सीटें शामिल हैं. गांधीनगर से गृह मंत्री अमित शाह के सामने कांग्रेस की सोनल पटेल लड़ रही हैं और बारामती से शरद पवार की बेटी सुप्रिया सुले अपने भाई अजीत पवार की पत्नी सुनेत्रा पवार से मुकाबला कर रही हैं.तीसरे चरण में अन्य हॉट सीटें मध्य प्रदेश की विदिशा और गुना हैं. विदिशा से भाजपा ने पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को टिकट दिया है.



| राज्य- | मतदान (प्रतिशत में) |
|---|---|
| असम | 74.89 |
| बिहार | 56.01 |
| छत्तीसगढ़ | 66.87 |
| दादरा नगर हवेली | 65.23 |
| गोवा | 72.52 |
| गुजरात | 55.22 |
| कर्नाटक | 66.05 |
| मध्य प्रदेश | 62.28 |
| महाराष्ट्र | 53.40 |
| उत्तर प्रदेश | 55.13 |
| पश्चिम बंगाल | 79.93 |



### केजरीवाल को धन शोधन मामले में नहीं मिली तत्काल राहत

**नयी दिल्ली।** दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल को मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट से कोई राहत नहीं मिली. दो जजों की पीठ ने चुनाव में प्रचार करने के लिए उन्हें अंतरिम जमानत देने पर कोई आदेश नहीं सुनाया. केजरीवाल पर कथित आबकारी नीति घोटाले से जुड़े एक मामले में धन शोधन का आरोप लगाया गया है.

न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और दीपांकर दत्ता की पीठ ने सुनवाई के दौरान अंतरिम जमानत देने पर अपना आदेश सुरक्षित रख लिया था. पीठ ने यह भी कहा था कि वह अपराह्न दो बजे फैसला सुनाएगी, लेकिन फैसला नहीं सुनाया. पीठ ने अधिवक्ता अभिषेक सिंघवी और अति. सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू की दलीलें सुनने के बाद अपना फैसला सुरक्षित रख लिया.

## ब्रीफ खबरें

### छवि रंजन की न्यायिक हिरासत अवधि बढ़ी

**रांची।** बरियातू की सेना के कब्जे वाली जमीन की अवैध तरीके से खरीद-बिक्री में शामिल निलंबित आईएएस अधिकारी छवि रंजन सहित नौ आरोपितों की जेल से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से ईडी कोर्ट में पेशी हुई. ईडी के विशेष न्यायाधीश राजीव रंजन की अदालत ने मंगलवार को सभी आरोपितों की न्यायिक हिरासत अवधि बढ़ा दी है. अदालत ने अगली पेशी की तिथि 21 मई निर्धारित की है. मामले भानु प्रताप प्रसाद, प्रदीप बागची, दलाल रिम्स कर्मी अफसर अली, इम्तियाज अहमद, सद्दाम हुसैन, तल्हा खान, फैयाज अहमद एवं अमित अग्रवाल आरोपित शामिल हैं.

### टीपीसी उग्रवादियों के खिलाफ अभियान

**रांची।** बुढ़मू थाना क्षेत्र में टीपीसी उग्रवादियों के खिलाफ मंगलवार को अभियान चलाया गया. एसएसपी चंदन सिन्हा को बुढ़मू इलाके में टीपीसी उग्रवादियों के जमावड़े की सूचना मिली थी. जिसके बाद खलारी डीएसपी के नेतृत्व में छापेमारी अभियान चलाया गया. पुलिस की भनक लगते ही उग्रवादी जंगल में भागने लगे. पुलिस टीम ने दूर तक इनका पीछा किया गया, लेकिन उग्रवादी घने जंगल और पहाड़ का लाभ उठाकर भागने में सफल रहे. पुलिस उग्रवादियों द्वारा प्रयुक्त एक लूटी हुई बाइक बरामद की.

### कई लोगों ने थामा भाजपा का दामन

**रांची।** अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों ने मंगलवार को भाजपा का दामन थामा. मोहम्मद अनवर अपने समर्थकों के साथ भाजपा में शामिल हुए. मोहम्मद अनवर का स्वागत रांची के विधायक सीपी सिंह ने पट्टा पहना कर किया. मौके पर मो. रब्बानी, जोनी वाकर राजा अंसारी, एस्टीया खान, रफीक अंसारी, अब्दुल खान, सेराज खान, समीम अंसारी, खलील खान, साकिब अंसारी, रुस्तम अंसारी, चेतन साहू, कुमार साहू, रवींद्र जायसवाल, पारस, नीमूल, कामाख्या, अजय, अविनाश, संजय संग कई लोगों ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की.

### #मैं भी इलेक्शन एंबेसडर कर रहा ट्रेंड

**रांची।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार के कार्यालय द्वारा # मैं भी इलेक्शन एंबेसडर अभिया हैशटैग अभियान ट्वीटर (एक्स) पर मंगलवार शाम में ट्रेंडिंग में आ गया. इसके लिए मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने इस अभियान से जुड़े सभी मतदाताओं, पदाधिकारियों, कर्मचारियों एवं सोशल मीडिया के इंफ्लुएंसर को धन्यवाद कहा.रवि कुमार ने कहा कि लोकतंत्र के इस महापर्व में मतदान के प्रति मतदाताओं को प्रेरित करने के लिए आयोजित इस सफल अभियान में सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफॉर्म पर लाखों की संख्या में पोस्ट हुए.

### मरांडी की आज सिमडेगा में सभा

**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी बुधवार को खूंटी लोकसभा क्षेत्र में बूथ स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करेंगे. कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन सिमडेगा के ठेठईटांगर प्रखंड के टुकुपानी बगीचा में दोपहर 12 बजे से किया गया है.सम्मेलन में लोकसभा क्षेत्र प्रभारी डॉ रवींद्र राय, खूंटी से एनडीए प्रत्याशी एवं केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, जिलाध्यक्ष लक्ष्मण बड़ाईक, विधानसभा क्षेत्र प्रभारी (सिमडेगा) शैलेंद्र सिंह, विधानसभा क्षेत्र प्रभारी (कोलेबिरा) श्यामलाल शर्मा सिमडेगा एवं कोलेबिरा विधानसभा क्षेत्र के कार्यकर्ता उपस्थित रहेंगे.

## आजसू पार्टी प्रमुख बोले- जनजातीय समाज का विकास राज्य सरकार की प्राथमिकता में कभी रहा ही नहीं

# गठबंधन सरकार ने राज्य की अर्थव्यवस्था पर डाका डाला है : सुदेश

**प्रमुख संवाददाता। रांची**

जनजातीय समाज का विकास राज्य सरकार की प्राथमिकता में कभी रहा ही नहीं. इनका उद्देश्य सिर्फ तुष्टीकरण की राजनीति करना है. यह सरकार जनजाति वर्ग का इस्तेमाल अपनी राजनीतिक रोटियां सेंकने के लिए कर रही है, लेकिन अब ऐसा नहीं होगा. इस समाज के गौरवपूर्ण विरासत को सुरक्षित और अक्षुण्ण रखते हुए उनके विकास के लिए कार्य करना हमारा दायित्व है. उक्त बातें पार्टी अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने बुंडू स्थित पार्टी कार्यालय में आयोजित एनडीए की बैठक में कही. उन्होंने कहा कि इंडी गठबंधन राज्य की अर्थव्यवस्था पर डकैती किया है. राज्य को खोखला कर दिया है. राज्य का आलम देख रही है जनता. ये सरकार राज्य के बेरोजगार युवाओं का गुनहगार है.

**इन्होंने ली सदस्यता :** चरण उरांव, कारण उरांव, भकतु उरांव, अशोक दास, पुरनु मुंडा, जितेन उरांव, अजीत मुंडा, दिलीप यादव, मुकेश उरांव, शालित उरांव, समीर उरांव, विष्णु उरांव, मुकेश उरांव, लालू उरांव, मुनिश उरांव, लखिन्द्र उरांव, अजीत उरांव, दीपक उरांव, पिंकी कुमारी, पूजा देवी, सनोका देवी, पुष्पा देवी, सुपति देवी, कोकिला देवी, विशोला देवी (अड़की), विशोला देवी (बुंडू), कुसुम देवी, बसंती कुमारी, सुनीता कुमारी, प्रदीप महतो समेत अन्य कई लोगों ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की.



### कार्यकर्ताओं की मेहनत व जनसमर्थन से लिखेंगे जीत की पटकथा : अर्जुन

केंद्रीय मंत्री सह एनडीए के खूंटी लोकसभा प्रत्याशी अर्जुन मुंडा ने कहा कि एनडीए का हरेक कार्यकर्ता नरेंद्र मोदी को फिर से एकबार प्रधानमंत्री बनाने के लिए मेहनत कर रहा है. इस परिश्रम का सुखद परिणाम चार जून को देखने को मिलेगा. कार्यकर्ताओं की मेहनत और जनता के आशीर्वाद से जीत की पटकथा लिखी जाएगी. खूंटी की जनता देश में सुशासन और दूरगामी लक्ष्य रखने वाली सरकार बनाने के लिए अपना मतदान हमारे पक्ष में अवश्य करेगी. मौके पर केंद्रीय मंत्री सह खूंटी लोकसभा से एनडीए प्रत्याशी अर्जुन मुंडा मुख्य रूप से उपस्थित रहें.

**गुनाह की सजा लोकतंत्र की अदालत में मिलेगी : महतो**

सुदेश ने कहा कि गुनाह की सजा लोकतंत्र की अदालत में मिलेगी. साढ़े चार साल के कार्यकाल में सरकार ने भ्रष्टाचार का रिकॉर्ड बनाया है. इन्होंने अपने कारनामों से राज्य का नाम पूरे देश में बदनाम किया है. नीति, नियोजन का वादा कर सत्ता में आने वाले लोग खान संपदा को लूटने में मग्न हैं. जनता के विश्वास पर खरा उतरते हुए हम आपसी समन्वय और साझेदारी के साथ खूंटी समेत राज्य की सभी 14 लोकसभा सीटों पर एनडीए की जीत सुनिश्चित करेंगे.

## प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल ने सीएम चंपाई सोरेन को पत्र लिखा, कहा

# ईडी की छापेमारी में मुख्य सचिव का पत्र मिलना गंभीर मामला

**प्रमुख संवाददाता। रांची**

बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन को पत्र लिखा है. पत्र में कहा है कि ईडी रेड के दौरान ईडी कार्यालय द्वारा मुख्य सचिव को लिखे गए पत्र की प्रति मिलना एक गंभीर मामला है. इस पर बिना देर किए प्राथमिकी दर्ज कराते हुए पूरे मामले की सीबीआई से जांच कराने की अनुशंसा करें. अन्यथा यह माना जाएगा कि भ्रष्टाचार के इस गंभीर मामले में आप चुप रहे और यह सब कुकृत्य देखते रहे. झारखंड की जनता भी आपसे यह सवाल पूछेगी. अगर आप और मुख्य सचिव यह सब जानने और संज्ञान में आने के बाद भी उपरोक्त कार्रवाई के अनुरोध पर कार्रवाई नहीं करेंगे तो देर-सबेर आप भी इस गंभीर मामले में आपराधिक षड्यंत्र का आरोपी बनने से बच नहीं पायेंगे.

**देशभर में हो रही है चर्चा :** मरांडी ने पत्र में लिखा है कि देशभर में नोट के बंडल के साथ मुख्य सचिव का पत्र मिलने की चर्चा हो रही है. झारखंड सरकार भ्रष्टाचार में डूबा हुआ है. मुझे विश्वास है कि आप भी यह देखकर आश्चर्य चकित होंगे. आगे लिखा है कि प्रवर्तन निदेशालय, रांची द्वारा दिनांक 8 मई 2023 को मुख्य सचिव, झारखंड को पत्र लिखा जाता है और दूसरे दिन 9 मई को मुख्य सचिव द्वारा ग्रामीण कार्य विभाग के सचिव को कार्रवाई का आदेश दिया जाता है. आश्चर्य है कि सचिव ने इस संवेदनशील मामले में कार्रवाई करने में कोई रूचि नहीं दिखाई. गंभीर मामला यह भी है कि ईडी द्वारा लिखा गया गोपनीय पत्र मंत्री के निजी सचिव के कर्मचारी जहांगीर आलम के घर से ईडी की छापेमारी में नोटों के बंडल में मिलता है. जिस पत्र के आधार पर सचिव को भ्रष्टाचारियों पर कार्रवाई करनी थी, इसे ही दबाकर भ्रष्टाचार के जरिए अकूत सम्पत्ति अर्जित करने का धंधा चलता रहा. एक तो भ्रष्टाचार करना और दूसरी ओर गोपनीय पत्र नौकर के आवास में नोटों के बंडल में मिलना अति गंभीर मामला है.



**पत्र के जरिए ये उठाए सवाल**

बाबूलाल मरांडी ने सवाल उठाते हुए सीएम से पूछा है कि आखिर यह गोपनीय पत्र मंत्री के निजी सचिव के आवास में कैसे पहुंचा. इसमें किस पदाधिकारी की भूमिका है. जांच कराना आवश्यक है. साथ ही इस पत्र के संज्ञान पर भ्रष्टाचारियों पर कार्रवाई होनी थी, उन्हें बचाया गया, इस षड्यंत्र में किसकी-किसकी भूमिका है? झारखंड की जनता को इसे जानने का अधिकार है. मुझे उम्मीद है कि आप इस मामले को गंभीरता से लेंगे.

## राहुल गांधी बताएं और कितने कांग्रेस नेताओं के पास पैसे रखे हुए हैं : नेता प्रतिपक्ष बाउरी

**प्रमुख संवाददाता। रांची**

नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने कहा कि मैं कांग्रेस विधायक दल के नेता आलमगीर आलम और राहुल गांधी से यह जानना चाहता हूं कि कांग्रेस विधायक दल के नेता आज उनकी सभा में क्यों नहीं दिखे? वे कहां छुपे हुए हैं? झारखंड और झारखंडियों के लुटे हुए पैसे का जो नंगा नाच इस महागठबंधन की सरकार में किया जा रहा है, उससे पूरा झारखंड शर्मसार हो रहा है. पैसों की गड्डी का पहाड़ जिस तरह से झारखंड में मिल रहा है, उससे कहा जा सकता है कि इसकी नींव कांग्रेस ने आजादी के बाद से ही रख दी थी. बाउरी मंगलवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में बोल रहे थे. उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार, तुष्टीकरण और परिवारवाद की जननी यह कांग्रेस पार्टी ही है, जो लगातार देश के संसाधनों को दीमक की तरह खा कर खोखला कर रही है. उन्होंने कहा कि यदि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथ में पिछले 10 वर्षों से देश की बागडोर नहीं होती तो यह स्थिति और भी भयावह हो गयी होती.



**खास बातें**

- जीत हासिल कराने के लिए हवाई मार्ग से पैसे भेजे जा रहे
- जहांगीर का आलमगीर से संबंध का हो खुलासा

उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि जेल के अंदर से ही हेमंत सोरेन अपने कार्यकर्ताओं और अधिकारियों से फोन पर बात कर रहे हैं. इन सब पर अंकुश लगाना जरूरी है.

**राहुल गांधी को बताना चाहिए कि पैसे किसके हैं :** नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि राहुल गांधी को यह बताना चाहिए कि पैसे किसके हैं. जहांगीर आलम का आलमगीर आलम जी के साथ क्या संबंध है. वह यह भी बताएं कि और कितने कांग्रेस नेताओं के पास पैसे रखे हुए हैं. क्या यह सारे पैसे चुनाव में दुरुपयोग के काम में आने वाले थे. क्या कारण है कि खेल गांव में एक हेलीकॉप्टर रखा हुआ है. क्या हेमंत सोरेन एक महारानी को गांडेय उपचुनाव में जीत हासिल करवाने के लिए हवाई मार्ग से पैसे भेज रहे हैं. हेमंत सोरेन विक्टिम कार्ड खेल रहे हैं. झारखंड उच्च न्यायालय के बाद सुप्रीम कोर्ट से भी उनकी याचिका खारिज कर दी गई है, जो बतलाता है कि भ्रष्टाचार के खिलाफ चल रहे इस मामले में जांच सही दिशा में चल रही है. राजद के सुप्रीमो लालू यादव के बयान पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए उन्होंने कहा कि इंडी अलायंस का घोषणा पत्र मुस्लिम ध्रुवीकरण को बढ़ावा देने का काम कर रही है. जिसे देश की जनता कभी भी पूरा नहीं होने देगी.



## मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने किया बुंडू में बूथों का निरीक्षण, दिया निर्देश

**संवाददाता। रांची**

**खास बातें**

- मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिये बीएलओ के कार्यों की समीक्षा
- निर्वाचन कार्यों की तैयारी में तेजी लाने का दिया निर्देश

झारखंड के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार कम मतदान प्रतिशत वाले बूथों पर मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए लगातार निरीक्षण कर निर्देश दे रहे हैं. इसी कड़ी में मंगलवार को रांची के बुंडू प्रखंड क्षेत्र के दो मतदान केन्द्रों का उन्होंने निरीक्षण किया.

उन्होंने बुंडू के राजकीयकृत प्राथमिक विद्यालय प्रखंड कॉलोनी के मतदान केंद्र संख्या 69 और राजेंद्र आश्रम कन्या मध्य विद्यालय के मतदान केन्द्र संख्या 72 का निरीक्षण किया. उन्होंने मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर बीएलओ द्वारा वोटर इन्फॉर्मेशन स्लिप का वितरण, मतदाता मार्गदर्शिका के वितरण व अब्सेंट, शिफ्ट, डेथ (एएसडी) सूची के अद्यतीकरण कार्य की गहराई से छानबीन की. उपरोक्त कार्य में शिथिलता मिलने पर नाराजगी जतायी.

**पदाधिकारी की लापरवाही मिली तो होगी कार्रवाई :** इससे आगे मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि अगर संबंधित पदाधिकारी की लापरवाही से किसी भी मतदाता को अपने मताधिकार के प्रयोग में परेशानी की शिकायत आई, तो कड़ी कार्रवाई होगी. निर्वाचन से संबंधित सभी कार्य समय पर संपन्न कराए जाने के लिए सभी जिलों के लिए कैलेंडर तय है. जिनकी भी जहां जिम्मेवारी है उन्हें निर्धारित समय से पूरा करना है. उन्होंने निर्वाचन कार्य की तैयारी में गति लाने का निर्देश दिया. साथ ही शिथिलता बरते जाने को लेकर संबंधित पदाधिकारियों को कार्रवाई की चेतावनी दी. उन्होंने मतदाता मार्गदर्शिका और वोटर इन्फॉर्मेशन स्लिप के वितरण में तेजी लाते हुए शत प्रतिशत वितरण सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया. साथ ही एएसडी की अपूर्ण सूची को शीघ्र पूर्ण करने का निर्देश दिया. उन्होंने मतदाताओं की सहायता के लिए नियुक्त किये जाने वाले वालिंटियर से संबंधित सूची और मतदान केंद्र जागरूकता समूह की सूची का भी अवलोकन कर इसे पूर्ण करने का निर्देश दिया.

### चुनाव को लेकर पुलिस पर्यवेक्षक ने की बैठक दिये कई दिशा निर्देश

**रांची।** लोकसभा चुनाव को स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण समापन के लिए आईपीएस सह रांची लोकसभा क्षेत्र के पुलिस पर्यवेक्षक जलिन्दर डी सुपेकर ने मंगलवार को एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा सहित अन्य वरीय अधिकारियों के साथ बैठक की. इस दौरान पुलिस पर्यवेक्षक ने चुनाव को लेकर की गयी तैयारियों की समीक्षा की. बैठक में पुलिस पर्यवेक्षक के जरिए आदर्श आचार संहिता के दौरान जिला पुलिस की ओर से किये जा रहे कार्यों की समीक्षा की गई. अवैध शराब के निर्माण, भंडारण और व्यापार के विरुद्ध पुलिस एवं उत्पाद विभाग की संयुक्त टीम के जरिए छापेमारी, मादक पदार्थों की खरीद-बिक्री और भंडारण एवं उसमें संलिप्त व्यक्तियों के खिलाफ छापेमारी, शास्त्र अधिनियम के तहत आरोप पत्रितों के खिलाफ कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया.

## बरियातू पेट्रोल पंप से हिल व्यू चौक तक हटाये गये अतिक्रमण



**संवाददाता। रांची**

नगर प्रशासक के आदेशानुसार, रांची नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत सड़कों को जाम मुक्त व अतिक्रमण मुक्त करने के लिए लगातार अतिक्रमण मुक्त अभियान चलाया जा रहा है. इसी क्रम में मंगलवार को रांची नगर निगम ने अतिक्रमण मुक्त अभियान बरियातू पेट्रोल पंप से हिल व्यू चौक होते हुए बूटी मोड़ तक दंडाधिकारी व पुलिस बल की उपस्थिति में चलाया. इस दौरान अवैध रूप से लगाए गए अस्थायी दुकानों को जेसीबी से हटाया गया. साथ ही सामान जब्त किया गया तथा नो वेंडिंग जोन में खड़े दुकानों, ठेला-खोमचा, गुमटी और बांस-बल्ली को हटाया गया. वहीं सड़क के किनारे अतिक्रमण करने वालों पर कार्रवाई करते हुए 6 ठेलो को जब्त किया. बता दें अतिक्रमण मुक्त अभियान के पूर्व सभी दुकानदारों और विक्रेताओं को माइकिंग के माध्यम से खुद अतिक्रमण हटाने का निदेश निगम द्वारा दिया गया था. लेकिन जब दुकानदारों ने दुकान नहीं हटायी तो निगम ने कार्रवाई करते हुए सामान जब्त किया गया.

### रांची से चोरी हुआ ऑटो बक्सर से बरामद, तीन चोरों को किया गिरफ्तार

**रांची।** अरगोड़ा थाना पुलिस ने चोरी के ऑटो को बिहार के बक्सर के नवाबाजार थाना क्षेत्र से बरामद करते हुए तीन चोर को गिरफ्तार किया है. गिरफ्तार चोरों में जितेंद्र यादव, अरविंद यादव और शंकर यादव शामिल हैं. इनके पास से चोरी का ऑटो बरामद किया गया है. डीएसपी अमर पांडेय ने बताया कि 7 जनवरी को राकेश शर्मा ने थाने में ऑटो चोरी होने का मामला दर्ज कराया था.

**जदयू के पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष अशोक चौधरी निष्कासित : रांची।** जदयू के पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष सह संथाल परगना प्रमंडल प्रभारी अशोक चौधरी को छह वर्ष के लिए निष्कासित कर दिया गया है. चौधरी पर जदयू पार्टी के विरोध में बैठक बुलाने, प्रदेश नेतृत्व के ख़िलाफ़ बयान देने, पार्टी के अनुशासन को भंग करने और दल विरोधी गतिविधि में शामिल होने का आरोप है.

## पत्रकार से अभद्रता मामले में प्रेस क्लब का प्रतिनिधिमंडल डीजीपी व सीईसी से मिला





**संवाददाता। रांची**

गत दिनों रांची प्रेस क्लब के कार्यकारिणी सदस्य व पत्रकार सौरभ शुक्ला के साथ रांची के सीनियर एसपी ने अभद्रता की थी, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रांची दौरे के दौरान न्यूज कवरेज कर रहे थे उस दौरान उनकी माइक आईडी छीन ली थी. इस घटना की कड़ी भर्त्सना करते हुए रांची प्रेस क्लब के प्रतिनिधिमंडल ने झारखंड के डीजीपी अजय कुमार सिंह व झारखंड के मुख्य निर्वाचन आयुक्त के रविकुमार से मुलाकात कर उनसे कार्रवाई की मांग की है. इस बाबत प्रेस क्लब के अध्यक्ष सुरेंद्र लाल सोरेन ने कहा कि विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस के मौके पर एक वरिष्ठ पत्रकार के साथ एसएसपी द्वारा दुर्व्यवहार दुर्भाग्य जनक है, जिसकी प्रेस क्लब कड़ी निंदा करता है. उन्होंने मांग किया कि राज्य की पुलिस पत्रकारों के साथ शालीनता से पेश आए. डीजीपी व मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने प्रतिनिधिमंडल को जांच कर कार्रवाई का आश्वासन दिया है. ज्ञापन सौंपने देने वालों में प्रेस क्लब के अध्यक्ष सुरेन्द्र लाल सोरेन, सचिव अमरकांत, उपाध्यक्ष धर्मेंद्र गिरी, कोषाध्यक्ष कुबेर सिंह, कार्यकारिणी सदस्य सौरभ शुक्ला, चंदन भट्टाचार्य, क्लब के पूर्व सचिव सह वरिष्ठ पत्रकार अखिलेश सिंह व अमन मिश्रा शामिल थे.

**महंगाई की मार** हर वर्ग के किचन में आलू की अहमियत, गरीबों के लिए हर मौसम में यही एकमात्र सब्जी

# एक माह में डेढ़ गुना महंगा हुआ सब्जियों का राजा आलू

**रेहान अहमद। रांची**

सब्जियों में आलू को ही राजा कहा जाता है. क्योंकि आलू एक ऐसी सब्जी है, जिसे हर कोई इस्तेमाल करता है. चाहे अमीर हो, या फिर मध्यम वर्गीय या गरीब. गरीबों के लिए तो हर मौसम में आलू ही एकमात्र सब्जी होती है. इस आलू की कीमत एक माह में डेढ़ गुणी हो गयी है. रांची में सफेद आलू की कीमत एक माह पहले 16 रुपये प्रति किलो थी, जो अब 25 रुपये प्रति किलो बिक रही है. इसी तरह लाल आलू की कीमत एक माह पहले जहां 18 रुपये प्रति किलो थी, वहीं अब 30 रुपये किलो बिक रही है. हालांकि पिछले एक माह के दौरान दूसरी सब्जियों के मूल्य या तो नहीं बढ़े हैं या फिर कीमत में कमी आयी है. आलू की कीमत को लेकर हमने डेली मार्केट सब्जी मंडी की बुधनी देवी व डब्लू से बात की. जब हमने पूछा कि सब्जियों में आलू की कीमत इतनी क्यों बढ़ गई? क्या इस बार आलू की उपज कम हुई है? इसके जवाब में उन्होंने बताया कि उपज तो ठीक हुई है, लेकिन गर्मी के कारण आलू को कोल्ड स्टोरेज में रख दिया गया है. इसलिए कीमत बढ़ गई है. हमें ही महंगा मिल रहा है, तो हम भी महंगा करने को मजबूर हैं.



**डेली मार्केट सब्जी मंडी**

| सब्जी | प्रति किलो मूल्य | एक माह पहले का मूल्य |
|---|---|---|
| सफेद आलू | 25 रुपये | 16 रुपये |
| लाल आलू | 30 रुपये | 18 रुपये |
| छोटा आलू | 15 रुपये | 8-10 रुपये |
| भिंडी | 35-40 रुपये | 40 रुपये |
| कच्चा आम | 30 रुपये | 40 रुपये |
| टमाटर | 15 रुपये | 20-25 रुपये |
| झिंगी | 20 रुपये | 20 रुपये |
| शिमला मिर्च | 40 रुपये | 60 रुपये |
| परवल | 40 रुपये | 50 रुपये |
| चुकंदर | 40 रुपये | 60 रुपये |
| लहसुन | 180 रुपये | 200 रुपये |
| अदरक | 160 रुपये | 200 रुपये |
| बैंगन | 20 रुपये | 40 रुपये |
| फ्रेंच बीन | 40 रुपये | 40 रुपये |

**हरमू सब्जी मंडी**

| सब्जी | प्रति किलो मूल्य | एक माह पहले का भाव |
|---|---|---|
| सफेद आलू | 30 रुप | 15 रुपये |
| लाल आलू | 35 रुपये | 25 रुपये |
| छोटा आलू | 12 रुपये | 5 रुपये |
| करैली | 40 रुपये | 80 रुपये |
| बैंगन | 30 रुपये | 60 रुपये |
| चुकंदर | 30 रुपये | 30 रुपये |
| कटहल | 30 रुपये | 100 रुपये |
| आम | 35-40 रुपये | 40 रुपये |
| शिमला मिर्च | 40 रुपये | 50 रुपये |
| अदरक | 200 रुपये | 200 रुपये |
| भिंडी | 30 रुपये | 30 रुपये |
| प्याज | 30 रुपये | 30 रुपये |
| लहसुन | 200 रुपये | 200 रुपये |
| परवल | 40 रुपये | 60 रुपये |

### स्वामी चिन्मयानंद जी का जन्मोत्सव आज

**रांची।** चिन्मय मिशन आश्रम, लेक रोड में बुधवार को स्वामी चिन्मयानंद महाराज का जन्मोत्सव श्रद्धाभाव से मनाया जायेगा. इसकी तैयारी पूरी कर ली गयी है. प्रमोद कुमार ने बताया कि आश्रम के स्वामी परिपूर्णानंद आचार्य के सान्निध्य में सुबह पादुका पूजन, अर्चना आदि कार्यक्रम होंगे. शाम साढे छह बजे से श्रीमद्भागवत गीता का पाठ चलेगा.नौ से 14 मई तक मनीषा पंचकम का पाठ होगा। श्रद्धालु सुबह आठ बजे से पाठ करेंगे. अंतिम दिन मंगलवार की रात आठ बजे इसका समापन होगा.



## ईडी जांच में खुलासा : महज तीन माह में कमीशन से जमा किये गये थे 35.23 करोड़

**सौरभ सिंह। रांची**

ईडी ने मंत्री आलमगीर आलम के पीए संजीव लाल के सहायक जहांगीर आलम और मुन्ना सिंह के ठिकाने से 35.23 करोड़ रुपये बरामद किये थे. ईडी जांच में आए तथ्यों के मुताबिक, जहांगीर के गाड़ीखाना स्थित फ्लैट से जो 31.20 करोड़ रुपये बरामद किए गए थे, वह महज तीन माह में जमा किए गए थे. फ्लैट की खरीद भी कुछ माह पूर्व जहांगीर के नाम पर सिर्फ इसलिए की गई थी, ताकि यहां पैसों को रखा जा सके. मुन्ना सिंह के यहां से बरामद 2.93 करोड़ रुपये भी यहीं शिफ्ट किए जाने थे, लेकिन इससे पहले ईडी की टीम ने छापेमारी कर इन पैसों को बरामद कर लिया.

### दूसरे दिन इन पांच ठिकानों पर ईडी ने की छापेमारी

ईडी ने मंगलवार को राजीव सिंह के अलावे ग्रामीण विकास विभाग के इंजीनियर राजकुमार उरांव के आईटीआई बस स्टैंड के पास हेसल बगीचाटोली स्थित आवास, इंजीनियर अर्जुन मुंडा के कांके पतराटोली स्थित आवास समेत पांच ठिकानों पर भी छापेमारी की. ईडी ने मंगलवार को इंजीनियर कुलदीप मिंज व विकास कुमार के यहां छापेमारी की. खुलासा किया है कि बीते एक महीने में ठेकेदारों से वसूली कर राजीव सिंह ने दस करोड़ रुपये मंत्री आलमगीर आलम के ओएसडी संजीव लाल को दिए थे.

तापमान
34.0° अधिकतम 21.8° न्यूनतम

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार

www.lagatar.in | रांची, बुधवार 08 मई 2024 बैशाख अमावस्या, संवत 2081 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ 6 ● वर्ष : 2, अंक : 29 | आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र




फोटो : रमीज

# तेज आंधी से बिजली गुल

## रांची के आसपास के इलाकों में घंटों बाधित रही आपूर्ति

विशेष संवाददाता। रांची

मंगलवार की शाम पांच बजे से लेकर करीब आधे घंटे तक राजधानी रांची में तेज हवा के साथ हल्की बूंदाबांदी से बिजली व्यवस्था थोड़ी देर के लिए चरमरा गयी. धूल भरी आंधी के दौरान थोड़ी देर के लिए राजधानी के आधे से अधिक इलाकों में बिजली आपूर्ति ठप हो गयी. कहीं लाइन ब्रेक डाउन हुआ, तो कहीं तार पर पेड़ की डाली गिरने से बिजली चली गयी.

कई इलाकों में गरज के साथ हवा इतनी तेज थी कि कुछ देर के लिए पूरी राजधानी की बिजली गुल हो गयी. तेज आंधी चलने के दौरान सुरक्षा के लिहाज से सभी सब स्टेशन से बिजली शटडाउन कर दी गई थी. इस दौरान करीब आधे घंटे बिजली आपूर्ति बंद रही. उसके बाद बिजली बहाल हो गई. कहीं कोई मेजर फॉल्ट नहीं हुआ.

**राजधानी से सटे इलाकों में घंटों बाधित रही बिजली :** राजधानी से सटे इलाके ब्रांबे, कांके, मांडर और रिंग रोड से सटे कुछ क्षेत्रों में चार घंटे तक बिजली बहाल नहीं हो सकी थी. लोकल फॉल्ट इतना ज्यादा था कि शाम सात बजे तक 250 मेगावाट की जगह करीब 100 मेगावाट आपूर्ति ही मिल रही थी. इस दौरान कांके ग्रिड से मोरहाबादी को छोड़ राजभवन, बोबरो, कांके, सिरडो वन और टू सभी 33 केवीए से बिजली ट्रिप कर गयी थी. हालांकि, रात नौ बजे के बाद नामकुम, हटिया ग्रिड से सभी 33 केवी ग्रिड सबस्टेशन में बिजली सामान्य हो गयी थी. खराब मौसम का असर ग्रिडों पर भी पड़ा. नामकुम, हटिया और कांके ग्रिड से 33 केवी की सप्लाई से डिमांड घटकर एक तिहाई भर रह गया था.

### ज्यादा शिकायतें कोकर डिवीजन अंतर्गत आईं



मौसम समान्य होते ही लोकल फॉल्ट आनी शुरू हो गई. सबसे ज्यादा शिकायतें कोकर डिवीजन अंतर्गत आईं. दीपाटोली में बीच रास्ते में पेड़ गिर गया. इसके कारण आसपास के इलाकों में स्थानीय खराबी की शिकायत आई और बिजली गुल रही. बांधगाड़ी और गाड़ीगांव के पाहन टोली में शाम पांच बजे से देर शाम करीब तीन घंटे से ज्यादा समय तक बिजली गुल रही. इससे बड़ी आबादी बाधित बिजली से परेशान रही. यहां भी पेड़ की डाल बिजली तार में गिर जाने के कारण आपूर्ति प्रभावित हो गई. इस वजह से पूरे क्षेत्र में अंधेरा पसरा रहा. वहीं, रांची सेंट्रल डिवीजन अंतर्गत दो मोहल्लों में ट्रांसफार्मर का फ्यूज उड़ गया. सुरक्षात्मक कारणों से एक से डेढ़ घंटे तक बिजली बंद रखने के बाद अतिरिक्त एक घंटे मोहल्लों में बिजली नहीं रही. साथ ही रांची ईस्ट डिविजन के बूटी मोड़ और चंदवे इलाके में घर का सीटनुमा छत तेज हवा में उड़ गया. इसके कारण यहां भी लोकल फॉल्ट की समस्या आ गई थी.



# टाटीसिलवे-पुरुलिया रोड में पेड़ गिरने से युवक व युवती की मौत

संवाददाता। नामकुम (रांची)



रांची के नामकुम क्षेत्र अंतर्गत टाटीसिलवे-पुरुलिया रोड में मंगलवार की शाम आयी आंधी में सड़क किनारे खड़ा विशाल पेड़ पास से गुजर रहे कार, स्कूटी एवं दो बाइक सवारों पर गिर गया. इसमें स्कूटी सवार बेडवाड़ी गोंदलीपोखर निवासी सोनू कुमार साहू (26) की मौत हो गयी, जबकि इलाज के दौरान ज्योति भारती (साहिबगंज) की भी मौत हो गयी. वहीं तीन लोगों को गंभीर अवस्था में रिम्स में भर्ती कराया गया है. घायलों में उदित मरांडी (साहिबगंज), आशा मुर्मू (गोड्डा) एवं झुनकी देवी (हेसल अनगड़ा) शामिल हैं. कार (जेएच 05 सी डब्ल्यू 6264) में सवार तीनों युवक सुरक्षित हैं.

**वाहनों पर पेड़ गिरते ही मची अफरा-तफरी :** जानकारी के अनुसार सोनू एवं झुनकी देवी खेलगांव स्थित ओरियंट क्राफ्ट कंपनी में काम कर स्कूटी (जेएच 01 एफजे 7333) से घर लौट रहे थे. वहीं सीआईटी के छात्र उदित मरांडी, आशा मुर्मू एवं ज्योति भारती बाइक से सीआईटी लौट रहे थे. कार सवार पुरुलिया जा रहे थे. जैसे ही तीनों वाहन टाटीसिलवे बस्ती पहुंचे, विशाल गुलमोहर का पेड़ उन पर गिर गया. पेड़ के गिरते ही अफरातफरी मच गयी.

### पलामू मेंवज्रपात से तीन की मौत

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले में वज्रपात की अलग-अलग घटनाओं में तीन लोगों की मौत हो गई है. इनमें मोहम्मदगंज थाना क्षेत्र में एक बच्ची व एक किशोर, जबकि पांकी थाना क्षेत्र में एक बच्चे की मौत हुई है. मृतकों में लेमुआटीकर टोला निवासी बिनोद पासवान की पुत्री साक्षी कुमारी (4), गोलापत्थर टोला निवासी कमेश रजवार के रिश्तेदार जोखन रजवार के पुत्र बसंत रजवार (13) व पांकी प्रखंड के डेमा गांव का 13 वर्षीय किशोर शामिल है.

**आईपीएल :** कुलदीप का गेंद से कमाल, बल्ले से चमके मैकगर्क

# दिल्ली कैपिटल्स ने राजस्थान रॉयल्स को 20 रन से हराया

- संजू सैसमन की 46 गेंदों पर 86 रन की तूफानी पारी गई बेकार

एजेंसी। नई दिल्ली



**स्कोर बोर्ड**
राजस्थान रॉयल्स :201/8
दिल्ली कैपिटल्स :221/8

आईपीएल 2024 में बेहतरीन फॉर्म में चल रही राजस्थान रॉयल्स को लगातार दूसरी हार मिली है. हैदराबाद के खिलाफ हारने के बाद राजस्थान को दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ भी हार झेलनी पड़ी है. अरुण जेटली स्टेडियम पर हुए हाई स्कोरिंग मैच को दिल्ली ने 20 रन से अपने नाम किया. पहले बैटिंग करते हुए दिल्ली ने 8 विकेट पर 221 रन बनाए. जवाब में राजस्थान के लिए कप्तान संजू सैमसन ने तूफानी बैटिंग की. इसके बाद भी टीम 8 विकेट पर 201 रन ही बना सकी.

**मैकगर्क का तूफान फिर दिखा :** सलामी बल्लेबाज अभिषेक पोरेल और जेक फ्रेजर-मैकगर्क के अर्धशतक से दिल्ली कैपिटल्स की टीम इतने बड़े स्कोर तक पहुंचने में सफल रही. पोरेल ने 36 गेंद में सात चौकों और तीन छक्कों से 65 रन की पारी खेली. उन्होंने फ्रेजर-मैकगर्क के साथ पहले विकेट के लिए सिर्फ 4.2 ओवर में 60 रन की साझेदारी भी की. मैकगर्क सिर्फ 19 गेंदों पर फिफ्टी ठोक दी. 20 गेंदों पर उन्होंने सात चौके और तीन छक्के की मदद से 50 रनों की पारी खेली. आवेश के एक ओवर में उन्होंने 28 रन ठोके.ट्रिस्टन स्टब्स ने अंत में ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करके टीम का स्कोर 200 रन के पार पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई. स्टब्स ने 20 गेंद में 41 रन रनों की पारी खेली.

# शहर के दो लोगों ने की आत्महत्या



**रांची।** जिले के सदर थाना क्षेत्र में मंगलवार को दो लोगों ने आत्महत्या कर ली. पहला मामला सदर थाना क्षेत्र के चूना भट्ठा का है. यहां सिंकू पासवान नाम के एक युवक ने आत्महत्या की. वहीं दूसरी घटना सदर क्षेत्र के भाभा नगर में हुई है. यहां 56 वर्षीय विजय राम ने अपने ही घर में आत्महत्या कर ली. घटना की सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंच कर दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और आगे की जांच में जुट गयी.

**सिंकू पासवान ने ससुराल में की आत्महत्या :** सिंकू पासवान रांची के लोअर बाजार थाना क्षेत्र का रहने वाला था. वह चूना भट्ठा स्थित अपने ससुराल आया था. परिजनों के अनुसार, ससुराल में ही उसका अपनी पत्नी के साथ किसी बात को लेकर सोमवार की रात झगड़ा हुआ था. इसी बात से नाराज होकर सिंकू पासवान ने फंदे से लटक कर जान दे दी. मंगलवार की सुबह सिंकू का शव कमरे में पड़ा मिला. वहीं विजय राम रांची के एक डॉक्टर की गाड़ी चलाता था.

## स्क्रूटनी के बाद रांची लोकसभा से 27 प्रत्याशी मैदान में

# छह का नामांकन पर्चा रद्द

**रांची।** रांची संसदीय क्षेत्र की स्क्रूटनी मंगलवार को संपन्न हुई. समाहरणालय ब्लॉक-ए स्थित कमरा संख्या 207 में सुबह 11 बजे से अभ्यर्थियों और उनके प्रस्तावकों की उपस्थिति में 08-रांची क्षेत्र के निर्वाची पदाधिकारी राहुल सिन्हा ने बारी-बारी सभी 33 प्रत्याशियों ने नाम-निर्देशन पत्रों की स्क्रूटनी की. इस दौरान उप निर्वाचन पदाधिकारी विवेक सुमन, सहा. निर्वाची पदाधिकारी 64-हटिया विस क्षेत्र राजेश्वरनाथ आलोक, सहा. निर्वाची पदाधिकारी 63-रांची क्षेत्र उत्कर्ष और अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे.

### 27 प्रत्याशियों के नॉमिनेशन पत्र स्वीकृत

1. मिंटू पासवान, सोशलिस्ट यूनिटी सेंटर ऑफ इंडिया (कम्यूनिस्ट).
2. रामहरि गोप, अंबेडकराइट पार्टी ऑफ इंडिया.
3. अरशद अयूब, निर्दलीय.
4. पंकज कुमार रवि, पीपुल्स पार्टी ऑफ इंडिया (डेमोक्रेटिक).
5. संजय सेठ, भारतीय जनता पार्टी.
6. हरिनाथ साहू, लोक अधिकार पार्टी.
7. अंजनी पांडे, आदिवासी किसान मजदूर पार्टी.
8. धनंजय कुमार भगत, मेरा अधिकार राष्ट्रीय दल.
9. मनोरंजन भट्टाचार्य, निर्दलीय.
10. मनोज कुमार, बहुजन समाज पार्टी.
11. निपु सिंह, राष्ट्रीय जनसंघर्ष स्वराज पार्टी.
12. धर्मेंद्र तिवारी, भारतीय जनतंत्र मोर्चा.
13. बिरेंद्र नाथ मांझी, अबुआ झारखंड पार्टी.
14. देवेंद्र नाथ महतो, निर्दलीय.
15. प्रवीण कच्छप, सम्पूर्ण भारत क्रांति पार्टी.
16. कामेश्वर प्रसाद साव, निर्दलीय.
17. सर्वेश्वरी साहू, एकल सनातन भारत दल.
18. सोमा सिंह, जय महाभारत पार्टी.
19. यशस्विनी सहाय, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस.
20. श्याम बिहारी प्रजापति, भागीदारी पार्टी.
21. विनोद उरांव, बहुजन मुक्ति पार्टी
23. रंजना गिरि, रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया (ए)
24. प्रबीण चन्द्र महतो, निर्दलीय
27. ऐनुल अंसारी, निर्दलीय.

### छह प्रत्याशियों के पर्चों में त्रुटि, नामांकन अस्वीकृत

1. संदीप उरांव, निर्दलीय.
2. संजय कुमार महतो, निर्दलीय.
3. अमरेंद्र कुमार, झारखंड जनक्रांति मोर्चा.
4. प्रेमनाथ बड़ाईक, निर्दलीय.
5. मंजू देवी, निर्दलीय.
6. सुशील कुमार, स्वराज एकता

### नौमई तक नाम वापस ले सकते हैं अभ्यर्थी

बता दें कि प्रत्याशी नौ मई की दोपहर तीन बजे तक अपना नाम वापस ले सकते हैं. शाम चार बजे से प्रत्याशियों को चुनाव चिह्न आवंटित किया जाएगा.



**हाईकोर्ट नाराज :** आखिर क्यों नहीं रुक रहा रांची में ड्रग्स का कारोबार, कहा

# ड्रग्स की खरीद-बिक्री की जड़ तक पहुंचना होगा

संवाददाता। रांची

झारखंड हाईकोर्ट ने शहर में ड्रग्स की खरीद-बिक्री को लेकर नाराजगी जताते हुए कहा कि रांची में ड्रग्स का कारोबार रुक नहीं रहा. एसएसपी सहित पुलिस के आला अधिकारी ड्रग्स की खरीद-बिक्री पर रोक नहीं लग पा रहे हैं. ड्रग्स बिक्री के मुख्य सूत्रधार पर पुलिस को एक्शन लेना चाहिए. ड्रग्स की खरीद-बिक्री की जड़ तक पहुंचना होगा. कोर्ट ने कहा, पुलिस केवल छोटे लोगों को ही पकड़ रही है. मुख्य सूत्रधार खुले घूम रहे हैं, जिससे कारोबार पर रोक नहीं लग पा रहा है. कोर्ट ने डीजी सीआईडी को ड्रग्स की खरीद-बिक्री के रोकथाम पर एक्शन रिपोर्ट देने का निर्देश दिया. साथ ही झारखंड लीगल सर्विस अथॉरिटी झालसा को प्रतिवादी बनाया है.

**जहां चल रहा धंधा, वहां के थानेदार पर क्या कार्रवाई हुई :** हाईकोर्ट ने सरकार से पूछा कि जिन थाना क्षेत्रों में ड्रग्स की खरीद-बिक्री अभी चल रही है, वहां के थाना इंचार्ज ने क्या कार्रवाई की गई है? इसके अलावा जो पुलिस अफसर ड्रग्स की खरीद-बिक्री पर रोक लगाने में असफल रहे, उनके खिलाफ क्या कार्रवाई की गई? कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई 14 मई निर्धारित की है. साथ ही नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो को भी ड्रग्स की रोकथाम पर राज्य की पुलिस एजेंसी के साथ मिल कर कार्रवाई करने का निर्देश दिया है.

### स्वतः लिया संज्ञान




रांची में ड्रग्स की खरीद-बिक्री को लेकर मीडिया की खबरों को हाईकोर्ट ने गंभीरता से लिया है. जस्टिस एसएन प्रसाद की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने स्वतः संज्ञान लेते हुए रांची एसएसपी को ड्रग्स का कारोबार करने वालों पर कार्रवाई का निर्देश दिया. कहा कि सुखदेव नगर इलाके में जो लोग ड्रग्स के कारोबार में शामिल हैं, उन्हें चिह्नित किया जाए और उनकी गिरफ्तारी जल्द सुनिश्चित की जाए. कोर्ट ने राज्य सरकार से नशे के कारोबार से जुड़े लोगों की गिरफ्तारी पर पूर्व में भी रिपोर्ट मांगी थी.

**पड़ताल** जीएसटी कलेक्शन का रिकार्ड ऊंचाई पर, आखिर किसके पैसे से अमीर बन रही सरकार

# एक लाख की स्कूटी में 26,000 से अधिक सरकारी खजाने में

आकर्ष अनिकेत। रांची

इस बात का बहुत शोर है कि जीएसटी कलेक्शन रिकॉर्ड ऊंचाई पर है. दो लाख करोड़ प्रति माह तक. सरकार को पास खूब धन आ रहे हैं और यह धन कंपनियां दे रही हैं. लेकिन जरा रूकिये, क्या आपको पता है स्कूटी कौन खरीदता है? इस वाहन का इस्तेमाल कौन करता है? लोअर मिडिल क्लास के लोग. यानी हमारे-आपके जैसे आर्थिक हालात वाले. वह भी लोन लेकर. सरकार किसके पैसे से अमीर बन रही है, मालामाल हो रही है, यह जानने के लिए हमने स्कूटी बेचने वाली एजेंसी के मालिक से बात की. हमें पता चला कि हमारे पैसे से ही सरकार मालामाल हो रही है. कंपनियों का इसमें कुछ नहीं जाता. हमसे कितना टैक्स लिया जा रहा है, इस सवाल का जवाब है- 35 प्रतिशत. 28 प्रतिशत जीएसटी और सात (07) प्रतिशत रजिस्ट्रेशन चार्ज. यानी अगर आपने एक लाख रुपये की पेट्रोल से चलने वाली स्कूटी खरीदी है, तो इसमें से सरकार को मिले करीब 26 हजार रुपये. जीएसटी केंद्र सरकार के और रजिस्ट्रेशन चार्ज राज्य सरकार के खाते में जाता है. शायद इतनी प्रॉफिट स्कूटी बनाने वाली कंपनी या बेचने वाली एजेंसी को भी नहीं होती. अगर गाड़ी की कीमत एक लाख से अधिक है, तो रजिस्ट्रेशन चार्ज नौ प्रतिशत देने होंगे. यानी कुल 37 प्रतिशत का टैक्स.



लो स्पीड इवी स्कूटी (पांच % जीएसटी के साथ)

**70,973** जीलीओ ग्रैसी

**73,475** जीलीओ लेजींडर

### किस स्कूटी पर कितना टैक्स (रुपये में)

| गाड़ी | कीमत | जीएसटी (28%) | रजिस्ट्रेशन फीस |
|---|---|---|---|
| होंडा एक्टिवा स्टैंडर्ड | 60699 | 16996 | 5438 |
| यामाहा रेजेडआर | 69992 | 19598 | 6271 |
| हीरो प्लेजर | 56916 | 15937 | 5099 |

### इलेक्ट्रिक स्कूटी पर पांच प्रतिशत जीएसटी चार्ज

पेट्रोल स्कूटी की तुलना में इलेक्ट्रिक स्कूटी (इवी) में खरीदार को जीएसटी कम भरना पड़ता है. जहां पेट्रोल स्कूटी में 28 प्रतिशत जीएसटी लगता है, वहीं इलेक्ट्रिक स्कूटी में पांच प्रतिशत जीएसटी है. हालांकि रजिस्ट्रेशन चार्ज दोनों में बराबर ही हैं. हाई स्पीड इलेक्ट्रिक स्कूटी में पेट्रोल स्कूटी के बराबर ही रजिस्ट्रेशन फीस भरना पड़ता है, मगर लो स्पीड स्कूटी के लिए रजिस्ट्रेशन फीस नहीं लगता है.

# झारखंड की टीम ने की गोल की बौछार

**रांची।** हॉकी झारखंड ने मारंग गोमके जयपाल सिंह एस्ट्रो टर्फ हॉकी स्टेडियम में मंगलवार को मणिपुर हॉकी को 9-0 से हरा कर राष्ट्रीय महिला हॉकी लीग में दबदबा बनाया. डुंगडुंग स्वीटी झारखंड के लिए स्टार खिलाड़ी रहीं, जिन्होंने शानदार चार गोल 35वें, 43वें, 49वें व 57वें मिनट में दागे. टीम ने 7वें मिनट में संगीता कुमारी के गोल के साथ शानदार शुरुआत की, जिसके बाद कप्तान रोपनी कुमारी ने 8वें मिनट में गोल दागकर बढ़त को और मजबूत किया. प्रमोदनी लकड़ा ने 19वें मिनट में बढ़त को और बढ़ा दिया. दूसरे हाफ में झारखंड की ओर से गोलों की बौछार देखने को मिली, जिसमें रजनी टूर्ना और निक्की कुल्लू ने लगातार गोल दागे (41वां और 42वां मिनट). इस जीत के साथ झारखंड की तालिका में शीर्ष पर पहुंच गयी है.

# एचईसी : एचएमबीपी प्लांट के जीएम को मजदूर संघ ने 10 घंटे तक बनाया बंधक



संवाददाता। रांची

मंगलवार को एचईसी मजदूर बचाओ जन संघर्ष समिति ने एचएमबीपी प्लांट के जीएम संजय सिन्हा को लगभग 10 घंटे तक उनके चैंबर में बंधक बनाया. सुबह 9:30 बजे से शाम के 7:30 बजे बंधक रहे संजय सिन्हा को पुलिस प्रशासन ने छुड़ाया. जानकारी के अनुसार, एचईसी प्रबंधन ने पुलिस से संपर्क कर जीएम के बंधक होने की सूचना दी थी. इसके बाद हटिया डीएसपी, धुर्वा थाना प्रभारी और जगरनाथपुर थाना प्रभारी मौके पर पहुंचे व मामले की जानकारी ली. मजदूर संगठन ने लगभग 20 माह के वेतन भुगतान, सप्लाई कर्मचारियों के कॉन्ट्रैक्ट रिन्यूअल टेंडर व सप्लाई कर्मचारियों के प्लांट के अंदर प्रवेश के मुद्दे को लेकर जीएम को घेरने की बात कही. जीएम ने पुलिस प्रशासन और मजदूर संगठन के सामने नौ मई को दोबारा बैठक की बात कही. नौ मई की शाम में डायरेक्टर पर्सनल, पुलिस प्रशासन व मजदूर संगठनों की मौजूदगी में बैठक होगी.

ब्रीफ खबरें

### जलसंकट को लेकर संयुक्त श्रमिक संगठन ने की बैठक

**डकरा।** एनके एरिया संयुक्त श्रमिक संगठन के पदाधिकारियों की लगातार बैठकों का दौर जारी है. मंगलवार को क्षेत्र में पानी की समस्या पर चर्चा की गई. संगठन के लोगों ने कहा कि सीसीएल के श्रमिक कॉलोनी बिश्रामपुर, केडी ओल्ड कॉलोनी, एवं चुरी कलोनी मे मजदूरों को पीने के लिए बिना फिलटर किये पानी की आपूर्ति की जा रही है. बैठक में मिथलेश सिंह प्रेम कुमार, अमर भूषण सिंह, गोल्डन प्रसाद यादव, कृष्णा चौहान,डीपी सिंह,प्रमोद कुमार पाठक, शैलेन्द्र कुमार सिंह, दिनेश भर,अरविन्द कुमार आदि शामिल थे.

### रेलवे सुरक्षा बल थाना में नए प्रभारी ने दिया योगदान

**सिल्ली/मुरी।** रेलवे सुरक्षा बल मुरी पोस्ट में नए थाना प्रभारी के रूप में संजीव कुमार ने अपना योगदान दिया. योगदान देने के बाद उन्होंने कहा कि रेलवे की संपत्ति को सुरक्षित रखना ही मेरी पहली प्राथमिकता है. हमारे कार्यक्षेत्र में किसी प्रकार का गैर कानूनी कार्य होने नहीं दिया जाएगा और उस पर पूरी तरह से नकेल भी कसा जाएगा. बताते चले की संजीव कुमार पूर्व में चक्रधरपुर और चाईबासा रेलवे सुरक्षा बल में थाना प्रभारी के रूप में काम कर चुके हैं.

### पिपरवार पुलिस ने चलाया वाहन चेकिंग अभियान

**पिपरवार।** पिपरवार के सीमांत क्षेत्रों कल्याणपुर सहित खलारी थाना के सीमांत क्षेत्र में पुलिस ने बैरियर लगाकर वाहनों की जांच और हर आने जाने वालों की तलाशी ले रहे है.जानकारी के अनुसार चतरा-रांची और चतरा हजारीबाग के सीमांत क्षेत्र पर पिपरवार पुलिस के द्वारा बैरियर लगाया गया है,जिसमें प्रत्येक दिन वाहनों की जांच और आने-जाने वाले लोगों की तलाशी ली जा रही है. पिपरवार थाना प्रभारी प्रशांत कुमार मिश्रा ने बताया कि लोकसभा चुनाव को लेकर पिपरवार पुलिस पूरी तरह से सतर्क है और सीमांत क्षेत्रों में बैरियर लगाकर सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है.

### खड़े ट्रक को बाइक ने मारी टक्कर, घायल

**डकरा।** डकरा मुख्य मार्ग एरिया सेल्स ऑफिस के समीप मंगलवार की शाम साढ़े पांच बजे बाइक सवार एक छात्र खड़े ट्रक से टक्करा कर गंभीर रुप से घायल हो गया. घायल छात्र की पहचान डकरा सुभाषनगर के आयुष कुमार पिता लखन साहू के रूप में हुई. घटना के संदर्भ में मिली जानकारी अनुसार आयुष डकरा से ट्यूशन पढ़कर अपने घर सुभाष नगर जा रहा था इसी बीच तेज हवा के कारण धूल गर्द से सड़क में अंधेरा छा गया. इसके कारण आयुष बाइक सहित खड़े ट्रक के पीछे घुस गया. इस हादसे में जिससे उसके सिर में गहरी चोट लगी है. स्थानीय लोगों ने घायल अवस्था में डकरा अस्पताल लेकर आये जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने बेहतर इलाज के लिए रांची भेज दिया.

### अंजुमन कमेटी के सदस्य फतेह आलम का इंतकाल

**ओरमांझी।** चकला पंचायत के पूर्व वार्ड सदस्य सह वरिष्ठ समाज सेवी व चकला अंजुमन कमेटी के सक्रिय वर्तमान सदस्य फतेह आलम का बीते रात निधन हो गया. वे पिछले एक साल से कैंसर से ग्रस्त थे. जिनका इलाज बड़े शहरों में अनुभवी डॉक्टरों की टीम कि टीम की देख रेख में चल रहा था. मुंबई के बाद इरबा स्थित कैंसर अस्पताल में इलाज चल रहा था. फतेह आलम वरिष्ठ समाज सेवी होने के कारण वे हमेशा गरीबों जरूरतमंद लोगों की मदद के लिए हमेशा आगे आगे रहते थे. उनके निधन से चकला पंचायत सहित पूरे क्षेत्र में मातम का माहौल है.

### मांडर डीलर संघ ने चलाया जागरूकता अभियान

**मांडर।** मांडर डीलर संघ की ओर से मंगलवार को स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाता जागरूकता रैली निकाली गयी. कार्यक्रम की शुरुआत बीडीओ व प्रखंड प्रमुख द्वारा संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया. संघ के अध्यक्ष अमिताभ कुमार पाठक ने बतलाया कि यह रैली लोगों को बीच अपने वोट के अधिकार को बतलाने के लिए की गई है. जागरूकता रैली में प्रमुख फिलिप्स सहाय एक्का , शंकर प्रसाद, कृष्ण देव तिवारी ,महमूद आलम, अशोक राम ,अली, सुनील सिंह, मसरूर आलम, मो. नईम आदि शामिल थे.

यूनिवर्सिटी- वर्ल्ड पीस ऑफ यूनाईटेड नेशंस युनिवर्सिटी, अमेरिका ने किया सम्मानित

# साईं नाथ विवि के कुलपति डॉक्टरेट की मानद उपाधि से सम्मानित

संवाददाता। रांची



साईंनाथ विश्वविद्यालय, रांची में कुलपति के पद पर पदस्थापित प्रो. एसपी अग्रवाल नई दिल्ली में डॉक्टरेट की मानद उपाधि से सम्मानित किये गये. नई दिल्ली में हुए एक गरिमामयी कार्यक्रम में प्रसिद्ध यूनिवर्सिटी- वर्ल्ड पीस ऑफ यूनाईटेड नेशंस युनिवर्सिटी, अमेरिका द्वारा कला, संगीत, साहित्य, शिक्षा एवं समाज-सेवा के क्षेत्र में सराहनीय योगदान के लिए डॉ. एसपी अग्रवाल को यह सम्मान दिया. डॉ. अग्रवाल को यह उपाधि व सम्मान प्रसिद्ध बॉलीवुड अभिनेत्री, फिल्म निर्माता और पूर्व मिस एशिया पैसिफिक एवं वाइल्डलाइफ ट्रस्ट ऑफ इंडिया की ब्रांड एंबेसडर- दीया मिर्जा, परमवीर चक्र से सम्मानित कैप्टन- योगेंद्र सिंह यादव, आर्मी ऑफिसर, बांग्लादेश हाई कमीशन- शबनम महमूद एवं इंडियन रेसलर (अर्जुन अवार्डी) नरसिंह यादव के हाथों दिया गया.

लगातार 20 वर्षों से कला, संगीत, साहित्य, शिक्षा एवं समाज-सेवा के क्षेत्र में अपने जुनून और परोपकारी स्वभाव के चलते उन्होंने समाजसेवा के क्षेत्र में विशेष ख्याति प्राप्त कर ली है. प्रो. एसपी अग्रवाल ने जिन विद्यार्थियों के माता-पिता का कोरोना महामारी की चपेट में आने से निधन हो गया, उन विद्यार्थियों को निःशुल्क शिक्षा प्रदान करने का बीड़ा उठाया है. झारखंड के गौरव कहे जाने वाले विश्वविद्यालय के कुलपति- अग्रवाल भारत के शिक्षाविदों में उल्लेखनीय नाम है. शिक्षा क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने के कारण डॉ. अग्रवाल का अपना एक महत्वपूर्ण स्थान है. जिन्होंने आधुनिक शिक्षा व्यवस्था एवं कार्य प्रणालियों की विशिष्टताओं को झारखण्ड में लागू किया है. डॉ. अग्रवाल सिविल इंजीनियरिंग में डॉक्टरेट, एमटेक, स्वर्ण पदक विजेता (कंस्ट्रक्शन टेक्नोलॉजी एवं मैनेजमेंट) के साथ यूएसए की कई यूनिवर्सिटी का भ्रमण कर चुके हैं, जिसमें प्रतिष्ठित हार्वर्ड बिजनेस स्कूल भी शामिल है. डॉ. अग्रवाल को अपनी डायरेक्टरशिप में छात्रों की एक टीम को यूएसए के नासा लैब भेजने का गौरव प्राप्त है. जहां छात्रों ने पिटक्रू अवार्ड जीता है. यह अवार्ड नासा लैब के उपकरणों को सबसे बेहतर ढंग से प्रयोग के लिए दिया जाता है.डॉ. अग्रवाल की राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर कई जर्नल तथा किताबें प्रकाशित हो चुकी है. पर्यावरण, क्वालिटी एजुकेशन, निर्माण तकनीक, सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट, इंजीनियरिंग मैकानिक्स एवं इंजीनियरिंग ड्राइंग में इनकी विशेष रूचि और स्पेशलाइजेशन है.

ढुल्लू महतो के भाषण का विडियो वायरल, अपने ही पार्टी के माननीयों को घेरा

# धनबाद के सांसद-विधायक डरते हैं या पैसे लेते हैं अपराधियों से

खास बातें

- भाषण का विडियो वायरल, आरोप के बाद सियासत गर्म
- ढुल्लू को लेकर भाजपा में अंदरूनी कलह को मिली हवा

अमित सिन्हा। धनबाद

भाजपा प्रत्याशी ढुल्लू महतो को लेकर धनबाद लोकसभा सीट की सियासी फिजा में सरगर्मी बढ़ी ही रहती है. जमशेदपुर पूर्वी से भाजपा विधायक सरयू राय आए दिन बाघमारा विधायक ढुल्लू पर माफियाओं से सांठगांठ का आरोप लगाते रहे हैं. साथ ही जमीन हड़पने और लोगों को धमकाने का आरोप भी लगा चुके हैं. लेकिन, इस बार ढुल्लू महतो के एक बयान ने धनबाद का सियासी पारा चढ़ा दिया है.

धनबाद लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी ढुल्लू महतो ने अपने एक चुनावी भाषण में अपनी ही पार्टी के सांसद और विधायक पर अपराधियों से साठगांठ का आरोप लगा दिया. ढुल्लू के भाषण का वीडियो भी सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है. ढुल्लू महतो ने अपने बड़बोलेपन वाले अंदाज में कह दिया कि धनबाद के सांसद और विधायक या तो अपराधियों से डरते हैं या पैसा लेते हैं. वहीं पूर्व एसएसपी पर भी अपराधियों को संरक्षण देने की बात को कह दिया. भाजपा के प्रत्याशी के रूप में ढुल्लू महतो के नाम की घोषणा के बाद से ही भाजपा में अंदरूनी कलह चालू है. उसपर ढुल्लू के ऐसे बिगड़ैल बयान ने उस विवाद को और गहरा कर दिया है.

ढुल्लू महतो ने वायरल वीडियो में यह भी कहा है कि अपराधियों के खिलाफ सिर्फ उन्होंने ही बयान दिया है और रणधीर वर्मा चौक पर धरना भी दिया था. बता दें कि चंद दिनों पहले ढुल्लू के खासमखास ने सोशल मीडिया पर जिलाध्यक्ष पर निष्क्रियता का आरोप लगाया था. अपने ही पार्टी के नेताओं पर आरोप लगा कर ढुल्लू की नैया कैसे पार होगी, यह चर्चा आम है.



### भाजपा मे दो ही नेता हैं- एक मोदी और दूसरा ढुल्लू

*भाजपा प्रत्याशी ढुल्लू महतो ने अपने बड़बोले अंदाज में यह भी कह दिया कि भाजपा मे सिर्फ दो ही नेता हैं, एक मोदी और दूसरा ढुल्लू महतो. सिर्फ दो को देखिए और उन्हें वोट दीजिए. ढुल्लू महतो द्वारा दिये गये इस बयान की चर्चा भी भाजपा कार्यकर्ताओं में जोरों पर है. कार्यकर्ता गुफ्तगू कर रहे हैं कि जब भाजपा में दो ही नेता हैं, तो राष्ट्रीय अध्यक्ष से लेकर प्रदेश अध्यक्ष तक क्या हैं? आखिर ढुल्लू महतो अपने गुरु बाबूलाल मरांडी का नाम क्यों भूल जा रहे हैं?*

### अपराध के खिलाफ सबसे पहले मैंने ही धरना दिया: राज सिन्हा

भाजपा प्रत्याशी ढुल्लू महतो के बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए धनबाद विधायक राज सिन्हा ने कहा कि अपराधियों से साठगांठ की बात साबित हुई तो राजनीति से सन्यास ले लेंगे. उन्होंने कहा कि धनबाद में बढ़े अपराध के खिलाफ सबसे पहले 2022 में रणधीर वर्मा चौक पर धरना दिया था, जिसमें तत्कालीन नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी भी शामिल हुए थे. वहीं 2023 में पांच हजार लोगों के साथ तेतुलतल्ला मैदान से रणधीर वर्मा चौक तक पैदल यात्रा किया था. इसमें भी प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी शामिल हुए थे. भाजपा विधायक ने कहा कि ढुल्लू महतो को जानकारी की कमी है, इसलिए ऐसा बोल गए.



### धनबाद की जनता सब जानती है मुझे कुछ नहीं कहना: पीएन सिंह

भाजपा प्रत्याशी ढुल्लू महतो के आरोप पर धनबाद सांसद पीएन सिंह ने कहा कि उन्होंने धनबाद में बढ़े अपराध का पुरजोर विरोध किया है. धनबाद की जनता सब जानती है. किसी के कुछ कहने से कुछ नहीं होता है. उन्होंने कहा कि अपराध के खिलाफ धरने के दौरान उनके द्वारा दिये भाषण का वीडियो भी वायरल हो रहा है. भाजपा में दो ही नेता– मोदी और ढुल्लू महतो, इस बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए भाजपा सांसद ने कहा कि भाजपा सबसे बड़ी संगठन है, जिसका पूरा एक स्ट्रक्चर है. इसमें राष्ट्रीय अध्यक्ष भी हैं. इसके बावजूद कोई क्या कहता है, इसपर वह कुछ नहीं कहेंगे.



### 13 मई को सारे काम छोड़ दो.. सबसे पहले वोट दो का नारा बुलंद किया

**लापुंग।** लापुंग प्रखंड हुलसू पंचायत और ककरिया पंचायत के राजकीय मध्य विद्यालय ककरिया परिसर में अलग-अलग जेएसएलपीएस एवं आंगनबाड़ी सेविकाओं सहित महिला समूह की दीदीयों के द्वारा स्वीप कोषांग अंतर्गत मतदाता जागरूकता के लिए विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया . हुलसू में सेतू दीदी सविता देवी एवं जेंडर कोऑर्डिनेटर गुड़िया देवी के संयुक्त नेतृत्व में महिला समूह की दीदीयों के द्वारा रंगोली , मेहंदी का बेहतरीन प्रदर्शन कर आसपास के लोगों को मतदान के प्रति जागरूक किया गया तथा लोगों को उनके मताधिकार के महत्व को समझाया . वहीं महिलाओं ने देर शाम में कैंडिल मार्च का आयोजन किया. इस दौरान सविता देवी के मार्गदर्शन में मेहंदी प्रतियोगिता , रंगोली , मतदाता शपथ दिलाकर मतदाताओं को जागरूक किया गया . सभी को मतदान के दिन अपने नजदीकी मतदान केंद्र पर जाकर मतदान करने के लिए प्रेरित किया गया . इस मौके पर निजम देवी, कविता देवी, पिंकी देवी,बिरस देवी, सुमन देवी, सुमति देवी, लक्ष्मी देवी, मीना कुमारी शांति देवी,बसंती देवी, सविता देवी, लीलावती देवी सहित दर्जनों महिलाओं ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई. इस मौके पर जेंडर सीआरपी चांदमनी कुमारी, सक्रिय महिला सिलीमा देवी, वी.ओ अध्यक्ष राजश्री देवी, सरिता देवी, आंगनबाड़ी सेविका सह बीएलओ मनीषा जयसवाल, रेणु डे, मिनु देवी, फुलवती कुमारी, शोभा देवी, सीता देवी, बबीता देवी, चांदनी पाठक, मुमताज बेगम, नाजमुन परवीन , रिंकी देवी, गीता देवी, सना प्रवीण, ज्योति देवी, सुलेखा देवी, बिरसमनी देवी प्रमीला देवी, सुमन देवी, पुष्पा देवी , अफसाना परवीन, नसीमा परवीन , सविता देवी, ज्ञानी देवी रफीजन खातुन, वी.ओ.ए रीतू देवी,तेतरी देवी समेत कई महिलाएं मौजूद रहीं.

## अक्षय तृतीया पर मारुति मंगल धाम में आयोजित होंगे धार्मिक अनुष्ठान

संवाददाता। लापुंग



लापुंग प्रखंड के साईं मंदिर के निकट मारुति मंगल धाम में अक्षय तृतीया के शुभ अवसर पर सामूहिक पूजा-अर्चना पूजा अर्चना की जाएगी. लापुंग प्रखंड के अंतर्गत लतरातु पंचायत के अंबा टोली गांव में (साईं मंदिर के निकट) धार्मिक एवं सामाजिक संस्था "मारुति मंगल परिवार" के द्वारा निर्माणाधीन "मारुति मंगल धाम "में 10 , मई को "अक्षय तृतीया" के शुभ अवसर पर सामूहिक पूजा पाठ एवं भंडारा का आयोजन किया जा रहा है इस अवसर पर परिवार से जुड़े झारखंड के विभिन्न जिलों के सैकड़ो महिलाएं एवं पुरुष सदस्य भीड़ मारुति मंगल धाम पहुंचेगी. इस कार्यक्रम को लेकर मारुति मंगल परिवार के स्थानीय सदस्य एवं ग्रामीण जन काफी उत्साहित हैं और आवश्यक तैयारी को पूर्ण करने में लगे हुए है. ज्ञात हो की मारुति मंगल धाम में परिवार द्वारा ठंड के दिनों में वृदध- बुजुर्गों एवं असहायों के लिए प्रत्येक वर्ष कंबल वितरण ,मकर संक्रांति के अवसर पर सामूहिक पूजा एवं तिल गुड़ दही चूड़ा, मुढी सेवन का कार्यक्रम, दीपावली में दीप उत्सव, रामनवमी में महावीर झंडा रोहण नवरात्र में नौ कन्या पूजन जैसे अन्य कई कार्यक्रम सालों भर होते रहते हैं जिसमें स्थानीय सदस्य गण एवं ग्रामीणों का भरपूर सहयोग रहता है.

# रिजल्ट से असंतुष्ट छात्रों ने जैक कार्यालय के समक्ष किया प्रदर्शन

संवाददाता। नामकुम



12वीं के फेल छात्रों ने झारखंड अधिविध परिषद कार्यालय के समक्ष उग्र आंदोलन करते हुए जैक प्रशासन हाय हाय के नारे के बाद मुख्य द्वार पर ताला जढ़ दिया. आंदोलन कर रहे छात्र-छात्राओं ने अपनी मांगों को रखते हुए कहा कि बारवीं की परीक्षा में जो भी दो विषय में फेल छात्रों को पास करने के साथ ही स्कूटनी फीस सात सौ पचास है,उसे घटाकर कम किया जाए, इन मांगों को लेकर करीब सैंकड़ो छात्रों द्वारा चार घंटे आंदोलन करने के पश्चात नामकुम थाना के थानेदार ब्रह्मदेव प्रसाद पहुंचे, उनके नेतृत्व में छात्रों का एक प्रतिनिधि मंडल जैक अध्यक्ष से मुलाक़ात किया. इस दौरान जैक अध्यक्ष ने फेल हुए छात्रों को परीक्षा कॉपी दिखाने कि बात कही, वहीं स्कूटनी फीस कम नहीं होने की असमर्थता जताते हुए कहा कि बाद में प्रबंध कमेटी की बैठक के पश्चात वापस कर देने की बात कही. प्रतिनिधि मंडल के आश्वासन के बाद भी पुलिस प्रशासन द्वारा काफी समझाने के पश्चात भी उपस्थित छात्र पास करने की मांग पर अड़े रहे. इस दौरान काफी देर बाद थानेदार ने बलपूर्वक छात्रों को डरा धमकाकर कार्यालय समाज से खाली करवाया. हालांकि छात्र आश्वाशन के उपरांत भी असन्तुष्ट दिखे .

आस्था देर रात तक होती रहा श्रीमद्भागवत कथा का वाचन एवं श्रवण

# जहां सत्संग है वहीं आध्यात्मिक जीवन का आनंद है: निकुंज लाडली

सुनील कुमार गुप्ता



**बेड़ो।** शिव हनुमान मंदिर के पांच दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा समारोह के दूसरे दिन साध्वी निकुंज लाडली ने श्रीमद् भागवत गीता के अलग-अलग प्रसंगों का उल्लेख किया. उन्होंने कहा कि प्रभु के चरण में ही सदगति मिल सकती है. उन्होंने भगवान श्री कृष्णा की लीलाओं का जिक्र करते हुए कहा कि भगवान श्री विष्णु ने कृष्ण के रुप में बुराइयों का अंत करने के अवतार लिया था. इस मौके पर श्री कृष्ण के चरित्र का चित्रण किया गया. लोककलाकारों ने श्रीमद् भागवत गीता के पाठ के दौरान अपनी प्रस्तुति से लोगों का मन मोह लिया. इस दौरान श्रद्धालुओं ने आचार्य जितेंद्र पाठक के नेतृत्व में साध्वी निकुंज लाडली का भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया. इसके पूर्व वेद मंत्रोच्चार तथा शंख की प्रतिध्वनि के बीच यजमानों ने आचार्य जितेंद्र पाठक एवं यज्ञाचार्य पंडित सतीश जी के नेतृत्व में पर्णकुटी संस्कार, जलाधिवास, अन्नाधिवास तथा पुष्पाधिवास कार्यक्रम का आयोजन किया. जैसे जैसे शाम ढलती गई आस्था एवं श्रद्धा के बीच श्रीमद्भागवत कथा के वाचन एवं श्रवण के भक्ति रस का लोग पान करते रहे. निकुंज लाडली ने कहा कि लोगों को सांसारिक जीवन से निकलकर कुछ देर के लिए ही सही श्रीमद्भागवत कथा का श्रवण करना चाहिए. उन्होंने कहा कि जहां सत्संग है वहीं आध्यात्मिक जीवन का आनंद है. इस मौके पर देर रात तक भंडारा का आयोजन किया गया. कार्यक्रम को सफल बनाने में रामचंद्र गोप, रमेश महतो, सुरेंद्र गोप, ब्रजेश महतो, बबलू गोप, ईश्वर गोप, रमेश महतो, रविंद्र महतो, प्रमोद महतो, ओमप्रकाश गोप, प्रेम महतो, शिव गोप, राजकुमार गोप सहित कई लोगों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई.

न्यूज अपडेट

### बीडीओ ने मतदाता करने की दिलाई शपथ



**सोनाहातू।** प्रखंड मुख्यालय परिसर में मंगलवार को मतदाता जागरूकता अभियान को लेकर बीडीओ खगेश कुमार ने प्रखंड कर्मियों को शपथ दिलाया. मतदान के महत्व के साथ ही मतदान करने एवं मतदान कार्य में राष्ट्रीय कर्तव्य समझ कर हर हाल में तत्पर रहने के संकल्प के साथ सपथ दिलाया. कर्मियों ने लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए लोकतांत्रिक परंपराओं की मर्यादा को बनाए रखने का संकल्प लिया. साथ ही मतदाताओं को जागरूक करने में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने का भी संकल्प लिय. मौके पर प्रखंड व अंचल के कर्मी व जन प्रतिनिधि उपस्थित थे.

### तीसरे वार्षिकोत्सव पर 501 महिलाओं ने निकाली कलश यात्रा



**नामकुम।** श्री शिवेश्वर् संकट मोचन हनुमान मन्दिर के तीसरे वार्षिक उत्सव के अवसर पर 501 महिलाओं द्वारा कलश यात्रा निकाली गई, कलश यात्रा मन्दिर से सपाही नदी पहुँचा, फिर वहाँ से जल लेकर गाँव का भ्रमण करते हुए पुनः मन्दिर पहुंची. नेतृत्व नव युवक संघ पूजा समिति के संरक्षक मनोज कुमार सिंह, पुरोहित रामानंद पांडेय, मुखिया अनिता तिर्की ने संयुक्त रूप से किया. इस यात्रा में मुख्य रूप से कलश यात्रा मे सांसद संजय सेठ शामिल हुए. इस मौके श्री सेठ ने कहा कि ऐसे आयोजन जिससे सनातन और संस्कार की रक्षा हो, होते रहना चाहिए. मन्दिर प्रांगण मे खीर व शरबत का वितरण किया गया.

### नामकुम में जंगली हाथियों का उत्पात जारी



**नामकुम।** सिक्कीदिरी थाना क्षेत्र में जंगली हाथियों का आंतक थमने का नाम नहीं ले रहा है . सोमवार की देर रात एक जंगली हाथी ने उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय हुण्डरु जारा के दरवाजा तोड़कर मध्याह्न भोजन का चावल, दाल, आलू, चट कर गया .जंगली हाथी ने चाहरदीवारी को तोड़क़र अंदर घुसा. उसके बाद विद्यालय के किचेन कमरे का खिड़की और दरवाजा को तोड़ दिया. किचेन रूम में कुछ बचे चावल को बाहर निकाल कर चट कर गये. इसके बाद विद्यालय के दूसरे कमरे के दरवाजे को तोड़ कर अंदर घुस कर कमरे में रखे एक क्विंटल चावल, दस किलो दाल, आलू को खा गये.गांव के ही महेश बेदिया एवं सुकरा बेदिया के खेत में लगे गर्मा धान को खाकर एवं पैरों से रौंद कर बर्बाद कर दिया.

### बीडीओ के आश्वासन के बाद बोरिंग गाड़ी हुआ मुक्त

**मांडर।** मांडर थानाक्षेत्र के छोटा हातमा गांव में ग्रामीणों ने पिछले तीन दिनों से जल नल योजना के तहत बोरिंग करने पहुंचे एक बोरिंग गाड़ी को कब्जे में ले रखा था.ग्रामीणों द्वारा बोरिंग गाड़ी को कब्जे में लिए जाने की सूचना मिलने पर मांडर थाना पुलिस के साथ ही जिला परिषद सदस्य और मुखिया भी गांव पहुंचे थे,लेकिन ग्रामीण अपनी मांगों पर अड़े हुए थे . और बोरिंग गाड़ी को गांव के बीचों बीच खड़ी कर दिनरात उसकी निगरानी कर रहे है. ग्रामीणों की मांग थी कि जबतक गांव में नया गाड़ी आकर सफल बोरिंग नही करता है ,तब तक हमलोग इस गाड़ी को कब्जे में रखेंगे. क्या है मामला- करगे पंचायत अंतर्गत छोटा हातमा बस्ती में शनिवार 4 मई को जल नल योजना के तहत बोरिंग करने के लिए बोरिंग गाड़ी गांव पहुंची थी.गांव में दो अलग अलग स्थानों में बोरिंग करने के बाद भी जब पानी नही निकला तो बोरिंग कर रहे लोग गाड़ी लेकर वापस जाने लगे.बिना पानी निकाले जब गाड़ी वापस जाने लगी तो ग्रामीण जमा हो गए और गाड़ी को कब्जे में ले लिया.ग्रामीणों की मांग थी.

### लापुंग हाईस्कूल से छात्र छात्राओं ने निकाली प्रभात फेरी



**लापुंग।** लापुंग प्रखंड के राजकीय प्लस टू उच्च विद्यालय लापुंग एवं राज्य संपोषित प्लस टू उच्च विद्यालय ककरिया के तत्वावधान में अलग-अलग लोकसभा निर्वाचन को लेकर मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई और कई कार्यक्रम आयोजित किए गए. वहीं शिक्षक शिक्षिकाओं तथा प्रखंड एवं अंचल के कर्मियों ने प्रखंड विकास पदाधिकारी उषा मिंज एवं प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी शांति मुनी तिर्की के नेतृत्व में बाइक रैली निकाली.

### हाइवा मालिक व एकेटी के प्रतिनिधि आज से करेंगे हड़ताल

**पिपरवार।** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र स्थित बचरा स्वाधीनता स्वर्ण जयंती स्टेडियम में मंगलवार को एकेटी कम्पनी के प्रतिनिधि व हाइवा मालिकों की बैठक हुई. बैठक की अध्यक्षता सुशील सिन्हा एंव संचालन उमेश कुमार यादव ने किया. बैठक में सीएचपी/सीपीपी से बचरा साइडिंग तक होने वाली कोयला दुलाई कार्य से जुड़े सभी हाइवा मालिक शामिल हुए. बैठक में सीएचपी से बचरा साइडिंग तक की ट्रांसपोर्टिंग दूरी को लेकर आज से बंद का आह्वान किया . हड़ताल में सर्वसम्मति से एकेटी के प्रतिनिधि व सभी हाइवा ऑनर शामिल होने का निर्णय लिया गया.बैठक मे सुशील सिन्हा,उमेश कुमार यादव,छोटु खान,राजेश सिंह, छोटु सिंह,सुभाष साव, मनराज महतो, नरेन्द्र चौरसिया , अनिल पाण्डेय,मुन्ना खान,रविन्द्र महतो,नसीम खान, रामप्रकाश यादव,नवल सिंह,सलीम खान,मनोज साव,संजय यादव,सोनू खान,अजय विश्वकर्मा सहित काफी संख्या में एकेटी के प्रतिनिधि और हाइवा ऑनर मौजूद थे.

### कलश यात्रा के साथ भागवत कथा प्रारंभ



**इटकी।** बनियाटोली के रुद्र महाकाल मंदिर प्रांगण में आयोजित लक्ष्मी नारायण महायज्ञ सह भागवत कथा का अनुष्ठान मंगलवार को कलश यात्रा के साथ प्रारंभ हुआ. कलश यात्रा में ग्यारह सौ महिलाएं शामिल हुई, पूजा-अर्चना आचार्य जितेंद्र तिवारी के नेतृत्व में की गई. कलश यात्रा नया केशरी तालाब स्थित रुद्र महाकाल मंदिर से शुरू होकर महावीर चौक, बाजार टांड़ होते हुए जगन्नाथ मंदिर पहुंच जलाभिषेक किया, वहां से श्रद्धालु पुनः महायज्ञ स्थल पर पहुंचे. इधर देर शाम वृंदावन से आई कथावाचिका साध्वी देविका दीक्षित द्वारा भागवत कथा का प्रवचन किया गया जिसमें आसपास के गांव से सैकड़ो श्रद्धालु उपस्थित हुए. मौके पर थाना प्रभारी अभिषेक कुमार, अजीतq केशरी, कामेश बर्मन, अशोक गोप, अरविंद केशरी, आलोक केशरी, गुड्डू पांडेय सहित अन्य उपस्थित थे.

### पुंदाग ने ईरबा 11 को हराकर खिताब पर जमाया कब्जा



**ओरमांझी।** बरवे प्रीमियर लीग नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का खिताब पुंदाग क्रिकेट टीम ने जीता. सोमवार को सीएनबी ग्राउंड पतरा मैदान में टूर्नामेंट के तहत खेले गए फाइनल मुकाबले में अताउल्लाह ब्रदर्स पुंदाग की टीम ने ईरबा इलेवन क्रिकेट टीम ईरबा को पराजित कर खिताब पर कब्जा जमा लिया.फाइनल मैच देखने बड़ी संख्या में दर्शक आए थे.फाइनल मैच के मुख्य अतिथि टूर्नामेंट के संचालक सह झामुमो नेता जहूर अंसारी व विशिष्ट अतिथि कांग्रेस पार्टी के अल्पसंख्यक जिला उपाध्यक्ष रहीम अंसारी ने विजेता टीम पुंदाग की क्रिकेट टीम को 55 हजार रूपये व मेडल, कप उपविजेता टीम को 30 हजार रुपये व मेडल और तीसरा स्थान मांडू को 10 हजार व चौथा स्थान बड़ागांई को 10 हजार दिया गया.

**श्रद्धा-भक्ति :** श्री शिवेश्वर संकट मोचन हनुमान मंदिर के वार्षिकोत्सव पर भजन संध्या का आयोजन

# 501 श्रद्धालु महिलाओं ने निकाली भव्य कलश यात्रा

संवाददाता। रांची



**खास बातें**

- सांसद संजय सेठ ने कलशयात्रा में निभायी अपनी सहभागिता
- मंदिर के प्रांगण में खीर और शरबत का किया गया वितरण

श्री शिवेश्वर संकट मोचन हनुमान मन्दिर के तीसरे वार्षिकोत्सव पर मंगलवार को 501 महिलाओं द्वारा कलश यात्रा निकाली गयी. कलशयात्रा का नेतृत्व नव युवक संघ पूजा समिति के संरक्षक मनोज कुमार सिंह, पुरोहित रामानंद पांडेय एवं मुखिया अनिता तिर्की ने संयुक्त रूप से किया. कलश यात्रा में सांसद संजय सेठ शामिल हुए. सांसद ईचागढ़ जाने के क्रम में कलश यात्रा में शामिल भक्तों को अपनी ओर से शुभ कामना देते हुए कहा कि ऐसे आयोजन, जिससे सनातन और संस्कार की रक्षा हो, होते रहना चाहिए. कलश यात्रा मन्दिर से सपाही नदी पहुंची. फिर वहाँ से जल लेकर गांव का भ्रमण करते हुए पुनः मन्दिर पहुंची. यात्रा के दौरान जय श्री राम के नारे से वातावरण राममय हो गया. मन्दिर प्रांगण में खीर का वितरण एवं शरबत का वितरण किया गया. शाम में भजन संध्या कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया. भजन संध्या कार्यक्रम की प्रस्तुति शिव शक्ति जागरण ग्रुप द्वारा की गयी. इस अवसर पर मनोज कुमार सिंह, रामानंद पांडेय, अनिता तिर्की, कृष्णा गोप, बिकू सिंह, विमल कुमार, शंकर पांडेय, विरेन सिंह, राजू गोप, सुरेन सिंह, उमेश गोप, अंशु गोप, रवि पांडेय, शारदा देवी, सुषमा देवी, ममता देवी, कमलेश राम, अशोक मुंडा, प्रमोद सिंह, शारदा देवी, सुबोध सिंह, शनि कुमार, मीनू देवी, भानु देवी, विरेन सिंह, महेश्वर स्वंसी, बिनोद सिंह, कृष्णा कुमार, संदीप स्वाँसी, रंथु गोप सहित सैक्डो की संख्या में श्रधालु उपस्थित थे.

# सुंदरकांड से गूंजता रहा श्रीश्याम मंदिर

संवाददाता।रांची



श्रीश्याम मंदिर का परिसर मंगलवार को सुंदरकांड और हनुमान चालीसा पाठ से गुंजायमान रहा. पाठ वाचक मनीष सारस्वत और ओम शर्मा के सान्निध्य में इस बार श्रद्धालुओं ने सस्वर पाठ कर वीर बजरंगी के श्रीचरणों में श्रद्धा अर्पित की. इसी के साथ मंदिर का साप्ताहिक सौवां पाठ संपन्न हुआ.

पाठ की शुरुआत शाम चार बजे पूजा-अर्चना से हुई. यजमान अमरनाथ टेकरीवाल और इंदु देवी ने परिवार संग हनुमान जी की अखंड ज्योत प्रज्वलित की. मंडल के उपमंत्री अनिल नारनोली ने पूजन-अनुष्ठान संपन्न कराया. इसके बाद पाठ शुरू हुआ, जो शाम सात बजे आरती के साथ संपन्न हुआ. मौके पर सभी के बीच प्रसाद बांटा गया. मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी, श्रवण ढानढनिया, पुष्पा देवी पोद्दार, कौशल चौधरी ने इसमें मुख्य रूप से हिस्सा लिया.

**अमावस्या महास्नान पर्व आज :** श्रीश्याम मंदिर, हरमू रोड में आठ मई को वैशाख माह के अमावस्या का स्नान श्रीश्याम को कराया जायेगा. गौरव अग्रवाल मोनू ने बातया कि खाटू धाम की परंपरा के अनुसार मंदिर में भी विशेष अनुष्ठान किये जाते हैं. इसी कड़ी में इसका खास आयोजन किया जा रहा है.

उन्होंने बताया कि सुबह मंगल आरती के बाद आचार्य द्वारा नेम-निष्ठा से अमावस्या पर्व का स्नान प्रभु को कराया जाएगा. साथ ही विभिन्न प्रकार के फूलों से बाबा श्याम का शृंगार होगा. मोनू ने बताया कि शनिवार को 111 वां श्री श्याम भंडारा शाम पांच बजे से शुरू होगा. उन्होंने श्रद्धालुओं से इसमें भाग लेने की अपील की है.

अक्षय तृतीया 10 मई को, दान-पुण्य कर श्रद्धालु करेंगे अक्षय फल की कामना, होगी खरीदारी

# सजा सर्राफा बाजार, आयी ऑफरों की बहार

संवाददाता। रांची



अक्षय तृतीया पर दस मई को श्रद्धालु जहां दान-पुण्य कर अक्षय फल की कामना करेंगे, वहीं जमकर सोना-चांदी और हीरे आदि के गहनों की खरीदारी भी करेंगे. इसके मद्देनजर ग्राहकों को लुभाने के लिए शहर का सर्राफा बाजार सज-धज कर तैयार है. हर जगह ऑफरों की बहार है. कहीं सोने और चांदी के सिक्के के साथ मेकिंग चार्ज में डिस्काउंट दिया जा रहा है तो कहीं इसके साथ सीधा छूट देने की भी योजना है. ज्वेलरी शो रूम में सोना-चांदी के साथ हीरा भी अपनी चमक बिखेरेगा. सोने-चांदी संग एफोर्डबल रेंज वाली खूबसूरत हीरे के ज्वेलरी पर भी सर्राफा व्यापारियों ने विशेष छूट दे रखा है. डायमंड स्टेटस सिम्बल होने के साथ निवेश का जरिया भी बन चुका है. ऐसे में एक से बढ़ कर एक डायमंड के गहनों से भी बाजार गुलजार है.

### पंचांग देखने की जरूरत नहीं

आचार्य श्रीकृष्ण ने बताया कि अक्षय तृतीया को अभिजीत, अबूझ मुहुर्त और सर्वसिद्धि मुहूर्त भी कहा जाता है. इस दिन किसी भी शुभ कार्य करने के लिए पंचांग देखने की जरूरत नहीं पड़ती. माना जाता है कि इस दिन किया गया कार्य अक्षय हो जाता है. इसी भाव से लोग दान-पुण्य के साथ सोना-चांदी आदि की खरीदारी जम कर करते हैं.

### कहते हैं सर्राफा कारोबारी

त्रिभुवन संस ज्वेलर, मेन रोड के संचालक प्रदीप कुमार ने बताया कि हल्के वजन के सोने और हीरे के गहनों की मांग को ध्यान में शो रूम में ज्वेलरी के बेहतरीन वेराइटी मंगायी गयी है. उन्होंने बताया कि सोना महंगा होने के बाद भी अक्षय तृतीया पर बाजार ठीक-ठाक रहने की उम्मीद है. चांदबाली, झूमके और इयर रिंग सोना, कुंदन, एनटिक और पोलकी में मनभावन संग्रह शो रूम में उपलब्ध है. सही वजन, दाम और शुद्ध मान के गहने यहां से प्राप्त किये जा सकते हैं. अलंकार ज्वेलर्स, मेन रोड के संचालक आशीष वर्मा ने बताया कि पहनावे में बदलाव को ध्यान में रख अक्षय तृतीया के मौके पर हल्के गहनों का नया ट्रेंड लॉच किया गया है. विवाह लग्न न होने के बाद भी महत्वपूर्ण दिन होने के कारण अच्छी बिक्री की संभावना है. त्रिमूर्ति ज्वेलर्स, पिस्का मोड़ के मनीष वर्मा ने बताया कि यहां अक्षय तृतीया पर विशेष ऑफर दिया जा रहा है. दो लाख से उपर की खरीदारी पर आकर्षक छूट देने की योजना है. खरीदारी के अनुसार चांदी के सिक्के भी मुफ्त दी जा रही है.



### बढ़े भाव तो कम हुआ वजन

स्वर्णकार समाज के अध्यक्ष और सर्राफा कारोबारी संतोष सोनी बताते हैं कि सोना-चांदी और डायमंड की विक्री में ज्यादा फर्क नहीं आया है. भाव बढ़ने से वजन कम हो गया है. लोग पहले हेवी-वेट गहनों की खरीदारी करते थे, लेकिन अब लाइट-वेट गहनों की मांग ज्यादा रहती है. यही कारण है कि एक से सवा ग्राम तक के गहने भी बाजार में उपलब्ध है.

### मिल रहा दुर्लभ संयोग

अक्षय तृतीया पर दुर्लभ संयोग मिलने से इसका मान और भी बढ़ गया है. आचार्य अजय मिश्रा ने पंचांगों की गणना कर बताया कि शुक्रवार को चंद्रमा अपनी उच्च राशि यानी वृषभ राशि में मौजूद रहेंगे. सूर्य भी अपनी उच्च राशि यानी मेष में होंगे. इसके अलावा अक्षय तृतीया के दिन रोहिणी नक्षत्र रहेगा और रवि, धन, गजकेसरी, शुक्रादित्य, शश, लक्ष्मी नारायण और त्रिग्रही योग का दुर्लभ संयोग मिलने से इसका मान और भी बढ़ गया है.

### दान-पुण्य का है विशेष महत्व

आचार्य चंद्रकांत ने बताया कि धर्म शास्त्र में इस तिथि को सतयुग के आरंभ की तिथि माना गया है. इस दिन भगवान श्रीनारायण की पूजा-आराधना, गंगा स्नान और दान-पुण्य फलदायी है. भगवान विष्णु के छठे अवतार भगवान परशुराम की जयंती भी मनायी जाएगी. फल, वस्त्र, पंखा, चावल, घड़ा, चीनी, नमक, साग आदि दान में देना पुण्यकारी है.

# मेजर विनीत को मिला झारखंड रत्न पीपुल्स च्वाइस अवार्ड



संवाददाता। रांची


साइबरपीस फाउंडेशन के संस्थापक अध्यक्ष मेजर विनीत कुमार को सामाजिक उद्यमी श्रेणी में प्रतिष्ठित झारखंड रत्न पीपुल्स च्वाइस अवार्ड के लिए चुना गया है. रांची क्लब लिमिटेड में आयोजित एक कार्यक्रम में मंगलवार को उन्हें सम्मानित किया गया. साइबर शांति और साइबर सुरक्षा जागरूकता को बढ़ावा देने के क्षेत्र में अथक प्रयासों के लिए मेजर कुमार को यह सम्मान प्रदान किया गया. पुरस्कार समारोह में झारखंड के 200 से अधिक प्रतिष्ठित अतिथियों ने भाग लिया. उनमें टीवी अभिनेता काम्या पंजाबी और पूर्व भारतीय क्रिकेटर सौरभ तिवारी जैसी प्रतिष्ठित हस्तियां शामिल थीं.

समारोह में बताया गया कि मेजर विनीत कुमार एक समर्पित सामाजिक उद्यमी हैं, जो डिजिटल दुनिया में साइबर सुरक्षा, सुरक्षा, समावेशिता और शांति को बढ़ावा देने के लिए अपनी अटूट प्रतिबद्धता के लिए जाने जाते हैं. उनकी उल्लेखनीय यात्रा में यूके के क्रैनफील्ड विश्वविद्यालय में साइबर डिफेंस तथा सूचना आश्वासन और कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय में नेतृत्व का अध्ययन शामिल है. उन्होंने झारखंड सरकार के लिए मुख्य प्रौद्योगिकी अधिकारी (सीटीओ) और साइबर डिफेंस रिसर्च सेंटर (सीडीआरसी) के प्रमुख के रूप में कार्य करने सहित कई उल्लेखनीय पदों पर कार्य किया है. अपनी पेशेवर भूमिकाओं से परे, उन्होंने प्रादेशिक सेना में सेवा करके राष्ट्रीय सुरक्षा में योगदान दिया है.

बताया गया कि झारखंड रत्न पुरस्कार उन लोगों की उपलब्धियों का जश्न मनाने का प्रयास है, जिन्होंने समाज में महत्वपूर्ण योगदान दिया है और अपने समुदायों पर सकारात्मक प्रभाव डालना जारी रखा है. इस वर्ष मानद पुरस्कार श्रेणी में प्रसिद्ध सामाजिक कार्यकर्ता एवं विकास भारती बिशुनपुर के संस्थापक सचिव अशोक भगत को भी झारखंड रत्न पुरस्कार से सम्मानित किया गया है. पुरस्कारों की परिकल्पना प्रामाणिकता और सम्मान के एक हस्ताक्षर उत्सव के रूप में की गई है. मेजर विनीत कुमार के नेतृत्व में साइबरपीस फाउंडेशन एक अग्रणी नागरिक समाज संगठन है, जो साइबर खतरों के खिलाफ सामूहिक लचीलापन बनाने के लिए काम कर रहा है.

# नवनियुक्त प्रबंधन प्रशिक्षुओं के लिए इंडक्शन प्रोग्राम का आयोजन

संवाददाता। रांची



**खास बातें**

- कंपनी के विविध कार्यो से परिचित कराना उद्देश्य
- निदेशकों ने प्रशिक्षुओं को दिये अमूल्य सलाह

सीसीएल में प्रतिभा को निखारने और उत्कृष्टता को बढ़ावा देने के साथ नवनियुक्त अधिकारियों को कम्पनी के विविध कार्यो से परिचित कराने के उद्देश्य से मंगलवार को मैनेजमेंट ट्रेनी इंडक्शन प्रोग्राम का आयोजन किया गया. इस अवसर पर सीसीएल निदेशक (वित्त) पवन कुमार मिश्रा, निदेशक (कार्मिक) हर्ष नाथ मिश्र, निदेशक (तकनीकी/योजना एवं परियोजना) सतीश झा, निदेशक (तकनीकी/संचालन) हरीश दुहान, मुख्य सतर्कता अधिकारी पंकज कुमार, जीएम (एचआरडी) आरके पांडेय, जीएम (अधिकारी स्थापना) एस के ठाकुर, जीएम (ऑपरेशन) मेराज अहमद और एचओडी (श्रमशक्ति) कविता गुप्ता एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे. उद्घाटन सत्र में निदेशकगणों ने प्रशिक्षुओं के लिए अमूल्य सलाह दिए एवं अपने कार्यानुभवों को साझा किया.

इस दौरान कुल 12 प्रबंधन प्रशिक्षुओं ने कंपनी में अपने पेशेवर जीवन के यात्रा शुरू की. इनमे एक महिला खनन इंजीनियर भी शामिल थी जो कंपनी के कार्यबल में विविधता और समावेशिता को प्रदर्शित करता है. जीएम (एचआरडी) आर के पांडेय ने कार्यक्रम के आरम्भ में सभी गणमान्य व्यक्तियों और प्रतिभागियों का हार्दिक स्वागत किया. सत्र के दौरान, निदेशकगणों और मुख्य सतर्कता अधिकारी ने सौंपी गई भूमिकाओं को पूरा करने में समर्पण और ईमानदार प्रयास के महत्व को रेखांकित किया साथ ही प्रशिक्षुओं से अपने अनुभवों को समृद्ध करने के लिए वरीय अधिकारियों के साथ सक्रिय रूप से जुड़ने की सलाह दी.

# सरला बिरला स्कूल में अवेकेंड सिटीजन कार्यक्रम का आयोजन

संवाददाता। रांची

सीबीएसई ने रामकृष्ण मिशन, गुड़गांव के सहयोग से 6 मई 2024 को सरला बिरला पब्लिक स्कूल, रांची के परिसर में अवेकेंड सिटिजन कार्यक्रम '(प्रिंसिपल ओरिएंटेशन ऑन वैल्यु एजुकेशन) का आयोजन किया. कार्यक्रम का उद्घाटन समरजीत जाना, डिस्ट्रिक्ट ट्रेनिंग कॉर्डिनेटर व प्राचार्य, जवाहर विद्या मंदिर, रांची और परमजीत कौर, डेप्युटी सिटी कॉर्डिनेटर और प्राचार्या, सरला बिरला पब्लिक स्कूल रांची ने किया. सत्र के मुख्य वक्ता स्वामी संतात्मानंद थे. सत्र के अन्य वक्ता डॉ. नंदिनी शेषाद्रि और डॉ. उर्मिला सिंह थीं. कार्यक्रम का शुभारंभ श्रीमद्भगवद्गीता के श्लोकों से किया गया. सत्र की शुरुआत इस चर्चा से हुई कि नैतिक मूल्य हमारे जीवन में क्यों महत्वपूर्ण हैं. अनुभावात्मक शिक्षा, कार्यप्रणाली और जीवन जीने के मॉडल और आंतरिक मूल्यों को विकसित करने पर भी चर्चा की गई. सत्र में झारखंड के विभिन्न स्कूलों के 60 से अधिक प्रधानाध्यापकों ने भाग लिया. प्राचार्या परमजीत कौर ने स्कूलों में ऐसे जागरूकता बढ़ाने वाले सत्र आयोजित करने पर बल दिया.



# एसआर डीएवी पुंदाग में 'मैं भी इलेक्शन एंबेसडर' प्रतियोगिता

संवाददाता। रांची



एसआर डीएवी पब्लिक स्कूल, पुंदाग में मंगलवार को 'मैं भी इलेक्शन एंबेसडर' प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. इसके अंतर्गत कक्षा षष्ठ से नवम तक के विद्यार्थियों ने ऑनलाइन तथा ऑफ लाइन मोड में आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लिया. कक्षा षष्ठ के विद्यार्थियों ने मतदान के प्रति जागरूकता अभियान चलाने हेतु बैज बनाएं, कक्षा सप्तम के विद्यार्थियों ने सुंदर पोस्टर बनाकर मतदान के महत्त्व को दर्शाया. कक्षा अष्टम के विद्यार्थियों ने अपने माता-पिता को पत्र लेखन के माध्यम से मतदान करने के लिए प्रेरित किया.

कक्षा नवम के विद्यार्थियों ने स्लोगन तथा कार्टून बनाकर मतदान करने का संदेश दिया.



प्राचार्य एस. के. मिश्र ने विद्यार्थियों के द्वारा बनाए गए बैज, पोस्टर, स्लोगन, कार्टून की प्रशंसा करते हुए कहा कि विद्यार्थी देश के भावी कर्णधार है. इसलिए उनके द्वारा मतदान के प्रति जागरूकता अभियान का हिस्सा बनना प्रशंसनीय है. इन प्रतियोगिताओं के विजेता प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान करके सम्मानित किया जाएगा.

**समस्या** चैंबर भवन में डायरेक्ट टैक्स उप समिति की बैठक में समाधान के लिए दिया गया सुझाव

# झारखंड में होना चाहिए प्रिंसिपल कमिशनर ऑफ इनकम टैक्स का पद

संवाददाता। रांची



डायरेक्ट टैक्स उप समिति की बैठक उप समिति चेयरमैन दीपक गरोडिया एवं जेपी शर्मा की अध्यक्षता में चैंबर भवन में हुई. ट्रस्ट सोसाइटी के रजिस्ट्रेशन और एक्जेम्प्शन और हियरिंग के लिए एवं सर्च एंड सर्वे केस के लिए भी पटना स्थित कार्यालय जाना पड़ता है, जिससे सभी को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है. इसके लिए सुझाया गया कि झारखंड में प्रिंसिपल कमिश्नर ऑफ इनकम टैक्स का पद होना चाहिए, ताकि सभी को सुविधा हो सके और हर काम के लिए पटना नहीं जाना पड़े. भविष्य निधि एवं कर्मचारी राज्य बीमा निगम के भुगतान में यदि एक दिन भी विलंब हो तो उसे आयकर विभाग द्वारा अस्वीकार करार कर दिया जाता है, इस प्रावधान में सुधार की जरूरत है. आयकर (अपील) विभाग में काफी समय से कई सारी फाइल लंबित चल रही है, इसका निपटारा जल्द से जल्द होना चाहिए. मौके पर चैंबर अध्यक्ष किशोर मंत्री, महासचिव परेश गट्टानी, उपाध्यक्ष आदित्य मल्होत्रा, उप समिति चेयरमैन सीए दीपक गरोडिया, सीए जेपी शर्मा, सदस्य सीए अनिश रानासरिया, सीए आदित्य शाह, सीए विनय गोयनका आदि सदस्य शामिल थे.

### चैंबर की इंटरैक्टिव मीटिंग कल

**केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण होंगी शरीक**

**रांची।** फेडरेशन ऑफ झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज की ओर से इंटरैक्टिव मीटिंग का आयोजन 9 मई को होटल रेडिशन ब्लू में दिन के 11 बजे से किया जा रहा है. मुख्य अतिथि के रूप में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण शामिल होंगी. इसकी तैयारियों पर मंगलवार को चैंबर भवन में अध्यक्ष किशोर मंत्री की अध्यक्षता में कार्यकारिणी समिति व पूर्व अध्यक्षों की संयुक्त बैठक हुई. कार्यक्रम स्थल पर उचित व्यवस्था की तैयारियों की समीक्षा करते हुए सदस्यों को कार्य की जिम्मेवारियां सौंपी गईं. चैंबर अध्यक्ष किशोर मंत्री ने कहा कि वित्त मंत्री व स्टेकहोल्डर्स के बीच संवाद होने से प्रदेश में औद्योगिक गतिविधियों को गति की संभावना बनेगी. इंटरैक्टिव मीटिंग में झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी शामिल होंगे. मौके पर चैंबर उपाध्यक्ष आदित्य मल्होत्रा, राहुल साबू, महासचिव परेश गट्टानी, सह सचिव अमित शर्मा, कोषाध्यक्ष ज्योति कुमारी, कार्यकारिणी सदस्य नवजोत अलंग, साहित्य पवन, संजय अखौरी, पूर्व अध्यक्ष ललित केडिया, अरूण बुधिया, पवन शर्मा, विनय अग्रवाल, कुणाल अजमानी शामिल थे.



# इस्कॉन का साप्ताहिक सत्संग



संवाददाता। रांची

पिस्का मोड़ स्थित विश्वनाथ अपार्टमेंट में मंगलवार को इस्कॉन का साप्ताहिक सत्संग हुआ. संध्या सात बजे गुरु वंदना से कार्यक्रम की शुरुआत हुई. इसके बाद श्रद्धालुओं को सतगुरु के जीवन दर्शन और उनके उद्देश्यों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई. साथ ही हरे राम हरे कृष्णा का अखंड कीर्तन किया गया. रात 9:00 बजे आरती के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ.

अंत में अनुयायियों ने एक पंक्ति में बैठकर ईश्वर का प्रसाद ग्रहण किया. अरुण देव, रंजीत, आनंद पाठक, चंदन घोष, रवि लोचन, अंशुमन, विक्रम प्रभु आदि ने इसके आयोजन में मुख्य योगदान किया. अरुण देव ने बताया कि अब प्रत्येक मंगलवार को यहां सत्संग और भक्ति के कार्यक्रम होंगे.

## जनता की भलाई बनाम मलाई

जनता की भलाई बनाम मलाईआज से लगभग चौबीस वर्ष पांच महीने पूर्व बड़े अरमान से लंबे संघर्ष के बाद झारखंड राज्य का गठन हुआ. इससे पूर्व चारा घोटाले जैसे बड़े-बड़े घोटालों ने इस क्षेत्र के विकास के अरमान को तार-तार कर रखा था. झारखंड अलग राज्य के गठन के बाद आशा के दीप जगमगा उठे थे. कारण, प्रकृति ने इसे अकूत वन संपदा और खनिजों के अक्षय भंडार उपहार के रूप में दे रखा है. तब आवश्यकता थी कि उन संसाधनों का समुचित उपयोग कर ईमानदारी पूर्वक झारखंड को विकास के पथ पर अग्रसर किया जाएगा, लेकिन मूंड़ मुड़ाते ही ओले पड़ने लग गये, जब सत्ता और वर्चस्व के लिए राजनेताओं के बीच किच-किच शुरू हो गयी. जद्दोजहद के बाद केंद्र की भाजपानीत सरकार ने अपने खेमे के नेता बाबूलाल मरांडी को सत्ता सौंप दी. मंत्रिमंडल के गठन के बाद एक असंतुष्ट मंत्री ने खुले आम कहा कि मलाईदार विभाग आपलोगों ने आपस में बांट लिये और छांछ मेरे लिए छोड़ दिया. उस समय उनकी बात को गंभीरता से नहीं लिया गया, लेकिन इसका आशय यह जरूर समझा गया कि यहां विधायक और मंत्री केवल और केवल मलाई के लिए बना जाता है. जनता मरे या जीये, इन्हें परवाह नहीं. जनता की भलाई से अधिक महत्वपूर्ण मलाई हो गयी. इसके बाद झारखंड में बहुत सारे बहुत प्रकार के खेल हुए. कुछ प्रकाश में आये तो कुछ दबे ही रह गये. वर्तमान में जहां देश में लोकसभा चुनाव की सरगर्मी चरम पर है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपनी चुनावी सभाओं में विपक्षी दलों पर वार पर वार किये जा रहे हैं, ऐसे समय में झारखंड के वर्तमान ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम के आप्त सचिव संजीव लाल के नौकर जहांगीर आलम और बिल्डर मुन्ना सिंह के घर से ईडी की छापेमारी में करीब 40 करोड़ नगद तथा जेवरात की बरामदगी करैले पर नीम चढ़ने जैसा महसूस हो रहा है. यह तो साफ है कि एक नौकर उतनी बड़ी राशि का अर्जन तो नहीं कर सकता. वे रुपये कहां से आये या किसके हैं, यह तो जांच के बाद स्पष्ट होगा, लेकिन फिलहाल इस समाचार के बाद लोग यह सोचने पर मजबूर हो गये हैं कि जिसके नौकर के घर पर करोड़ों की करेंसी मिलती है, उस पीएस की माली हैसियत कैसी होगी. जबतक इस बात का खुलासा नहीं हो जाता कि जहांगीर के घर से बरामद रुपये किसके हैं, तब तक सीधे तौर पर कुछ कहना उचित नहीं है. फिर भी वर्तमान चुनाव के समय कांग्रेस ने भाजपा को अपने खिलाफ जो एक मजबूत हथियार थमा दिया है, उसका वार तो कांग्रेस ही नहीं, बल्कि पूरे इंडिया गठबंधन को झेलना पड़ेगा. इससे पूर्व कांग्रेसी नेता धीरज साहू के ठिकानों से भी छापेमारी में 351 करोड़ से अधिक नगद रुपये की बरामदगी हुई थी, लेकिन धीरज साहू ने सीधे स्वीकार कर लिया था कि वे रुपये उन्हीं के हैं और उनके कारोबार से अर्जित हैं. उसके बाद की इस दूसरी बरामदगी की हालत दूसरी ही है, क्योंकि यह कोई कहनेवाला नहीं है कि ये करोडों रुपये उसके ही हैं. ऐसे हालात में कांग्रेस या उसके अन्य सहयोगी दलों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा के भ्रष्टाचार के आरोपों के वार से खुद को बचा पाना आसान नहीं होगा. झारखंड का समुचित विकास तभी संभव होगा, जब यहां के राजनेता मलाई का मोह त्याग कर जनता की भलाई को महत्व देने लगेंगे. हालांकि यह कहना समीचीन होगा कि हम्माम में सभी नंगे हैं.

> जनता मरे या जीये, इन्हें परवाह नहीं. जनता की भलाई से अधिक महत्वपूर्ण मलाई हो गयी. इसके बाद झारखंड में बहुत सारे बहुत प्रकार के खेल हुए.

### सुभाषित

**सर्वोपनिषदो गावः दोग्धाः गोपालनन्दनः।**
**पार्थो वत्सः सुधीः भोक्ता दुग्धं गीतामृतं महत्॥**

समस्त उपनिषद गाय हैं, श्री कृष्ण उन गायों के रखवाले हैं, पार्थ (अर्जुन) बछड़ा है जो उनके दूध का पान करता है और गीतामृत ही उनका दूध है। अर्थात् समस्त उपनिषदों का सार गीता ही है. इसलिए गीता का अध्ययन, मनन और पाठ उपनिषदों के अध्ययन-मनन के समान ही है.


# जीत के लिए लोकतंत्र की मर्यादा का चीरहरण

**प्रश्न यहां यह भी है कि क्या हमारे ये मार्गदर्शक इसलिए इस भाषा का प्रयोग करते हैं कि जनता में सत्तारूढ़ या विपक्षियों का मन उनकी ओर आकर्षित हो और उनकी बातों में आकर उनके पक्ष में मतदान करके उन्हें सत्ता की कुर्सी हासिल करा दे? इसीलिए कहा तो यह भी जाता है कि दुनिया में राजनीतिज्ञों का एक खेल चलता रहता है. सभी लोकतांत्रिक देशों में दो पार्टियां होती हैं, भारत में भी यही हाल है. यहां भी दो पार्टियां हैं और यहां भी खेल चलता रहता है. जनता मूर्ख बनती रहती है.**





**• देश-काल**



निशिकांत ठाकुर

सच तो यह है कि जब तक आप सत्ता की ताकत में हैं, सत्तासीन हैं, आप 'सबकुछ' हैं. लेकिन, उससे भी बड़ा सच यह है कि सत्ता कभी किसी का गुलाम नहीं रहती. जिस दिन आपकी कुर्सी चली जाती है, आप सत्ताच्युत हो जाते हैं, उसी दिन से आपकी स्थितियां बदलनी शुरू हो जाती हैं. हां, यह भी सच है कि अपवाद के तौर पर कुछ ऐसे भी महापुरुष हुए, जिन्होंने कभी कुर्सी हासिल कर सत्ताधीश कहलाने का लोभ नहीं पाला और देश के बेहतर भविष्य के लिए अपना सर्वस्व होम करते रहे या किया. ऐसे ही महापुरुष थे महात्मा गांधी, जिन्होंने विश्व में स्थापित कर दिखाया कि निःशस्त्र होकर भी देश का हित किया जा सकता है. सामाजिक बुराइयों, यहां तक कि बड़े से बड़े ताकतवर को भी चारों खाने चित्त किया जा सकता है. यह मात्र एक उदाहरण है, लेकिन यदि आजादी के वीरों-क्रांतिकारियों की बात करें, तो शहीद-ए-आजम भगत सिंह, चंद्रशेखर आजाद, बटुकेश्वर दत्त जैसे हजारों क्रांतिकारी थे, जो इस देश को बचाने, देश को आजाद कराने में आखिरी सांस तक दुश्मनों से लोहा लेते रहे और अपना सर्वोच्च बलिदान भी दिया. हम उन महान शहीदों, स्वतंत्रता सेनानियों को तहेदिल से नमन करते हैं. धन्य थे वे, जिन्होंने अपना नहीं, बल्कि देश की आनेवाली पीढ़ियों का ही हमेशा हित-लाभ देखा.

अब यदि आज के राजनीतिज्ञों को उसी पैमाने पर तौलें, तो क्या बानगी होगी, इसे आज के समाज को समझने की अनिवार्य आवश्यकता है. हमारे स्वतंत्रता सेनानियों ने देश पर राज करने वाले अंग्रेजों के खिलाफ कभी भी अपशब्दों का प्रयोग किया हो, ऐसा इतिहास में देखने को कहीं नहीं मिलता. दरअसल, वे जान की परवाह किए बिना चुनौतियों, आक्रांताओं से जूझ जाते थे, लेकिन अपशब्द का प्रयोग कभी नहीं करते थे, न ही उनके पुरखों को गाली देते थे. लेकिन, अभी देश में सात चरणों में हो रहे लोकसभा चुनाव के दो चरण संपन्न हो चुके हैं और सत्तापक्ष और विपक्ष जिस प्रकार एक-दूसरे के लिए गाली-गलौज पर उतर आए हैं, उससे लोकतांत्रिक प्रक्रिया को तार-तार होते हर कोई देख सकता है. चुनावी भाषणों में जिन विशेषणों का प्रयोग एक पक्ष दूसरे पक्ष के लिए करने लगे हैं, वे नितांत शर्मसार करने वाले होते हैं. यहां तक कि प्रधानमंत्री स्वयं इस शब्दावली का प्रयोग करने से कतई नहीं चूकते, जैसा कि पिछले दिनों कर्नाटक की एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए तंज कसा और कहा, 'कांग्रेस ने तुष्टीकरण और वोट बैंक को ध्यान में रखकर हमारा और इतिहास-स्वतंत्रता संघर्ष लिखवाया. आज भी कांग्रेस के 'शहजादे' (राहुल गांधी) उस पाप को आगे बढ़ा रहे हैं.' वहीं, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कहते हैं कि 'दंगे और देश का विभाजन करना चाहता है विपक्ष.' समझ में यह बात नहीं आती कि राज्य और केंद्र, दोनों जगह जब आपकी ही सरकार है, तो इस लिहाज से जनता की सुख-शांति की जिम्मेदारी भी आपकी सरकार की ही बनती है, फिर विपक्ष देश का विभाजन कैसे करा सकता है?

वहीं, इंडिया गठबंधन और बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव आरोप लगाते हैं कि 'मोदी समाज में विघटन और विभाजन पैदा करना चाहते हैं.' इस तरह के आरोप-प्रत्यारोप और अनर्गल शब्दों का प्रयोग जो समाज के पथ-प्रदर्शक माने जाते हैं, उनके द्वारा किए जाने की उम्मीद आज का समाज नहीं करता है. प्रश्न यहां यह भी है कि क्या हमारे ये मार्गदर्शक इसलिए इस भाषा का प्रयोग करते हैं कि जनता में सत्तारूढ़ या विपक्षियों का मन उनकी ओर आकर्षित हो और उनकी बातों में आकर उनके पक्ष में मतदान करके उन्हें सत्ता की कुर्सी हासिल करा दे? इसीलिए कहा तो यह भी जाता है कि दुनिया में राजनीतिज्ञों का एक खेल चलता रहता है. सभी लोकतांत्रिक देशों में दो पार्टियां होती हैं, भारत में भी यही हाल है. यहां भी दो पार्टियां हैं और यहां भी खेल चलता रहता है. जनता मूर्ख बनती रहती है. उन दोनो पार्टियों में एक सत्ता में होती है और उसे जो करना होता है, करती ही रहती है. जो पार्टी सत्ता में नहीं होती है, बाहर रहकर वह अपनी ताकत जुटाती है और इसी के बल पर सत्ता में आ जाती है या उसके आने की संभावना बन जाती है. इन दोनों के बीच जनता को गुमराह करने का एक षड्यंत्र होता है. एक सत्ता में होता है, दूसरा आलोचक हो जाता है. ऐसा ही अपने देश में भी हो रहा है.

काश, ऐसा नहीं होता और देश में किसने क्या किया, इस पर दोनों पक्ष द्वारा सार्वजनिक रूप से बहस होती, ताकि जनता के समक्ष दूध का दूध और पानी का पानी हो जाता. उसका भ्रम दूर हो जाता. इस तरह के सार्वजनिक बहस तो विश्व के विकसित कई लोकतांत्रिक देशों में होता रहा है, तो फिर भारत में ऐसा क्यों नहीं हो सकता. कहीं इसका अर्थ यह तो नहीं कि राजनीतिज्ञ अभी भी भारत की जनता को उस योग्य नहीं मानते कि उनके समक्ष सार्वजनिक रूप से यह स्पष्ट कर सके कि हमारा देश अभी विकसित नहीं हुआ है या समाज उस तरह से शिक्षित नहीं हो सका है जिनके समक्ष बहस में वे अपनी बात रख सकें. यदि हमारा देश, हमारी जनता उस तरह से विकसित नहीं हुई है, तो इसमें किसका दोष है? क्या उस जनता की या उस पर राज्य करने वाले उन नेताओं की, जिन पर उसे विकसित करने का और देश को आगे बढ़ाने की जिम्मेदारी रहती है. ऐसा इसलिए, क्योंकि जब आज सत्तारूढ़ दल द्वारा पिछली सरकार पर यह आरोप लगाया जाता है कि आजादी के सत्तर वर्षों में देश का कुछ भी विकास नहीं हुआ, तो आज के सत्तारूढ़ से यह प्रश्न नहीं किया जाना चाहिए कि उसके द्वारा पिछले दस वर्षों में देश के विकास के लिए क्या-क्या किया गया? सात चरणों में होने वाले लोकसभा के चुनाव के पांच चरण अभी शेष हैं. चुनाव के परिणाम तो 4 जून को देश के सामने होंगे, लेकिन इस बीच समाज में और कितनी गन्दगी फैलाई जाएगी, सामाजिक भाईचारे को कितना खत्म किया जाएगा, यह देखने का समय आने वाला है. जीत-हार तो लोकतांत्रिक देशों की एक प्रक्रिया है, लेकिन पार्टियों द्वारा भाईचारे को खत्म करने को ठान लिया जाए, जो समाज में विग्रह को जन्म दे, तो फिर आखिर हम किस आधार पर लोकतंत्र को जनहित के लिए श्रेष्ठ प्रक्रिया मानें. हमारे संविधान निर्माताओं ने यह कभी सोचा भी नहीं होगा कि जिस लोकतांत्रिक परंपरा को जीवित रखने के लिए वे इतनी जिम्मेदारी से देश को विश्व का श्रेष्ठ ग्रंथ दे रहे हैं, एक धरोहर उपहारस्वरूप दे रहे हैं, उसका हश्र चुनाव जीतने के लिए नेतागण गाली गलौज के ऐसे निचले स्तर पर उतर आएंगे.

**• बोधि-वृक्ष** सुज्ञ



## व्यर्थ का अभिमान

एक घर के मुखिया को यह अभिमान हो गया कि उसके बिना उसके परिवार का काम नहीं चल सकता. उसकी छोटी सी दुकान थी. उससे जो आय होती थी, उसी से उसके परिवार का गुजारा चलता था. चूंकि कमाने वाला वह अकेला ही था इसलिए उसे लगता था कि उसके बगैर कुछ नहीं हो सकता. वह लोगों के सामने डींग हांका करता था. एक दिन वह एक संत के सत्संग में पहुंचा. संत कह रहे थे, "दुनिया में किसी के बिना किसी का काम नहीं रुकता. यह अभिमान व्यर्थ है कि मेरे बिना परिवार या समाज ठहर जाएगा. सभी को अपने भाग्य के अनुसार प्राप्त होता है." सत्संग समाप्त होने के बाद मुखिया ने संत से कहा, "मैं दिन भर कमाकर जो पैसे लाता हूं उसी से मेरे घर का खर्च चलता है. मेरे बिना तो मेरे परिवार के लोग भूखे मर जाएंगे." संत बोले, "यह तुम्हारा भ्रम है. हर कोई अपने भाग्य का खाता है." इस पर मुखिया ने कहा, "आप इसे प्रमाणित करके दिखाइए." संत ने कहा, "ठीक है. तुम बिना किसी को बताए घर से एक महीने के लिए गायब हो जाओ." उसने ऐसा ही किया. संत ने यह बात फैला दी कि उसे बाघ ने अपना भोजन बना लिया है. मुखिया के परिवार वाले कई दिनों तक शोक संतप्त रहे. गांव वाले आखिरकार उनकी मदद के लिए सामने आए. एक सेठ ने उसके बड़े लड़के को अपने यहां नौकरी दे दी. गांव वालों ने मिलकर लड़की की शादी कर दी. एक व्यक्ति छोटे बेटे की पढ़ाई का खर्च देने को तैयार हो गया. एक महीने बाद मुखिया छिपता-छिपाता रात के वक्त अपने घर आया. घर वालों ने भूत समझकर दरवाजा नहीं खोला. जब वह बहुत गिड़गिड़ाया और उसने सारी बातें बताईं तो उसकी पत्नी ने दरवाजे के भीतर से ही उत्तर दिया, 'हमें तुम्हारी जरूरत नहीं है. अब हम पहले से ज्यादा सुखी हैं.' उस व्यक्ति का सारा अभिमान चूर-चूर हो गया. संसार किसी के लिए भी नही रुकता! यहाँ सभी के बिना काम चल सकता है संसार सदा से चला आ रहा है और चलता रहेगा. जगत को चलाने की हाम भरने वाले बडे बडे सम्राट, मिट्टी हो गए, जगत उनके बिना भी चला है और आगे भी बेधड़क चलता रहेगा. लोग आते रहेंगे, जाते रहेंगे, जगत व्यवहार ज्यों का त्यों चलता रहेगा. इसलिए अपने बल का, अपने धन का, अपने कार्यों का, अपने ज्ञान का गर्व व्यर्थ है.

## सृजन विरोधी सफलता के सपनों का कारोबार

**• शिक्षा जगत**

अविजीत पाठक

जैसा कि होता है, यूपीएससी की सिविल सेवा परीक्षा के परिणाम मीडिया और लोगों का ध्यान खींचते हैं, 'टॉपर्स' के दमकते चेहरों की फोटो चहुंओर दिखने लगती है-ब्रांड बन चुके कोचिंग सेंटरों की ओर से जारी विज्ञापनों से शहरों में बिल बोड्र्स से लेकर अग्रणी अखबारों के मुखपृष्ठ तक पट जाते हैं. यही कुछ विभिन्न शिक्षा बोर्डों से संबद्ध स्कूलों के परीक्षा परिणाम आने पर होता है, तब भी यह प्रक्रिया दोहराई जाती है- अर्थात भौतिकी, रसायन, गणित और जीव-विज्ञान में शानदार प्रदर्शन कर दिखाने वाले 'टॉपर्स' किशोर-किशोरियों की 'सफल' छवि का निर्माण करना! ऐसी 'सफलता गाथाएं' सुन-सुनकर मैं थक चुका हूं, बल्कि मेरी रुचि व्यवस्था की वह नब्ज़ पकड़ने में है, जो चुनींदा 'सफलता' की चकाचौंध फैलाकर वास्तव में 'असफलता' का निर्माण कर रही है. गौरतलब है, भारत भर में यूपीएससी कोचिंग उद्योग का सालाना कारोबार लगभग 3000 करोड़ है. यदि दिल्ली के मुखर्जी नगर और करोल बाग की छोटी-बड़ी गलियों में जाएं और युवा अभ्यर्थियों से बात करें जो भविष्य के इंजीनियर, डॉक्टर, पीएचडी, यूनिवर्सिटी विद्यार्थी बनना चाहते हैं, तब आपको महसूस होगा 'सफलता के सपने' की ताकत का, जिसके जरिये कोचिंग सेंटरों के नामचीन गुरुओं ने अपने नोट्स, लेक्चर, गाइड पुस्तकों, इंटरव्यू, रणनीति और यहां तक कि अपने प्रेरणास्पद भाषणों से इन चाहवानों को फांस रखा है. बहरहाल, यह सपना खूब बिक रहा है, क्योंकि हम एक ऐसे समाज में रह रहे हैं जो 'ताकत' की पूजा करता है- जरूरी नहीं वह ताकत ज्ञान और अक्ल की हो, वह राजनीतिक-प्रशासनिक एवं आर्थिक भी हो सकती है. छोटे शहरों और गांवों के असंख्य मध्यवर्गीय अभिभावकों के लिए, यह बहुत मायने रखता है यदि उनका बेटा या बेटी जिला उपायुक्त या पुलिस कप्तान बन जाए, क्योंकि इस पद के साथ ताकत, विशेषाधिकार और ग्लैमर स्पष्ट रूप से जुड़े हैं. इससे स्थानीय समाज में उनका रुतबा और हैसियत ऊंची हो जाती है. बेशक, यूपीएससी परीक्षा उत्तीर्ण कर लेने की मिथकीय सफलता का अपना सम्मोहन है. हालांकि, अनुपात के हिसाब से 'सफल' होने वालों की संख्या बहुत कम है (मसलन, 2023 में 13 लाख अभ्यर्थी यूपीएससी की प्री-लिम परीक्षा में बैठे थे, लेकिन आखिर में 1016 ही चुने गए), फिर भी यह धंधा फल-फूल रहा है. जहां हम 'सफलता गाथाओं' की महिमा गाते हैं, वहीं कोचिंग की ये दुकानें असफल रहे उम्मीदवारों का कितना मानसिक एवं बौद्धिक नुकसान कर रही हैं, उस पर गौर करने में विफल रहते हैं.

> हम यह भूल चुके हैं कि एक जीवंत राष्ट्र को जरूरत है महान भौतिक विज्ञानी, राजनीतिक दर्शनशास्त्रियों, समाज शास्त्रियों और साहित्य आलोचकों की- न कि केवल जिला आयुक्तों और पुलिस कमिश्नरों की. इस नाजुक उम्र में बहुत से युवाओं के लिए असफलता के कलंक से उबर पाना आसान नहीं होता. अफसोस कि हम उनकी सृजनशील सामर्थ्य का फायदा नहीं उठा पाते.

जरा सोचिए, यह मिथकीय सफलता पाने को अधिकांश प्रत्याशी पांच से छह साल लगातार प्रयासरत रहते हैं, इस बीच इतिहास, भूगोल, समाज विज्ञान, मनोविज्ञान व सामान्य ज्ञान के नोट्स रात-दिन रटते हैं, भारी मात्रा में पैसा लगता है, फिर भी बारम्बार असफल होते हैं! हां, यह अमानवीय और मशीनी तंत्र उन्हें खत्म कर रहा है- मनोवैज्ञानिक और बौद्धिक रूप से. इनमें कइयों के लिए, असफलता के आघात से जख्मी हुए स्वाभिमान से उबरना, उम्मीद एवं रचनात्मकता के साथ जीवन को पुन: परिभाषित करना मुश्किल हो जाता है. आगे, समूचा तंत्र उच्चतर शिक्षा के मूल उद्देश्य को बहुत नुकसान पहुंचा रहा है. अवश्य ही, यदि कोई आईआईटी-कानपुर से इंजीनियर अथवा नई दिल्ली के एम्स से डॉक्टर बनकर निकले या पुलिस अफसर या टैक्स कमिश्नर बने, तो यह 'देवत्व' पाने जैसा नहीं है. इसी प्रकार, यदि किसी अग्रणी यूनिवर्सिटी से इतिहास का छात्र सिविल परीक्षा की तैयारी के चक्कर में, अपनी सामान्य कक्षाएं लगातार न लगाए, एरिक हॉब्सबॉम या इरफान हबीब जैसों को भूल जाए, और मुख्य ध्यान सिर्फ कोचिंग सेंटरों के रणनीतिकारों द्वारा दिए नोट्स या कुंजियों पर केंद्रित रखे (हां, यू-ट्यूब पर ऐसे कइयों के लाखों की संख्या में फॉलोवर्स हैं), यह संकेतक है नुकसान की उस तीव्रता का जो कोचिंग सेंटरों के धंधेबाजों ने हमारे विश्वविद्यालयों में खोजपरक अध्यापन और अनुसंधान की प्रगति का कर डाला है. हम यह भूल चुके हैं कि एक जीवंत राष्ट्र को जरूरत है महान भौतिक विज्ञानी, राजनीतिक दर्शनशास्त्रियों, समाज शास्त्रियों और साहित्य आलोचकों की- न कि केवल जिला आयुक्तों और पुलिस कमिश्नरों की. इस नाजुक उम्र में बहुत से युवाओं के लिए असफलता के कलंक से उबर पाना आसान नहीं होता. अफसोस कि हम उनकी सृजनशील सामर्थ्य का फायदा नहीं उठा पाते. लिहाजा थकावट, ऊबाऊपन और एकाकीपन की भावना से उनकी कल्पनाशीलता और अर्थपूर्ण जीवन के प्रति उत्साह बुझ जाता है.

## गुजरात की चुनावी राजनीति : एक केस स्टडी

**• सियासत**

सलीम हाफेजी

वर्तमान चुनाव में देश के अन्य हिस्सों में हो रही राजनीति से अलग हटकर गुजरात में ऐसी राजनीति हो रही है, जिसे आसानी से समझ पाना संभव नहीं है. चुनाव शुरू हुए तब से लेकर अब तक सिर्फ एक ही मुद्दा बना हुआ है और वह है क्षत्रिय आंदोलन, जिसके इर्द-गिर्द राजनीतिक गलियारों में चर्चा होती रहती है कि क्या क्षत्रिय वोट कांग्रेस के पाले में खिसक रहे हैं और राजकोट से भाजपा हार रही है या नहीं? गुजरात की सभी 26 सीट के लिए तीसरे चरण के चुनाव में मतदान होना था, लेकिन सूरत से भाजपा के निर्विरोध चुने जाने के बाद अब गुजरात में 25 सीट पर मतदान होगा. भाजपा सभी 25 सीटों पर चुनाव लड़ रही है, इंडिया गठबंधन में कांग्रेस ने 23 सीट पर उम्मीदवार उतारे हैं जब कि भरूच और भावनगर में सहयोगी दल के रूप में आम आदमी पार्टी चुनाव लड़ रही हैं. देश के बाकी हिस्से और गुजरात में चुनावी माहौल बिलकुल अलग हैं. देश के अन्य हिस्सों में इलेक्टोरल बॉन्ड, लोकशाही पर खतरा, रोजगार, महंगाई, संविधान की रक्षा, मनमोहन सिंह, मोदी की गारंटी और कांग्रेस की न्याय गारंटी चर्चा का विषय है. लेकिन गुजरात में ऐसी कोई चर्चा नहीं है. चुनाव आचार संहिता लागू होने के 24 घंटे में कच्छ के अंजार में एक दलित किसान ने पुलिस एफआईआर दर्ज कराई थी, जिसमें आरोप है कि वेल स्पेन कम्पनी ने उसकी जमीन संपादित की थी और मुआवजे की 16 करोड़ की रकम उसे धोखे में रखकर कंपनी ने उस रकम से उसके नाम से इलेक्टोरल बॉन्ड खरीदे और भाजपा ने उस बॉन्ड को कैश करा लिया. गुजरात के चुनाव में यह बहुत बड़ा मुद्दा बन सकता था, प्रदेश में सिकुड़ती जा रही मुख्य विपक्षी पार्टी कांग्रेस के लिए यह संजीवनी साबित हो सकता था, लेकिन कांग्रेस ने प्रचार में कहीं भी कभी भी इसका जिक्र तक नहीं किया, न ही आम आदमी पार्टी ने भरूच और भावनगर में इसे चर्चा का विषय बनाया. 16 मार्च को देश में आदर्श आचार संहिता लागू हुई, तबसे गुजरात में भाजपा ने कांग्रेस को पींग पांग प्लेयर बना दिया है. भाजपा के द्वारा क्रिएट किए गए नॉन इश्यू पर कांग्रेस खेलती रही. गुजरात में 16 लाख के करीब क्षत्रिय मतदाता में से ज्यादातर भाजपा के पाले में हैं. जब कि पाटीदार के एक करोड़ 15 लाख वोटर हैं, जिसमें से करीब 14 लाख वोटर कांग्रेस के पास हैं. भाजपा ने अपने पाटीदार उम्मीदवार पुरुषोत्तम रुपाला के द्वारा क्षत्रिय विवाद खड़ा किया और उसे ऐसी हवा दी कि पूरे चुनाव का केंद्र बिंदु सिर्फ क्षत्रिय विवाद बना रहा. कांग्रेस के सारे मुद्दे पेपर पर रह गए. अब राजनीतिक गणित यह बता रहा है कि भाजपा ने क्षत्रिय समुदाय के 16 लाख वोट दांव पर रखकर पाटीदार समाज के एक करोड़ 15 लाख वोट पर संपूर्ण कब्जा कर लिया है. पाटीदार समाज के उम्मीदवार रूपाला को बदलने की क्षत्रिय समाज की मांग के सामने भाजपा बिल्कुल नहीं झुकी, इसका सीधा फायदा भाजपा को चुनाव में मिलता हुआ नजर आ रहा है. जहां तक क्षत्रिय समाज के 16 लाख मतदाताओं का सवाल है, तो वे भाजपा से नाराज जरूर हैं. यह भी हो सकता है कि वे भाजपा को वोट न दें, लेकिन भाजपा के बजाय कांग्रेस को वोट दे आयें, इतनी नाराजगी उन्हें भाजपा से नहीं है और मोदी जब यह कहते हैं कि आपका एक एक वोट मुझे मिल रहा है, तब गुजरात का आम हिन्दू सारी शिकायतें दरकिनार कर के कमल का बटन दबाता आया है. प्रदेश में भाजपा के नेता या कार्यकर्ता के पास कुछ कहने को नहीं है. इतना ज़रूर है कि पहले हर सीट पांच लाख की लीड से जीतने का दावा किया जाता था, वे सुर अब बदल चुके हैं, क्योंकि भाजपा को चार लाख क्षत्रिय वोट का घाटा हो रहा है लेकिन मुआवजे में आठ लाख पाटीदार वोट ज्यादा मिल रहे हैं. पांच लाख से ज्यादा की लीड से भाजपा अब की जीत सकती है तो वह सीट नवसारी, वडोदरा और गांधीनगर हो सकती है. इसके अलावा किसी भी सीट पर पांच लाख की लीड लेना अब भाजपा के लिए संभव नहीं है. कांग्रेस ने विधानसभा चुनाव में 12% वोट खोए थे, लेकिन आम आदमी पार्टी से गठजोड़ के बाद कांग्रेस 7% वोट रिकवर करती हुई नजर आ रही है. प्रदेश की सब से ज्यादा चर्चित सीट भरूच पर चैतर वसावा को आदिजाति के 60% वोट मिलते हुए दिखाई दे रहे हैं. मुस्लिम मतदान में भी इस बार करीब 7% का उछाल आ सकता है. लेकिन इसका मिलाजुला असर भरूच में भाजपा को हराने की संभावना पैदा नहीं करता. कम मार्जिन से ही सही, लेकिन गुजरात की 25 सीट में से किसी एक सीट पर भी भाजपा को हरा पाना इस चुनाव में भी नामुमकिन लग रहा है.

> प्रदेश में भाजपा के नेता या कार्यकर्ता के पास कुछ कहने को नहीं है. इतना ज़रूर है कि पहले हर सीट पांच लाख की लीड से जीतने का दावा किया जाता था, वे सुर अब बदल चुके हैं, क्योंकि भाजपा को चार लाख क्षत्रिय वोट का घाटा हो रहा है लेकिन मुआवजे में आठ लाख पाटीदार वोट ज्यादा मिल रहे हैं. पांच लाख से ज्यादा की लीड से भाजपा अब की जीत सकती है तो वह सीट नवसारी, वडोदरा और गांधीनगर हो सकती है.

**मीडिया में अन्यत्र**

## कर-सुधार से जीएसटी दो लाख करोड़ पार

**यह** सुखद ही है कि देश कर संग्रहण सिस्टम में सुधार की दिशा में सार्थक पहल से एक कदम आगे बढ़ा है. देश में पहली बार जीएसटी का संग्रहण दो लाख करोड़ रुपये से पार चला गया है. कर विशेषज्ञ इसे टैक्स सिस्टम में सुधार के प्रयासों की सफलता बता रहे हैं. किसी भी लोकतांत्रिक व्यवस्था का भविष्य उसके समृद्ध आर्थिक संसाधनों पर ही निर्भर होता है. भारत के अड़ोस-पड़ोस के कई देशों की अर्थव्यवस्था नियोजन के अभाव, भ्रष्टाचार तथा लोकलुभावन नीतियों के व्यय बोझ से चरमरा गई. इसलिये आर्थिक अनुशासन और वित्तीय संसाधनों को समृद्ध करने का प्रयास बेहद जरूरी हो जाता है. यहां उल्लेखनीय है कि अप्रैल में जहां देसी गतिविधियों से कर संग्रह में 13.4 फीसदी का इजाफा हुआ है, वहीं पिछले अप्रैल के मुकाबले में आयात से होने वाला राजस्व संग्रह भी 8.3 फीसदी बढ़ा है. निश्चय ही चालू वित्त वर्ष के पहले ही महीने यानी अप्रैल में सकल वस्तु एवं सेवा कर संग्रह पहली बार रिकॉर्ड 2.1 लाख करोड़ रुपये होना अर्थव्यवस्था के लिये शुभ संकेत है, जबकि दुनिया की कई बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में फिलहाल मंदी के रुझान नजर आ रहे हैं. यह वृद्धि बीते साल अप्रैल में एकत्र जीएसटी के मुकाबले 12.4 फीसदी अधिक है. आर्थिक विशेषज्ञ मान रहे हैं कि वैश्विक स्तर पर उथल-पुथल के बीच रूस-यूक्रेन युद्ध तथा गजा में हमास इस्राइल संघर्ष जैसी बाह्य चुनौतियों के बावजूद चालू वित्त वर्ष में जीएसटी संग्रह में वृद्धि देश की आर्थिक उन्नति के लिये अच्छा संकेत है. इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता है कि कर प्राप्तियों में बढ़ोतरी के मूल में आर्थिक गतिविधियों में तेजी के रुझानों का असर है. उल्लेखनीय है कि वृद्धि आयात उपकर में भी हुई है. वैसे एक तथ्य यह भी है कि आम तौर पर किसी भी नये वित्तीय वर्ष में पहले माह अप्रैल में सरकार को सर्वाधिक वस्तु एवं सेवा कर मिलता है. इस वित्त वर्ष के आने वाले महीनों में जीएसटी संग्रहण से होने वाली आय से अर्थव्यवस्था के स्थायी रुझानों का पता चल सकेगा. निश्चित रूप से आने वाले महीनों में यह देखना दिलचस्प होगा कि किन-किन महीनों में जीएसटी संग्रह दो लाख करोड़ रुपये का आकंड़ा पार करता है. यहां यह उल्लेखनीय है कि अप्रैल माह में केंद्रीय जीएसटी में इस बार 27.8 फीसदी की बढ़ोतरी के साथ संगृहीत राशि 94,153 करोड़ रुपये रही. दूसरी ओर राज्य जीएसटी संग्रह में आशातीत 25.9 फीसदी की वृद्धि हुई. इस तरह राज्यों की जीएसटी संग्रह राशि 95,138 करोड़ हो गई. यानी राजस्व प्राप्ति की राह में राज्यों की भागीदारी में भी सुधार देखा गया है.




(दैनिक ट्रिब्यून)

**शब्द चर्चा** डॉ. विनय कुमार पाण्डेय

## गति/चाल/वेग

**संत** कवि कबीरदास जी ने कहा है-करम गति टारे नाहीं टरी. यहां गति का मतलब दशा है, परिणाम है. गति संस्कृत मूल का संज्ञा स्त्रीलिंग शब्द है. यह अनेकार्थक है. वाक्य में प्रयोग होने के बाद इसके अर्थ में चमत्कार को महसूस किया जा सकता है. वर्धा हिंदी शब्दकोश के अनुसार गति शब्द का अर्थ है रफ्तार, चाल, गमन, जाने की अवस्था, प्रवाह, पहुंच प्रयत्न, हरकत, माया, लीला, बुरी अवस्था, हालत, दशा, अंगों की चेष्टा, स्पंदन, हरकत, रंगरूप, पुराणों के अनुसार सद्गति, मोक्ष, मृत्यु के पश्चात आत्मा की भली या बुरी दशा, मुक्ति, उपाय, ज्ञान, ग्रहों की चाल. ऐसा ही शब्द है चाल. दशकों पूर्व आयी हिंदी फिल्म संघर्ष में शकील बदायूंनी एक कालजयी गीत लिखा था-मेरे पैरों में घुंघरू पहना दे तो फिर मेरी चाल देख ले. चाल भी वैसा अनेकार्थक शब्द है. चाल का मतलब है चलने की क्रिया, गति, चलने का ढंग, चलन, व्यवहार, बरताव, आचरण, रीति रिवाज, बनावट, ढब, ढंग, बाजी, पारी, छल, कपट, धूर्तता, धोखा देनेवाली बात, ताश शतरंज में पत्ते या मोहरे की चाल. मुंबई, दिल्ली या कोलकाता जैसे महानगरों में चाल के बारे चाल होते हैं. उस इमारत या मकान को चाल कहा जाता है, जो लंबाई में तो बड़ा होता है, लेकिन उसकी चौड़ाई कम होती है, जिसमें कई छोटे-छोटे कमरे होते हैं. गोस्वामी तुलसीदास ने संकट मोचन हनुमान को पुकारते हुए कहा है-बेगि हरो हनुमान महाप्रभु जो कछु संकट होय हमारो. हनुमान जी तो पवन पुत्र हैं और पवन के वेग से चलते हैं. तो इसीलिए गोस्वामी जी हनुमान का आह्वान करते हैं कि वे वायु वेग से आएंगे और उनके संकट को हर लेंगे. वेग का मतलब प्रवाह, धारा, तीव्र, प्रवृत्ति, उत्तेजना, जल्दबाजी. भौतिक विज्ञान गति और वेग में स्पष्ट अंतर बताता है. भौतिक विज्ञान के अनुसार किसी वस्तु के दिशा विशेष में रफ्तार, किसी निश्चित दिशा में वस्तु की स्थिति के परिवर्तन को हिंदी में वेग और अंग्रेजी में वेलोसिटी कहते हैं.

## क्यों भाई! न्याय चाहिए कि नहीं चाहिए

**• तीर-तुक्का**

रवि प्रकाश

सड़क पर चलता हुआ आम आदमी मिला. मैंने पूछा, "क्यों भाई ! तुम्हें न्याय चाहिए कि नहीं चाहिए?" वह क्षण भर के लिए भौचक्का रह गया. उसे उम्मीद नहीं थी कि कोई उससे पूछ सकता है कि तुम्हें न्याय चाहिए. फिर कहने लगा "क्या बात हो गई साहब! आज तक तो कभी किसी ने नहीं पूछा?" मैंने कहा "तुम्हें नहीं पता, इस समय सब लोग न्याय पाने के लिए नारे लगा रहे हैं." आम आदमी कहने लगा "साहब, हम तो सुबह को मॉर्निंग वॉक पर आए हुए हैं. हमने तो इस बारे में कुछ सोचा ही नहीं." मैंने कहा "यही तो दिक्कत है तुम्हारे साथ. तुम लोग कभी अपने लिए सोचते ही नहीं. अगर 10 -15-20 लोग भी मिलकर वी वांट जस्टिस ...वी वांट जस्टिस का नारा लगाने लगें तो तुम्हारी तरफ ध्यान आकृष्ट होगा और तुमसे जाकर पूछा जाएगा कि क्यों भाई तुम्हें काहे का न्याय चाहिए. वह जो मरियल अंदाज में मॉर्निंग वॉक कर रहा था, सहसा कमर सीधी करके खड़ा हो गया. मैंने कहा "अकेले तुम्हारे खड़े होने से कुछ नहीं होगा. ये जितने लोग मॉर्निंग वॉक कर रहे हैं, इन सबको यही बात समझाओ. फिर देखो कितनी बड़ी क्रांति हो जाएगी." उसने सबको समझाना शुरू किया. कई लोगों ने कहा "बात तो सही है , लेकिन हमें कौन सा नारेबाजी करने के लिए यहां आना है. 10-20 मिनट के लिए टहलना है और फिर चले जाना है. हमें वी वांट जस्टिस नहीं चाहिए." वह आम आदमी निराश हो गया. बोला यहां तो कोई भी वी वांट जस्टिस नहीं चल पा रही." मैंने कहा "कोई चिंता मत करो. दोपहर को 12:00 बजे सड़क पर आना और वहां वी वांट जस्टिस की तलाश करना." मेरे कहे अनुसार वह दोपहर 12:00 बजे नगर की व्यस्ततम सड़क पर आया. रास्ते में जाम था. मैंने कहा "अभी तुम कहां पर हो? क्या यह जाम तुम्हारे कारण है?" वह बोला" नहीं ! मैं तो सड़क पर पैदल चल रहा हूँ." मैंने कहा" फिर किसके कारण है?" वह बोला, "नम्बर एक तो लोगों ने अपने शटर आगे बढ़ा रखे हैं, इस कारण है. दूसरा कारण शटर के आगे दुकानदारों का सामान रखा हुआ है. तीसरा कारण नालियों पर पत्थर नहीं पड़े हैं और वह स्थान चलने योग्य नहीं है. चौथा कारण स्कूटर मोटरसाइकिल सड़क पर खड़ी हुई हैं. पांचवां कारण प्रशासन की ओर से पार्किंग की कोई व्यवस्था बाजारों में नहीं है." " बस इससे ज्यादा तुम्हें और क्या चाहिए? वी वांट जस्टिस के लिए पर्याप्त आधार है. उठो और नारा बुलंद कर दो. धरना नहीं देना है ,वरना मुकदमा ठोक दिया जाएगा. केवल वी वांट जस्टिस की तख्ती हाथ में लेकर आगे बढ़ते जाना है. फिर देखो अखबार वाले , मीडिया चैनल वाले – सब तुम्हारी आवाज को आगे बढ़ाएंगे और तुम्हें न्याय जरूर मिलेगा."



# Her Story

## मातृदिवस स्पेशल

# तुमसे ही तो सीखा है मां

वो लम्हा जब मेरे बच्चे ने मां पुकारा मुझे/ मैं एक शाख़ से कितना घना दरख़्त हुई...किसी शायरा की ये पंक्तियां हर मां का सच उजागर कर रही हैं. जी हां, मां...इस छोटे से संबोधन ने कितने सारे घने और बड़े मायने समेट रखा है. जिस दिन गोद में कोई अबोध शिशु आ जाता, मां स्वतः ही कई-कई भूमिकाओं में आ जाती हैं. जब गोद से उतर कर बच्चा ठुमक ठुमक कर चलने लगता, तब वे जिंदगी के वैसे पाठ पढ़ाने लगती जिससे बच्चा अव्वल तो गिरे नहीं, गर गिरे भी तो फिर उठे और उसी आत्मविश्वास से आगे बढ़ता जाए. जिंदगी का कोई भी मोड़ हो, मां साथ हों या ना हों, उनकी ये सीख हमेशा याद रहती है. आज अपने क्षेत्र में मुकाम हासिल कर चुके सूबे के कुछ लोग मां की इन्हीं सीखों को साझा कर रहे हैं-



हर साल मई के दूसरे रविवार को मातृ दिवस यानी मदर्स डे मनाया जाता है. इस साल यह दिन 12 मई के दिन पड़ रहा है. एक अमेरिकी महिला एना जार्विस ने 1905 में अपनी मां की मृत्यु के बाद इस दिन को मनाने की शुरूआत की जिसके बाद वेस्ट वर्जिनिया में 1908 में इस दिन को औपचारिक तौर पर सेलिब्रेट किया जाने लगा.

### सेलिब्रिटी शेफ को पसंद है मां का बनाया

## फुटकल झोर, भात और कोहड़ा फूल का बचका



**रामचंद्र उरांव**
एग्जीक्यूटिव शेफ, होटल रेडिशन ब्लू

झारखंड में कोई राष्ट्रीय-अंतराष्ट्रीय स्तर की सेलिब्रिटी पहुंचती है तो आमतौर पर उसकी प्लेट में क्या परोसा जाएगा और कैसे परोसा जाएगा, इसे तय करने का, बनाने का मौका होटल रेडिशन ब्लू के एग्जीक्यूटिव शेफ रामचंद्र उरांव को ही मिलता है. जब झारखंड की थाली की पहचान तय की जा रही थी, तब भी रामचंद्र ही थे जिन्होंने थाली में शामिल सामग्रियों को तय करने में अपनी भूमिका निभायी. पर इस शेफ को खाने में खुद क्या पसंद है- पूछने पर तपाक से कहते हैं- लाल उसना चावल के गरमागरम भात के साथ मां का बनाया फुटकल झोर और कोहड़ा फूल का बचका. रामचंद्र आगे कहते हैं कि जब भी मार्केट में कोंहड़ा का फूल नजर आ जाता है, तुरंत खरीद लेता हूं और मां से इसे बनाने के लिए बोलता हूं. तो आइए जाने शेफ की मदर्स डे स्पेशल रेसिपी...



### फुटकल झोर

(फुटकल के पेड़ की कलियों का हाथ से पीसे मसाले से तैयार सब्जी)

**ये चाहिए**

ड्राई फुटकल साग– 100 ग्रा.
प्याज– 200 ग्रा.
स्वादानुसार नमक
लहसुन– 10 ग्रा.
अदरक– 10 ग्रा.
उड़द बड़ी– 50 ग्रा.
भात का माड़ (स्टार्च)–1 ली.
साबुत लाल मिर्च – 2
धनिया पत्ता -30 ग्रा.
सरसो तेल– 10 ग्रा.
टमाटर– 50 ग्रा.

**ऐसे बनाएं**
कड़ाही में तेल गर्म करें और उड़द दाल की बड़ी को सुनहरा होने तक फ्राई कर निकालें और अलग रख दें. अब उसी कड़ाही में साबुत लाल मिर्च व बारीक कटा लहसुन डालें और खुशबू आने तक भूने. अब कटा प्याज डालें और इसके पारदर्शी होने तक भूनें. अब इसमें पके चावल का स्टार्च यानि भात का माड़ ( खास कर लाल उसना चावल के भात का माड़) डालें और अच्छी तरह उबलने दें. अब इसमें सूखे फुटकल साग को मिलाएं. स्वाद के अनुसार नमक दें. चौकोर कटा टमाटर डालें और उबालें. फिर हाथ से क्रश की बड़ी डालें. अंत में बारीक कटी धनिया पत्ती डालें.

### कोहड़ा फूल का बचका




**ये चाहिए**

कोहड़ा का फूल – 10

- **घोल के लिए**

बेसन – 200 ग्राम
स्वादानुसार नमक
लहसुन– 50 ग्राम
अदरक– 15 ग्राम
हल्दी पाउडर– 50 ग्राम
चावल का आटा– 50 ग्राम
हरी मिर्च का पेस्ट– एक छोटा चम्मच
अजवाइन– आधा छोटा चम्मच
सरसो तेल– तलने के लिए



- **भरावन के लिए**

आलू– 200 ग्राम
साबुत जीरा – 05 ग्राम
चुटकी भर हल्दी पाउडर
हींग– 02 ग्राम
मूंगफली – 25 ग्राम
धनिया पत्ती– 15 ग्राम

**ऐसे बनाएं**
फूलों को साफ करें और डंठी व स्टिग्मा हटाएं. बेसन, अदरक-लहसुन पेस्ट, हरी मिर्च पेस्ट, हल्दी पाउडर, चावल पाउडर, अजवाइन, पानी व नमक डाल कर घोल तैयार करें. इसका भरावन एच्छिक है. यदि आप चाहते हैं तो आलू को उबाल लें और छील के मैश कर लें. अब तेल गर्म करें और इसमें साबुत जीरा व हींग डालें. जीरा चटकने लगे तो उबले आलू, हल्दी पाउडर, नमक आदि डाले कर अच्छे से मिलाएं और पकाएं. जब भून जाए तो इसमें भूनी और दरदरी पीसी मूंगफली व ताजी धनिया पत्ती मिलाएं. अब आलू के भरावन को फूल में भीतर साइड भरें और फिर बेसन के घोल में डुबाएं. इसे गर्म तेल में डाल कर कुरकुरा होने तक तलें.

## याद आती हैं मां की वे दवाएं



**डॉ अनुपम**
कॉर्डियोलॉजिस्ट

बचपन की तरफ पलट कर देखता हूं तो चिकित्सक के रूप में मां ही नजर आती है. डॉक्टर के पास जाने के अनुभव कम ही रहे, मां ही हम छह भाई-बहनों की छोटी-मोटी शारीरिक समस्याओं का निदान करती थीं. सर्दी हुई तो काली मिर्च, गुड़ और घी को पका कर देती थी जिसका स्वाद टॉफी की तरह लगता था और बेहद असरकारक था. पैर में चोट लगी या कट-फट गया तो हल्दी-चूने का लेप लगाती थी. इसी तरह पेट खराब होने, बुखार या उल्टी-दस्त सबका इलाज मां के पास था और बेशक इतना असरकार था कि आज भी मौका मिलता है तो आजमाता हूं. सहज उपलब्ध नहीं था या अन्य कारण, पर बचपन में मेडिसिन कम ही खाई. डॉक्टर के पास जब गए भी तो लक्षण बताने में मां की ही भूमिका रहती. कहा जाता है कि मां पहली शिक्षक होती है, पर जिंदगी के पन्ने पलतटता हूं तो मां ही पहली चिकित्सक के रूप में भी नजर आती है.



## बीमार होने पर अपनाता मां का नुस्खा



**डॉ एके श्रीवास्तव**
कंसलटेंट फिजीशियन, छाती व गहन रोग विशेषज्ञ

भले डॉक्टर हूं पर आज भी सर्दी लगने पर सरसों तेल में लहसुन पका कर सीने, पीठ और गले में गर्म मालिश करवाता हूं. यह मां की ही सीख है जो हमें बचपन में दी गई.
मैं जब एम बी बी एस की पढ़ाई कर रहा था तब मेरी मां को बहुत उत्सुकता होती थी जानने की कि मैं क्या क्या पढ़ता हूं. कुछ मेडिकल टर्म्स मैं मां को बताता था तो उसे मां याद रख लेती थीं और बाद में भी रिकॉल करती थीं. बहुत सारी बीमारियों के बारे में पूछती रहती थीं. आज भी हॉस्पिटल से फ़ोन आता है तो मां केस के बारे में जानना चाहती हैं और फॉलो करती हैं कि फ़लां केस का क्या हुआ, ठीक हुआ या नहीं. मैं सुबह घर से निकलता हूं तो हमेशा मां के प ैर छू कर निकलता हूं. मां मुझे यह आशीर्वाद देती हैं कि तुम्हें यश मिले, तुम जिस भी मरीज़ को छुओ वह ठीक हो जाए. शायद मां के आशीर्वाद का ही फल है कि मुझे आज कुछ लोग एक अच्छे फिजिशियन के रूप में जानते हैं. उसी प्रकार मैं जब भी कोई कविता या ग़ज़ल लिखता हूं तो मां को सुनाता हूं और वे बड़े चाव से सुनती हैं. मां के हाथों से अपनी कविता की पुस्तक का लोकार्पण करवाना भी एक सन्तोषप्रद अनुभव रहा.



## मां से सीखा पैसों का मोल



**प्रदीप कुमार जैन**
फायनायंस एडवाइजर डायरेक्टर, पीएमपीके वेल्थ प्रा.लि.

मां ने बचपन में ही सिखाया था कि पैसा बहुत मुश्किल से आता है. उसे बहुत सोच समझ कर खर्च करो. आवेग के कारण खर्च नहीं करो और आवेग व जरुरत में फर्क समझो. जैसे मेला घूमने गए और वहां कोई खिलौना देखकर मचल गए, स्कूल में किसी दोस्त की टिफीन देखकर वही खाने का मन कर गया या ऐसा ही और कुछ. ऐसे में यह टिप्स मां ने ही सिखाया कि अपनी खरीदारी की चाहत को अगले महीने तक के लिए टाल दो. अगले महीने जब समय आता ज्यादातर मामलों में तो याद ही नहीं रहता था कि क्या खरीदने के लिए मैं बोला था. दरअसल वे चीजें जरुरत यानी नीड की नहीं थी. यह आवेग का असर होता था जो समय के साथ पानी के बुलबुले की तरह खत्म हो जाता. ऐसे आवेगों के लिए मुश्किल से आए पैसे खर्च करना कहीं की बुद्धिमानी नहीं, बचपन में यह पाठ मां से ही सीखा जो आज बतौर फायनाइंसर भी काम आ रहा है.



## मां से सीखी मेहनत का पाठ



**असुंता लकड़ा**
पूर्व कप्तान, व चयनकर्ता भारतीय महिला हॉकी टीम

मेरे मां पापा किसान थे. हम आठ भाई-बहन (बाद में दो नहीं रहे) थे. ऐसे में मां की जिम्मेदारी बचपन में हमेशा अधिक देखी. अभाव की जिंदगी में हमारे लिए निवाला का इंतजाम करती मां को घंटों काम में जुटा देखती. गोंदली चावल बना कर हमें खिलाने के लिए उन्हें काफी देर चुनना होता. रात में भी किरोसिन तेल वाले ढिबरी में जग कर मां काम निबटाटी रहती थीं. खेल में मेरी सफलता के पीछे मां का यह जुझारूपन ही साथ दिया. चाहे मैदान में अपने प्रतिद्वंदी का परास्त करना हो या चयन के पहले/ बाद ग्राउंड पर पसीने बहाना. मां से ही सीखा कि सबकुछ अगर हाथ में परोस कर नहीं दिया गया हो तो उसके लिए खुद प्रयास करो और प्राप्त कर लो. हमने जब खेलना शुरू किया तब ग्राउंड तक नहीं होते, जहां खाली जगह मिली, वहां खेलने लगती. शुरुआत में घर के काम में सहयोग के साथ-साथ खेलने का समय निकालती तो इन सबके पीछे मां की मेहनत और संघर्ष की सीख ही है.



## मां से सीखी अनुशासन

**स्मिता नारायण**
शिक्षिका

मेरी मां ने हमेशा अनुशासित रहना सिखाया. कहती थीं कि खुद पर शासन करना आना ही जीवन को आसान बनाता है. इसलिए छुटपन से ही समय पर उठने-सोने, अपनी दिनचर्या को व्यवस्थित रखने की आदत पड़ गयी. आज यही आदत जिदंगी को आसान बनाती है. मां चरित्र निर्माण पर बहुत जोर देती थी .जीवन में कठिन से कठिन परिस्थितियों में भी उन्हें मुस्कराते देखा जो सदा मुझे जीवन मे आगे बढ़ने का हौसला देता है. एक शिक्षक और मां के रूप में मैं सदा अपने बच्चों को भी हमेशा सिखाते रहती हूं कि समस्या आने पर घबराओ नहीं, उसका मुकाबला करो.

## मां ने कहा था, पैनिक मत होना



**ऋचा संचिता**
एडवोकेट, झारखंड हाई कोर्ट

किसी काम को ध्यान से करो, कभी परेशानी आए तो पैनिक मत हो, शांति से सोचो, कोई ना कोई राह जरूर निकल आएगी. मां की बचपन की यह सीख हमेशा काम आती है. जब भी किसी केस में उलझ जाती हूं, मां की सीख के अनुसार शांति से हल ढूंढने का प्रयास करती और यकीन मानिए, सफल होती हूं. केस ही क्यों जीवन के किसी भी मोड़ पर जब परेशां होती हूं तो मां की सलाह मानकर हल ढूंढती, और चेहरे की मुस्कान नहीं छोड़ती. तब परिस्थिति चाहे जो भी हो, राह निकल ही आती है.



# एक कामकाजी मां की डायरी




**मुक्ति शाहदेव**
शिक्षिका, साहित्यकार

मैं एक समर्पित शिक्षक हूं. पता नहीं विगत 25 वर्षों से कितने विद्यार्थी मुझसे पढ़कर देश-विदेश में अपनी दुनिया में व्यस्त हैं. बहुत गर्व से भर जाती हूं जब रांची लौटने पर कोई पूर्व छात्र- छात्राएं मिलने चले आते हैं या फोन कर लेते हैं. किसी दूसरे शहर, होटल, बाज़ार, त्योहारों, विवाह समारोहों आदि में आत्मीयता व आदर पूर्वक मिलते हैं तो बहुत सुकून मिलता है. मेरी कड़क मिजाज बातों, अनुशासन व नसीहतों को याद करते हैं तो अद्वितीय आनंद मिलता है. कुछ पाने के लिए कुछ खो देना दुनिया की रीत है. मैंने भी खोया है बहुत कुछ, इस अच्छी शिक्षिका की उपाधि के बदले.

कई आवश्यक पारिवारिक समारोहों, सामाजिक रीति-रिवाजों को उस शिद्दत से नहीं निभा पाई जो मेरे परिवार की दूसरी महिलाएं निभाती हैं. साथ ही मैंने अपने बच्चे के बचपन को नहीं जीया और यह दुख मुझे बहुत सालता है कि मेरा इकलौता बेटा बहुत छोटी उम्र से कई ऐसे कामों को स्वयं कर लेता है जिसके लिए दूसरे बच्चे अपनी माओं पर निर्भर रहते हैं. आज 20 वर्षीय मेरा पुत्र मेरी हर छोटी-बड़ी बातों का ख्याल रखता है और मैं अपराध बोध से मरी जाती हूं कि मैंने उसे अन्य माओं से कम समय दिया, कम दुलराया! लेकिन वर्किंग माओं के लिए मेरी कई बातें अनुकरणीय बन जाती हैं कि मैंने दोनों भूमिकाओं को बखूबी निभाया. संभवतः मैंने कम लेकिन "क्वालिटी टाइम" अपने बच्चे को दिया. उसे बहुत छोटी उम्र से यह एहसास कराने में सफल रही कि मेरी भूमिका दोहरी है. स्कूल के बच्चों और प्रशासनिक जिम्मेदारियों को पूरा करना भी मेरा कर्तव्य है, यह बातें मेरे बेटे को भलीभांति पता है और संभवतः इसीलिए वह मुझे दोष नहीं देता. बतौर कामकाजी मां, मैं अपने मन की तड़प को इन शब्दों में कविता के जरिए व्यक्त करती हूं-

### गुनहगार

हां, मैं गुनहगार हूं तुम्हारी
कई बार मैंने,
बेरहमी से छीना है,
बचपन तुम्हारा.
मेरी जरूरतों ने,
तुम्हारी मासूम -सी जरूरतों का,
गला घोंटा है, कई बार.
जीवन के कठिनतम मोड़ों पर,
खो जाने, या कि
अगणित संघर्षों से,
हार जाने के भय ने,
छलनी-छलनी विश्वास ने,
मुझे जीने नहीं दिया सुकून से.
उनींदी रातों
और दौड़ते- भागते दिनों,
महीना और वर्षों ने,
मुझे कई बार तोड़ा,
और जोड़ा भी.
ईश्वर ने जब दिया मुझे
जीवन का सबसे
अनमोल उपहार,
कठिनतम, क्रूरतम सच्चाइयों ने
कितना किया उस पर प्रहार...!
कह भी न पाई तुमसे,
अधूरी-सी जिंदगी की,
पूरी करने की दास्तान,
मैंने छीना है,
कई बार तुमसे,
तुम्हारे,
मासूम से बचपन को.
हां, मैं गुनहगार हूं तुम्हारी.



*मां जिसने हमें जिंदगी दी, जिंदगी जीने का सलीका सिखाया, उसे भला क्या दे सकते हम! हां, खास होने का अहसास कराना, उनके हिस्से शौक, सुकून, सुविधा के कुछ पल बटोरने की कोशिश जरूर कर सकते. पेश है मदर्स डे के कुछ खास उपहार.*

# मां तुम्हारे लिए

### मेकअप आ ज्वैलरी बॉक्स



मांएं अक्सर अपनी जरुरत की चीजों की उपेक्षा करती हैं. अब ज्वैलरी की ही बात करें तो कभी आइक्रीम के डिब्बे में तो कभी कुकीज के डिब्बे में इन्हें सहेज लेती हैं. ऐसे में उन्हें खूबसूरत सा स्टोरेज बॉक्स दिया जा सकता है. ऑनलाइन-ऑफलाइन मार्केट में सहजता से उपलब्ध ज्वैलरी बॉक्स 200 से 1500 के रेंज में खूब मिल जाएंगे.

### सेल्फ केयर किट



बाजार में 300 से 3000 तक की रेंज में कई तरह की सेल्फ केयर किट्स उपलब्ध हैं. मां को पेडिक्योर किट, मेनीक्योर किट, फेशियल किट, स्किन केयर किट, हेयर केयर किट या फिर मसाज किट दी जा सकती है. आप अपने बजट के अनुसार कोई भी किट चुन सकते हैं.

### संगीत प्रेमी के लिए

अगर मां संगीत प्रेमी हैं तो किसी संगीत कार्यकम के टिकट/पास, रेडिया, स्पीकर, हेडफोन, ईयर बड्स, पंसद के म्यूजिक इंस्ट्रूमेंट आदि दिए जा सकते हैं.



### सुकून की बात

मां के रिलजेक्सेन के लिए किसी स्पा/ पार्लर का गिफ्ट वाउचर दे सकतीं. बजट छोटा है तो सिरेमिक अरोमा ऑयल डिफ्यूजर टी कैंडल के साथ दे सकती हैं जो ऑनलाइन मार्केट में 200 से 1000 रुपए के रेंज में कई विकल्प में मिल जाएंगे.



संयोजन : चेतना झा, डिजाइनिंग - खुशबू कुमारी



# फटी मांसपेशियों के साथ खेल रहे एमएस धौनी

## डॉक्टर ने आराम की दी है सख्त हिदायत!

एजेंसी। चेन्नई

आईपीएल 2024 में एमएस धौनी काफी कम वक्त के लिए मैदान में बल्लेबाजी करने आते हैं. हद तो तब हो गई जब एमएस धौनी पंजाब किंग्स के खिलाफ नंबर 9 पर बैटिंग के लिए क्रीज पर आए थे. लेकिन अब इसके पीछे की वजह सामने आई है कि माही ऐसा क्यों कर रहे हैं. धौनी ऐसा इसलिए कर रहे हैं क्योंकि उनके पैर की मांसपेशियों में चोट लगी है. अंग्रेजी अखबार टाइम्स ऑफ इंडिया की एक रिपोर्ट के अनुसार, धौनी के पैर की मांसपेशियां आईपीएल के शुरुआती दिनों में ही फट गई थीं. लेकिन टीम के दूसरे विकेटकीपर बल्लेबाज डेवॉन कॉनवे के चोटिल होने के कारण उन्हें खुद को ब्रेक देने का मौका नहीं मिला.

सूत्रों के मुताबिक, धौनी को काफी दर्द हो रहा है और उन्हें दवाएं लेनी पड़ रही हैं. वे कम दौड़ने की कोशिश कर रहे हैं. लेकिन विकेटकीपिंग के चलते उन्हें मैदान में उतरना पड़ रहा है. यह भी बताया जा रहा है कि धौनी के लगातार खेलने से उनकी चोट और बढ़ रही है. डॉक्टरों ने उन्हें आराम करने की सलाह दी है. लेकिन टीम में विकेटकीपर की कमी के कारण ऐसा संभव नहीं है. गौरतलब है कि धौनी ने पिछला आईपीएल भी घुटने की चोट के साथ खेला था. जिसके बाद उन्हें सीएसके के आईपीएल जीतने के तुरंत बाद ऑपरेशन करवाना पड़ा था.

### आईपीएल में धौनी का प्रदर्शन

एमएस धौनी ने आईपीएल 2024 में 11 मैच खेले हैं. इन 11 मैचों में धौनी ने 224.49 की स्ट्राइक रेट से विस्फोटक अंदाज में 110 रन बनाए हैं, जिसमें 10 चौके और 9 छक्के शामिल हैं.

### सबसे ज्यादा कैच लेने वाले विकेटकीपर बने धौनी

एमएस धौनी ने रविवार, 5 मई को इंडियन प्रीमियर लीग में 150 कैच पूरे करने वाले पहले विकेटकीपर बन कर इतिहास रच दिया. धर्मशाला के एचपीसीए स्टेडियम में पंजाब किंग्स के खिलाफ चेन्नई सुपर किंग्स के मैच के दौरान जितेश शर्मा का कैच लेते ही धौनी ने ऐतिहासिक रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया.

**150** कैच एमएस धौनी






# दबाव में अच्छे फैसले लेता है रोहित : युवराज सिंह

एजेंसी। नयी दिल्ली



भारत के पूर्व हरफनमौला युवराज सिंह का मानना है कि रोहित शर्मा समझदार कप्तान है और दबाव में अच्छे फैसले लेते हैं, जिससे टी20 विश्व कप में भारत के लिए उनकी मौजूदगी अहम होगी. रोहित की कप्तानी में भारतीय टीम पिछले साल 50 ओवरों के विश्व कप के फाइनल में पहुंची और टी20 विश्व कप 2022 के सेमीफाइनल में जगह बनाई. इसके अलावा विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप के फाइनल में भी टीम ने जगह बनाई थी. अमेरिका और वेस्टइंडीज में होने वाले टी20 विश्व कप में भी भारतीय टीम की कमान रोहित के हाथ में होगी. टी20 विश्व कप के ब्रांड दूत युवराज ने आईसीसी से कहा, रोहित की मौजूदगी काफी अहम होगी. हमें अच्छे कप्तान और समझदार कप्तान की जरूरत है जो दबाव में अच्छे फैसले ले सके. रोहित ऐसा ही कप्तान है.भारत ने आखिरी बाद 2013 में महेंद्र सिंह धौनी की कप्तानी में चैम्पियंस ट्रॉफी के रूप में आखिरी आईसीसी खिताब जीता था. युवराज का मानना है कि भारत को रोहित जैसे कप्तान की जरूरत है. उन्होंने कहा, जब हम 50 ओवरों के विश्व कप के फाइनल में हारे थे, तब रोहित ही कप्तान था. उसने बतौर कप्तान पांच आईपीएल खिताब जीते हैं. हमें उसके जैसे कप्तान की ही जरूरत है. भारतीय टीम में 2007 में पदार्पण करने वाले रोहित के सफर को युवराज ने करीब से देखा है. रोहित से पहली मुलाकात की याद के बारे में पूछने पर युवराज ने मजाकिया लहजे में कहा, बहुत खराब अंग्रेजी. उन्होंने कहा, बहुत मजेदार शख्स है. बोरिवली (मुंबई) की सड़कों से, हम उसे हमेशा छेड़ते आये हैं. लेकिन दिल का बहुत अच्छा है. युवराज ने कहा, इतनी सफलता मिलने के बाद भी वह बदला नहीं है. यही रोहित शर्मा की खासियत है. हमेशा हंसी मजाक करता रहता है. बेहतरीन कप्तान और मेरे करीबी दोस्तों में से एक. मैं चाहता हूं कि वह विश्व कप जीते. वह इसका हकदार है.

## ब्रीफ खबरें

### सफलता की कुंजी होंगे दुबे-यशस्वी : शास्त्री

**दुबई।** भारत के पूर्व मुख्य कोच रवि शास्त्री ने कहा कि आगामी टी20 विश्व कप में शिवम दुबे की बड़े छक्के लगाने की क्षमता से भारत को बड़े स्कोर बनाने में मदद मिलेगी और यशस्वी जायसवाल के साथ दुबे पर भारत की उम्मीदों का दारोमदार होगा. जायसवाल और दुबे एक जून से अमेरिका और वेस्टइंडीज में होने वाले टी20 विश्व कप में पदार्पण करेंगे. शास्त्री ने आईसीसी से कहा, दोनों बायें हाथ के बल्लेबाज हैं और अपना पहला विश्व कप खेल रहे हैं. एक यशस्वी जायसवाल है जिसने इंग्लैंड के खिलाफ शानदार प्रदर्शन किया. वह युवा है और बेखौफ खेलता है. चेन्नई सुपर किंग्स के लिए खेलने वाले दुबे ने इस सत्र में 11 मैचों में 170.73 की स्ट्राइक रेट से 350 रन बनाये हैं. शास्त्री ने कहा, मध्यक्रम में उसे देखिएगा. वह आक्रामक है और मैच विनर है. वह मजे के लिये छक्के लगा देता है.

### थके रोहित को ब्रेक की जरूरत : क्लार्क

**मुंबई।** आस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान माइकल क्लार्क ने रोहित शर्मा के लगातार खराब स्कोर को तूल नहीं दिया लेकिन कहा कि थके हुए भारतीय कप्तान को टी20 विश्व कप से पहले तरोताजा होने के लिये ब्रेक की जरूरत है. अगले महीने टी20 विश्व कप में भारत की कप्तानी करने जा रहे रोहित पिछली पांच पारियों में चार बार दोहरे अंक तक नहीं पहुंच सके. इस साल आईपीएल से पहले रोहित ने पांच टेस्ट मैचों की श्रृंखला खेली थी. क्लार्क ने स्टार स्पोर्टर्स से कहा, रोहित अपने प्रदर्शन का खुद बेहतर आकलन कर सकता है. वह निराश होगा खासकर उसने जितनी शानदार शुरुआत की थी. मेरे ख्याल से वह थका हुआ भी है. उन्होंने कहा, ऐसे में तरोताजा होने के लिए एक ब्रेक बहुत जरूरी है. लेकिन वह मुंबई इंडियंस का भी अहम खिलाड़ी है. उसे ब्रेक मिलना मुश्किल है. उसे फॉर्म में लौटना होगा.

**आईपीएल संभावना : प्ले ऑफ में पहुंचने के लिए करना होगा कमाल**

# दौड़ में बने रहने के लिए लखनऊ को हराने उतरेगी सनराइजर्स

एजेंसी। हैदराबाद

अपने बल्लेबाजों के खराब प्रदर्शन से उबर कर सनराइजर्स हैदराबाद लखनऊ सुपर जाइंटस के खिलाफ बुधवार को आईपीएल के मैच में जीत दर्ज करके प्लेआफ का दावा पुख्ता करने के इरादे से उतरेगी. दोनों टीमों के 11 मैचों में 12 अंक हैं. सनराइजर्स का नेट रनरेट (माइनस 0.065) लखनऊ (माइनस 0.371) से बेहतर है. अंकतालिका में कोलकाता नाइट राइडर्स (16), राजस्थान रॉयल्स (16) और चेन्नई सुपर किंग्स (12) उससे ऊपर हैं. सनराइजर्स और लखनऊ में से जो जीतेगा वह प्लेआफ की दौड़ में एक कदम आगे होगा. पैट कमिंस की कप्तानी वाली टीम में प्रतिभा की कमी नहीं है, लेकिन पिछले कुछ मैचों में उसके विजय अभियान पर रोक लग गई है. पिछले चार में से तीन मैचों में सनराइजर्स को पराजय का सामना करना पड़ा है क्योंकि उसके आक्रामक बल्लेबाज नाकाम रहे हैं. मुंबई इंडियंस के खिलाफ पिछले मैच में वे बड़ा स्कोर नहीं बनाने के कारण सात विकेट से हार गए. ट्रेविस हेड को छोड़कर बाकी बल्लेबाज पिछले कुछ मैचों में खराब फॉर्म में रहे हैं. युवा अभिषेक शर्मा पिछले चार मैचों में 30 रन से आगे नहीं जा सके हैं.

सनराइजर्स के मुख्य कोच डेनियल विटोरी ने स्वीकार किया कि हर बार सलामी बल्लेबाजों पर ही जिम्मेदारी नहीं छोड़ी जा सकती, मध्यक्रम को भी कमान संभालनी होगी.

हेनरिच क्लासेन लगातार अच्छा खेलने में नाकाम रहे हैं और नीतिश रेड्डी ने भी टुकड़ों में अच्छा प्रदर्शन किया है. टी नटराजन ने अच्छी गेंदबाजी की है जबकि अनुभवी भुवनेश्वर कुमार ने भी लय हासिल कर ली है. दूसरी ओर लखनऊ सुपर जाइंट्स ने कोलकाता के खिलाफ इकाना स्टेडियम पर निराशाजनक प्रदर्शन किया और पहली बार 200 से अधिक रन देने के बाद 137 रन पर आउट हो गई. कप्तान केएल राहुल नाकाम रहे जबकि मार्कस स्टोइनिस और निकोलस पूरन भी बड़ी पारियां नहीं खेल सके. आयुष बडोनी का इस आईपीएल में प्रदर्शन औसत ही रहा है और वह अपनी उपयोगिता साबित करना चाहेंगे. गेंदबाजी में तेज गेंदबाज मयंक यादव आईपीएल से बाहर हो गए हैं जबकि बायें हाथ के तेज गेंदबाज मोहसिन खान को भी चोट लगी है. अफगानिस्तान के तेज गेंदबाज नवीनुल हक, युवा यश ठाकुर, स्टोइनिस और स्पिनर कृणाल पंड्या तथा रवि बिश्नोई पर दारोमदार होगा.



### टीमें

**सनराइजर्स हैदराबाद :** पैट कमिंस (कप्तान), अभिषेक शर्मा, ट्रेविस हेड, हेनरिच क्लासेन (विकेटकीपर), ऐडन मार्करम, अब्दुल समद, नीतिश रेड्डी, शाहबाज अहमद, भुवनेश्वर कुमार, जयदेव उनादकट, टी नटराजन, मयंक मार्कंडेय, उमरान मलिक, अनमोलप्रीत सिंह , ग्लेन फिलिप्स, राहुल त्रिपाठी, वाशिंगटन सुंदर, उपेन्द्र यादव, झटवेध सुब्रमण्यन, सनवीर सिंह, विजयकांत व्यासकांत, फजलहक फारूकी, मार्को यानसेन, आकाश महाराज सिंह और मयंक अग्रवाल.

**लखनऊ सुपर जाइंट्स :** केएल राहुल (कप्तान), क्विंटन डिकॉक, निकोलस पूरन, आयुष बदोनी, काइल मेयर्स, मार्कस स्टोइनिस, दीपक हुडा, देवदत्त पडिक्कल, रवि बिश्नोई, नवीन उल हक, क्रुणाल पंड्या, युद्धवीर सिंह, प्रेरक मांकड़, यश ठाकुर, अमित मिश्रा, शमर जोसेफ, मयंक यादव, मोहसिन खान, के गौतम, शिवम मावी, अर्शिन कुलकर्णी, एम सिद्धार्थ, एश्टन टर्नर, मैट हेनरी, मोहम्मद अरशद खान.

**मैच का समय : शाम 7.30 बजे.**

# उड़ान मार्ग बदलने से वाराणसी में रात में रुके केकेआर के खिलाड़ी

एजेंसी। नयी दिल्ली



कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाड़ियों की लखनऊ से कोलकाता की उड़ान खराब मौसम के कारण बाधित होने से उन्हें रात वाराणसी में गुजारनी पड़ी. लखनऊ सुपर जाइंट्स को रविवार को 98 रन से हराने के बाद श्रेयस अय्यर की कप्तानी वाली टीम सोमवार की शाम कोलकाता के लिए रवाना हुई. टीम को 7 बजकर 25 मिनट पर कोलकाता पहुंचना था. चार्टर्ड उड़ान को पहले गुवाहाटी की ओर रवाना किया गया और फिर वाराणसी मोड़ा गया. खराब मौसम के कारण कोलकाता में विमान का उतरना असंभव था. केकेआर मीडिया टीम ने रात पौने नौ बजे बताया कि कोलकाता में खराब मौसम के कारण केकेआर की चार्टर्ड उड़ान को गुवाहाटी मोड़ दिया गया. इसके एक घंटे बाद कहा गया कि कोलकाता उड़ाने के लिए हरी झंडी मिल चुकी है, लेकिन फिर मौसम अनुकूल नहीं होने के कारण उसे वाराणसी की ओर मोड़ दिया गया. रात एक बजकर 15 मिनट पर जारी अपडेट में कहा गया, उड़ान गुवाहाटी से कोलकाता जानी थी, लेकिन खराब मौसम के कारण रात 11 बजे नहीं उतर सकी.

# बुमराह को आराम देने का कोई इरादा नहीं: पोलार्ड

एजेंसी। मुंबई



मुंबई इंडियंस के आईपीएल प्लेआफ की दौड़ से बाहर होने के बावजूद बल्लेबाजी कोच कीरोन पोलार्ड ने कहा कि टीम का तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को आराम देने का कोई इरादा नहीं है. मुंबई ने सोमवार को सनराइजर्स हैदराबाद को सात विकेट से हराया जिसमें सूर्यकुमार यादव (नाबाद 102) ने आईपीएल में दूसरा शतक जड़ा. मुंबई की यह 12 मैचों में चौथी ही जीत थी. टी20 विश्व कप को देखते हुए बुमराह को आराम देने के सवाल पर पोलार्ड ने कहा, हमने इस पर कोई बात नहीं की है. मुझे नहीं लगता कि यह मेरा काम है लेकिन देखते हैं कि क्या होता है. हम सभी यहां पूरा आईपीएल खेलने के लिए हैं. उन्होंने कहा, हमारा लक्ष्य आईपीएल पूरा करना है. उसके बाद देखते हैं कि क्या होता है. पोलार्ड ने कहा कि बल्लेबाजी कोच होने के नाते सबसे कठिन काम सूर्यकुमार जैसे बल्लेबाज से आक्रामक खेल पर नियंत्रण कराना है. उन्होंने कहा, वह स्वाभाविक तौर पर आक्रामक बल्लेबाज है. वह हर गेंद को पीटन चाहता है. ऐसे में बल्लेबाजी कोच के लिए सबसे कठिन काम उसकी स्वाभाविक शैली को बदलना है. लेकिन बहुत ज्यादा नियंत्रण की भी जरूरत नहीं है क्योंकि आजकल क्रिकेट में इतने रन बन रहे हैं. वहीं सनराइजर्स के सहायक कोच सिमोन हेलमोट ने कहा कि सूर्यकुमार ने शानदार पारी खेलकर मैच उनकी जद से बाहर कर दिया. उन्होंने कहा, वह अद्भुत क्रिकेटर है और विश्व कप में भी वह अपनी छाप छोड़ेगा. उसे गेंदबाजी करना काफी कठिन है. उसके जैसा बल्लेबाज मिलना मुश्किल है.

**टी20 विश्व कप** सूर्यकुमार यादव ने शुरू कर दी है सीक्रेट तैयारी

# दोपहर में ग्राउंड जाकर कर रहे हैं जोरदार प्रैक्टिस

एजेंसी। नयी दिल्ल



टी20 वर्ल्ड कप करीब है. आईपीएल खेलते हुए भी भारतीय खिलाड़ी टी20 विश्व कप की तैयारी में जुटे हुए हैं. सूर्यकुमार यादव ने इसके बारे में जानकारी दी है. सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ शानदार शतक बनाने के बाद सूर्या जियो सिनेमा पर कमेंट्री पैनल से बात कर रहे थे. इसी दौरान उन्होंने बताया कि टी20 वर्ल्ड कप भी दिमाग में है. इसको लेकर वह खास तरह से तैयारी कर रहे हैं और दोपहर के वक्त भी प्रैक्टिस कर रहे हैं. बता दें कि इस मैच में सूर्यकुमार यादव ने 51 गेंदों पर 102 रनों की नाबाद पारी खेली. इस दौरान उन्होंने 12 चौके और छह शानदार छक्के भी लगाए. सूर्या की इस पारी की बदौलत तीन विकेट गंवा कर संकट में फंसी मुंबई ने यह मैच जीत लिया.

### वर्ल्ड कप के दौरान दिन में होंगे मैच

मैच के बाद सूर्यकुमार जियो सिनेमा के कमेंट्री पैनल से बात कर रहे थे. इस दौरान मैदान पर अनंत त्यागी, पार्थिव पटेल और प्रज्ञान ओझा मौजूद थे. इसी समय सूर्या से पूछा गया कि टी20 वर्ल्ड कप करीब आ रहा है. इसको लेकर आपकी तैयारी कैसी चल रही है. इस सवाल के जवाब में भारतीय बल्लेबाज ने अपना राज खोला. उन्होंने बताया कि भले हम आईपीएल खेल रहे हैं, लेकिन कहीं न कहीं दिमाग में टी20 वर्ल्ड कप चल तो रहा ही है. इसको लेकर भी मैं तैयारी कर रहा हूं. उन्होंने कहा कि यही वजह है कि दोपहर के वक्त भी प्रैक्टिस करने ग्राउंड पर पहुंच जा रहा हूं. इसके पीछे की वजह बताते हुए यादव ने कहा कि असल में यूएसए और वेस्टइंडीज में मैच दिन के वक्त ही खेले जाने हैं.

### 5 जून से है टी20 वर्ल्ड कप मैच

बता दें कि टी20 विश्वकप 2 जून से खेला जानेवाला है. इसमें भारतीय टीम अपने अभियान का आगाज 5 जून से आयरलैंड के खिलाफ मुकाबले से करेगी. टी20 विश्वकप का आयोजन यूएसए और वेस्टइंडीज में होना है. यहां पर सभी मुकाबले दिन के वक्त खेले जाएंगे. ऐसे में आईपीएल से अचानक टी20 वर्ल्ड कप खेलने पहुंचे खिलाड़ियों को एडजस्ट करने में दिक्कत हो सकती है. वजह, आईपीएल के अधिकतर मैचेज रात के वक्त खेले जा रहेहैं. सूर्यकुमार ने अपनी बातचीत में इसी का जिक्र किया था. दिन के फैक्टर को ध्यान में रखते हुए ही वह दोपहर में भी बैटिंग प्रैक्टिस करने पहुंच रहे हैं. वैसे टी20 विश्वकप से पहले सूर्यकुमार का फॉर्म वापस आना अपने आप में अच्छा संकेत है.

# भुवनेश्वर शिविर के लिए 15 संभावित खिलाड़ियों की घोषणा

एजेंसी। नयी दिल्ली



भारतीय सीनियर पुरुष टीम के मुख्य कोच इगोर स्टिमक ने मंगलवार को कुवैत और कतर के खिलाफ फीफा विश्व कप 2026 के प्रारंभिक संयुक्त क्वालीफिकेशन दूसरे दौर के मुकाबलों के लिए 15 संभावित खिलाड़ियों की दूसरी सूची जारी की. पहली सूची शनिवार को जारी की गई थी. पहली सूची में शामिल 26 खिलाड़ी भुवनेश्वर में 10 मई से अभ्यास शुरू करेंगे. दूसरी सूची में शामिल 15 खिलाड़ियों में मुंबई सिटी एफसी और मोहन बागान एसजी के खिलाड़ी शामिल हैं जिन्होंने आईएसएल कप फाइनल खेला. वे 15 मई को शिविर से जुड़ेंगे. कुल 41 खिलाड़ी राष्ट्रीय शिविर में भाग लेंगे. भारत का सामना छह जून को कोलकाता में कुवैत से और 11 जून को कतर में कतर से होगा. भारत ग्रुप ए में चार मैचों में चार अंक लेकर दूसरे स्थान पर है. ग्रुप की शीर्ष दो टीमें तीसरे दौर में पहुंचेंगी और एएफसी एशियाई कप का टिकट कटाएंगी.

**संभावित खिलाड़ियों की सूची :** गोलकीपर : पी तेमपा लाचेंपा, विशाल कैथ, डिफेंडर : आकाश मिश्रा , अनवर अली, मेहताब सिंह, राहुल भेके, शुभाशीष बोस, मिडफील्डर : अनिरुद्ध थापा, दीपक टंगड़ी, लालेंगमाविया राल्टे, लालियांजुआला छांगटे, लिस्टन कोलासो, सहल अब्दुल समद.



## राशिफल

आचार्य प्रणव मिश्रा

**मेष** — लग्न में चंद्रमा शुक्र का योग है. समय बहुत ही उत्तम है. धन का आगमन होगा, पर यात्रा में सावधानी रखें, नुकसान हो सकता है. वाद-विवाद से प्रतिष्ठा में कमी आयेगी. जोखिम-जमानत के कार्य न करें. अन्न दान करें.

**वृषभ** — धार्मिक यात्रा का योग है. खर्च में वृद्धि होगी, विरोधी हार मानेंगे. पर बहुत जल्दी आय के द्वार भी खुल रहे हैं. राजकीय कार्यों में गति आएगी. प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता मिलेगी. कोई छोटा निवेशादि लाभ देंगे.

**मिथुन** — जल्दबाजी में लिए हुए निर्णय ठीक नहीं होंगे, सोच-समझकर निर्णय लें. सुख के साधनों की चिंता हो सकती है. संपत्ति के कार्य सफल होंगे. धन लाभ होगा. कुछ धर्म और सत्कर्म भी किया विवाद से बचें.

**कर्क** — समय बहुत ही उत्तम है. अधिक धन भी उन्माद का कारण बनता है. इस बात का ध्यान रखें. कर्म और भाग्य का अच्छा साथ मिलेगा. पराक्रम से वृद्धि होगी. विद्यार्थी वर्ग अल्प प्रयास से सफलता मिलेगी. निवेशादि से लाभ होगा.

**सिंह** — िसी से विवाद से मानहानि हो सकता है. कुछ मानसिक तनाव हो सकता है.परिश्रम द्वारा सफलता मिलेगी, किसी वाद-विवाद से बचने का प्रयास करें. व्यापार-व्यवसाय में अचानक लाभ के योग हैं.

**कन्या** — समय को बहुत अच्छा नहीं कहा जा सकता है. थोड़ी दिक्कत है, पर थोड़े समय के लिए. कोई कार्य या बोलने से पहले सोच समझ लें. खर्च बढ़ सकता है. पराक्रम वृद्धि होगी. निवेश करने के लिए समय सही है. रोजगार प्राप्ति हो सकती है.

**तुला** — व्यापार में खुलकर सामने आने का समय है. जीवनसाथी के चलते प्रतिष्ठा बढ़ेगी. परिवार का सुख सहयोग मिलेगा. निवेशादि से लाभ होगा. रोजगार प्राप्ति हो सकती है. बौद्धिक कार्य सफल होंगे. कार्य होगा, पर दूसरों की देखादेखी नहीं करें.

**वृश्चिक** — समय सामान्य है. नेत्र रोग से बचें. खान पान पर विशेष ध्यान रखें. रोग शत्रु से बचें. अचानक कार्य बनने के योग उपस्थित होंगे. यदि कोई छोटी यात्रा हो तो यात्रा शुभ होगी. निवेशादि लाभदायक रहेंगे, व्यापार अच्छा चलेगा.

**धनु** — क्रोध से बचें. खास कर बच्चों से विशेष प्रेम करें. शिक्षा में सुधार होगा, पर ज्यादा आत्मविश्वास घातक है. व्यय बढ़ने से क्लेश हो सकता है. निर्णय सोच समझ कर लें, जोखिम न लें. प्रतिष्ठित व्यक्ति से भेंट हो सकती है.

**मकर** — धन का आगमन होगा. पर इसके लिए विशेष प्रयास करना होगा. यात्रा शुभ रहेगी. निवेशादि से लाभ होगा. कार्य व्यवसाय में सफलता की संभावना है. पराक्रम सिद्ध करने का समय है. मिठाई का दान करें.

**कुंभ** — आने वाले कुछ विवाद भी होगा. कार्य करें पर सजग रहें. राजकीय कार्यों की रुकावटें दूर होंगी. निवेशादि से लाभ होगा. नोकरी इन्टरव्यू में सफलता मिलेगी. आपके कार्य और प्रभाव से रुके हुए काम बन सकते हैं.

**मीन** — नेत्र रोग से बचें. धन आगमन के लिए दिन अच्छा है. धर्म में व्यय होगा. बिगड़ते कार्य बनने लगेंगे. निवेशादि लाभ देंगे कार्य व्यवसाय ठीक चलेगा. वाहन का प्रयोग सावधानी से करें. कुछ हानि हो सकती है. मंदिर में दूध का दान करें.

### झारखंड में लोकसभा चुनाव की डुगडुगी बजते ही तपती गर्मी में गरमाई राजनीति

# लोहरदगा लोस सीट पर मुकाबला होगा दिलचस्प

हुसैन अंसारी । लोहरदगा

देश में लोकसभा चुनाव का बिगुल बज चुका है. कई जगह चुनाव हो चुके हैं और कई जगह बाकी हैं. इस बीच झारखंड में लोकसभा चुनाव की डुगडुगी बजते ही राजनीति सियासी इस तपती गर्मी में भी गरमा गई है. लोहरदगा लोकसभा सीट अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित सीट है. जहां पर 2009 से लगातार भाजपा का दबदबा रहा है. इस सीट पर लगातार तीन बार भाजपा ने जीत दर्ज की थी. वर्ष 2019 में यहां से सुदर्शन भगत सांसद चुने गए थे. अब 2024 के महासंग्राम में जीत-हार का मुकाबला बेहद दिलचस्प होने वाला है. लोहरदगा लोकसभा सीट के समीकरण और इतिहास के बारे में जानकार बताते हैं कि झारखंड की लोहरदगा लोकसभा सीट पर कांग्रेस और भाजपा के बीच कांटे की टक्कर रही है. यह सीट अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित है. इस क्षेत्र को मांडर, गुमला, लोहरदगा, सिसई और बिशुनपुर पांच विधानसभा सीटों को मिलाकर बनाया गया है. लोहरदगा सीट पर 2014 के लोकसभा चुनाव में भाजपा के सुदर्शन भगत ने कांग्रेस के रामेश्वर उरांव को हराया था. वहीं, 2019 में सुदर्शन भगत ने एक बार फिर जीत दर्ज की थी. हालांकि इस बार भाजपा ने राज्यसभा सांसद समीर उरांव को चुनाव मैदान में उतारा है. वहीं कांग्रेस से सुखदेव भगत हैं. निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चमरा लिंडा हैं. चमरा ने त्रिकोणीय मुकाबले में भाजपा और कांग्रेस की टेंशन बढ़ा दी है. राजनीतिक जानकारों का कहना है कि चमरा लिंडा के चुनाव मैदान में उतरने से कांग्रेस को नुकसान हो सकता है.




**लोकसभा चुनाव**

- लोहरदगा लोस क्षेत्र में वोटरों की संख्या 14,27,022 है
- इसमें पुरुष मतदाताओं की संख्या 7,100,39 है
- इसमें महिला मतदाताओं की संख्या 7,16,979 है

बता दें कि झारखंड में लोकसभा चुनाव के चौथे चरण यानी 13 मई को मतदान होगी. जहां सभी प्रत्याशी अपनी किस्मत आजमाएंगे.

बता दें कि लोहरदगा लोकसभा सीट पर 1957 में पहला चुनाव हुआ था. इस दौरान झारखंड पार्टी से इग्नेस बेक सांसद बनकर लोकसभा पहुंचे. साथ ही 1962 में यहां से कांग्रेस के डेविड मुंजनी सांसद चुने गए. इसके बाद 1967 और 1971 में कांग्रेस के कार्तिक उरांव लोकसभा पहुंचे. यहां पर 1977 में जनता पार्टी के लालू उरांव यहां से चुनाव जीते. इसके बाद 1980 में कांग्रेस (आई) के टिकट पर कार्तिक उरांव तीसरी बार सांसद बने. वहीं 1984 और 1989 में इस सीट पर कांग्रेस के सुमति उरांव लगातार दो बार जीतकर लोकसभा पहुंची. यहां पर वर्ष 1991 में इस सीट पर भाजपा का खाता खुला. जिसमें 1991 और 1996 में भाजपा के ललित उरांव लगातार दो बार जीते. इसके बाद 1999 में भाजपा के दुखा भगत ने जीत हासिल की. वर्ष 2004 में कांग्रेस ने वापसी की और रामेश्वर उरांव सांसद चुने गए. हालांकि इसके बाद इस सीट पर भाजपा का दबदबा बना रहा. 2009, 2014 और 2019 में भाजपा के सुदर्शन भगत लगातार तीन बार सांसद चुने गए.

**2019 चुनाव का परिणाम**

| | |
|---|---|
| विजेता | सुदर्शन भगत (भाजपा) |
| वोट मिले | 371,595 |
| वोट (%) | 45.45 |
| उपविजेता | सुखदेव भगत (कांग्रेस) |
| वोट मिले | 3,61,232 |
| वोट (%) | 44.18 |
| अंतर | 10,363 |

**2014 चुनाव का परिणाम**

| | |
|---|---|
| विजेता | सुदर्शन भगत (भाजपा) |
| वोट मिले | 2,26,666 |
| वोट (%) | 34.79 |
| उपविजेता | रामेश्वर उरांव (कांग्रेस) |
| वोट मिले | 2,20,177 |
| वोट (%) | 33.80 |
| अंतर | 6,489 |

**कब किसने मारी बाजी**

| | | |
|---|---|---|
| 1957 | इग्नेस बेक | झारखंड पार्टी |
| 1962 | डेविड मुंजनी | कांग्रेस |
| 1967 | कार्तिक उरांव | कांग्रेस |
| 1971 | कार्तिक उरांव | कांग्रेस |
| 1977 | लालू उरांव | जनता पार्टी |
| 1980 | कार्तिक उरांव | कांग्रेस (आई) |
| 1984 | सुमति उरांव | कांग्रेस |
| 1989 | सुमति उरांव | कांग्रेस |
| 1991 | ललित उरांव | भाजपा |
| 1996 | ललित उरांव | भाजपा |
| 1998 | इंद्रनाथ भगत | कांग्रेस |
| 1999 | दुखा भगत | भाजपा |
| 2004 | रामेश्वर उरांव | कांग्रेस |
| 2009 | सुदर्शन भगत | भाजपा |
| 2014 | सुदर्शन भगत | भाजपा |
| 2019 | सुदर्शन भगत | भाजपा |

**मतदाता और सामाजिक तानाबाना**

लोहरदगा लोकसभा सीट क्षेत्र में पहाड़ और जंगलों के बीच एक बड़ी आबादी रहती है. यहां की कुल आबादी 18 लाख 68 हजार 433 है. वहीं 2019 के अनुसार कुल मतदाता 8 लाख 17 हजार 550 थे. इसके अलावा यहां पर एससी समुदाय 2.69 प्रतिशत, जबकि एसटी समुदाय की आबादी 64.04 प्रतिशत है. लोहरदगा लोकसभा चुनाव 2024 में कुल बूथों की संख्या 1748 है. कुल मतदाताओं की संख्या 1427022 है. जिसमें पुरुष मतदाताओं की संख्या 710039 है, जबकि महिला मतदाताओं की संख्या 716979 है. जबकि ट्रांस जेंडर की संख्या 07 है. इधर विधानसभा के नजर से देखें तो 66 मांडर विधानसभा में कुल बूथों की संख्या 430 है, जिसमें मतदाताओं की संख्या 366113 है, जिनमें पुरुष मतदाता 182112 है और महिला मतदाताओं की संख्या 184000 है. इसी तरह 67 सिसई विधानसभा क्षेत्र में कुल बूथों की संख्या 332 हैं. यहां पर कुल मतदाताओं की संख्या 258018 है, जिनमें पुरुष मतदाताओं की संख्या 127060 और महिला मतदाताओं की संख्या 130958 है. साथ ही 68 गुमला विधानसभा क्षेत्र में कुल बूथों की संख्या 313 है और मतदाताओं की संख्या 243381 है, जिनमें पुरुष 120206, महिला मतदाताओं की संख्या 123175 है. वहीं 69 बिशुनपुर में कुल बूथों की संख्या 349 है और मतदाताओं की संख्या 278737 है, जिनमें पुरुष 138956, महिला मतदाताओं की संख्या 139778 है. इसी तरह 72 लोहरदगा विधानसभा क्षेत्र में कुल बूथों की संख्या 324 और मतदाताओं की संख्या 28073 है, जिनमें पुरुष 14 लाख 17 हजार 05 है. वहीं महिला मतदाताओं की कुल संख्या 139068 है.

# सांसद संजय सेठ पहुंचे ईचागढ़, मांगा समर्थन

**चांडिल** । रांची लोकसभा क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी सांसद संजय सेठ मंगलवार को चुनाव प्रचार करने ईचागढ़ विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ईचागढ़ प्रखंड के विभिन्न गांवों का दौरा करने पहुंचे. इस दौरान वे चांडिल डैम के डूब क्षेत्र के विस्थापित गांवों का भी दौरा करेंगे और मतदाताओं से समर्थन मांगेंगे. सांसद के दौरे को लेकर भाजपा के स्थानीय नेता व कार्यकर्ता उत्साहित है. सांसद संजय सेठ निर्धारित समय पर ठीक 11 बजे क्षेत्र में पहुंचे और सबसे पहले ईचागढ़ प्रखंड के देवलटांड पंचायत के नवाडीह गांव से अपना चुनाव प्रचार अभियान शुरू किया. निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार नवाडीह से प्रचार अभियान प्रारंभ करने के बाद वे रुगड़ी,आगसिया, कुंदरीलौंग, घाटिया, काशीडीह, लेपाटांड, ईचागढ़, पुरानडीह, बाकलतोड़िया, तामारी, पातकुम और बांदु में जनसंवाद कार्यक्रम करेंगे. जन संवाद कार्यक्रम का समापन शाम छह बजे ईचागढ़ प्रखंड के बांदु पंचायत में होगा.



ग्रामीणों से बात करते सांसद.


### ग्रामीणों ने सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराने की मांग की

चुनाव प्रचार के शुभारंभ करते ही ग्रामीणों ने सांसद से समस्या गिनाते हुए उसके निदान की मांग की. ईचागढ़ प्रखंड के नवाडीह में ग्रामीणों ने सांसद से सिचाई की सुविधा उपलब्ध कराने की मांग की. ग्रामीणों ने कहा कि उनके कार्यकाल में किसानों के लिए कहीं भी सिंचाई की सुविधा उपलब्ध नहीं कराया गया. ऐसे में किसानों की आय दोगुनी कैसे हो सकती है. स्थानीय किसान मानसून के भरोसे खेती करते हैं. इसके साथ ही ग्रामीणों ने बताया कि स्वच्छ पेयजल के लिए लगाए गए सोलर जलमीनार आधे से अधिक खराब पड़े हैं. इसकी उच्च स्तरीय जांच कराते हुए लोगों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराया जाए. ग्रामीणों से सरकारी चिकित्सा व्यवस्था की सुलभ रूप से उपलब्ध कराने की बात कही. सांसद संजय सेठ के चुनाव प्रचार के लिए ग्रामांचलों में भ्रमण के दौरान सहयोगी दल आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव हरेलाल महतो भी अपने कार्यकर्ताओं के साथ मौजूद थे.

### लोगों को मोदी सरकार की उपलब्धियां बता रहे सांसद

चुनाव प्रचार के दौरान सांसद संजय सेठ केंद्र में मोदी सरकार के द्वारा किए गए विकास कार्यों के अलावा आम लोगों के लिए किए जा रहे लाभकारी योजनाओं की जानकारी दे रहे हैं. उन्होंने कहा कि भाजपानीत केंद्र सरकार देश में विकास की गाथा लिख रही है. चुनाव प्रचार के दौरान उन्होंने ईचागढ़ विधानसभा क्षेत्र में किए गए विकास कार्यो की भी जानकारी दे रहे हैं. विकास कार्य आगे भी जारी रहे इसके लिए उन्होंने लोगों से दोबारा समर्थन मांगा. सांसद ने कहा कि भाजपा सरकार किसानों की आय दोगुना करने, बेरोजगार युवाओं को नौकरी व रोजगार के अन्य साधन से जोड़ने, सबके के लिए मकान देने, महिला सुरक्षा, बेटियों को घर के निकट उच्च शिक्षा की सुविधा मुहैया कराने, आम लोगों को बेहतर स्वास्थ्य, सड़क, बिजली, स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने के लिए दृढ़संकल्पित है. उन्होंने कहा कि मोदी की गरंटी से देश बदल रहा है.

# झारखंड में बारिश की हल्की फुहारों से मौसम हुआ सुहाना



**रांची** । झारखंड में मौसम का मिजाज बदल गया है. गर्मी का पारा डाउन हो गया. राजधानी में बारिश की हल्की फुहारों से मौसम सुहाना हो गया है. वहीं राजनीति का पारा हाई हो गया है. मौसम विभाग के अनुसार 13 मई तक बारिश होगी. आंधी चलने के साथ वज्रपात होने की आशंका भी है. इसका प्रभाव राज्य के कई जिलों में देखने को मिलेगा. इसे लेकर अलर्ट जारी किया गया है. मौसम केंद्र के अनुसार राज्य में अगले दो दिनों के दौरान अधिकतम तापमान में 4 से 6 डिग्री की गिरावट हो सकती है. इसके बाद अगले तीन दिनों में इसमें कोई बदलाव की उम्मीद नहीं है. मौसम केंद्र के अनुसार 8 और 9 मई को कई स्थानों पर गर्जन के साथ हल्की से मध्यम दर्जे की बारिश हो सकती है. राज्य में कुछ स्थानों पर 10 और 11 मई तक बारिश होगी. राज्य में कहीं-कहीं 12 मई को बारिश होगी. राज्य में कुछ स्थानों पर 13 मई को बारिश होगी. मौसम केंद्र के अनुसार 8 से 10 मई को राज्य में कहीं-कहीं पर गर्जन और तेज हवा का झोंका चलने के साथ वज्रपात होने की आशंका है. इस दौरान हवा की स्पीड 30 से 50 किलोमीटर प्रति घंटा होने की संभावना है. राज्य में 11 मई को कहीं-कहीं पर गर्जन के साथ वज्रपात होने की आशंका है. झारखंड के कई जिलों के लिए तत्कालिक अलर्ट जारी किया गया है. मौसम केंद्र के मुताबिक इसका प्रभाव गढ़वा, लातेहार, गुमला, लोहरदगा, पलामू, चतरा, हजारीबाग, रांची, सिमडेगा जिले के कुछ भागों में देखने को मिलेगा.

### पेज 1 का शेष...



### जल, जंगल और जमीन पर पहला...

**हेमंत सोरेन जेल से छूटेंगे :** राहुल गांधी ने कहा कि एक सीएम को गलत आरोप में जेल में भेज दिया गया. मगर किसी भी आदिवासी को डरने की जरूरत नहीं है. मैं, कल्पना जी, चंपाई सोरेन और पूरा झारखंड, आदिवासी हेमंत जी के साथ हैं. वे जल्द ही जेल से छूटेंगे.

**दोनों सभाओं से आलमगीर को रखा गया दूर :** बसिया की सभा में कल्पना सोरेन शामिल नहीं हुईं. चाईबासा एवं बसिया की सभा में मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन, प्रदेश प्रभारी गुलाम अहमद मीर, प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, राजद के मंत्री सत्यानंद भोक्ता, पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय, रांची प्रत्याशी यशस्विनी सहाय, चाईबासा प्रत्याशी जोबा मांझी, लोहरदगा प्रत्याशी सुखदेव भगत सहित गठबंधन के कई नेता एवं कार्यकर्ता शामिल हुए. मगर दोनों चुनावी सभा को आलमगीर आलम को दूर रखा गया, ताकि राहुल गांधी की सभा में कोई विवाद न हो.

**2014 से पूरे देश में हो रही है झूठ...**

पीएम मोदी ने कभी नहीं सोचा कि आदिवासी अस्मिता कैसे बचेगी. परंपरा कैसे बचेगी. शिक्षा की व्यवस्था नहीं की. केवल जुमला ही इनका कार्य है. सीएम ने कहा कि यह चुनाव देश के लिए निर्णायक है. हम सब इंडिया गठबंधन के साथ हैं. देश में तानाशाही है. लोकतंत्र को बचाना है. संविधान को खतरा है. आदिवासी मूलवासी अस्तित्व बचाने के लिए सरना धर्म कोड बनाया, लेकिन भाजपा ने ने रोक दिया. ओबीसी के लिए 27 फीसदी आरक्षण की व्यवस्था की, लेकिन वो आगे नहीं बढ़ा. भाजपा पूरी तरह से आदिवासी-मूलवासी, पिछड़ा, दलित, गरीब विरोधी है.

# 22 प्रत्याशियों का नामांकन रद्द

**रांची** । लोकसभा चुनाव के छठे चरण के लिए मंगलवार को स्क्रूटनी की प्रक्रिया पूरी हुई. झारखंड मुख्य निर्वाच न पदाधिकारी के. रवि कुमार ने प्रेस वार्ता कर इसकी जानकारी दी. झारखंड में छठे चरण में स्क्रूटनी के बाद 96 प्रत्याशी मैदान में हैं. 22 प्रत्याशियों का नामांकन पत्र रद्द कर दिया गया. वहीं छठे चरण में 118 प्रत्याशियों ने नामांकन किया था. 9 मई तक नाम वापसी की अंतिम तारीख है. स्क्रूटनी के दौरान गिरिडीह से 7, धनबाद से 3, रांची और जमशेदपुर से 6-6 प्रत्याशियों का नॉमिनेशन रद्द किया गया. स्क्रूटनी के बाद गिरिडीह में 18, धनबाद में 25 ,रांची में 27 व जमशेदपुर में 26 प्रत्याशी मैदान में हैं. 7 मई को सातवें चरण के नामांकन का नोटिफिकेशन किया गया. झारखंड में पहले दिन तीन प्रत्याशियों ने नामांकन किया. राजमहल से 1, गोड्डा से 2 प्रत्याशियों ने नामांकन किया. दुमका से पहले दिन कोई भी नामांकन नहीं हुआ. जबकि सातवें चरण के नामांकन की अंतिम तारीख 14 मई है. वहीं 15 मई को स्क्रूटनी और 17 मई नाम वापस लेने की अंतिम तिथि है.

**स्क्रूटनी के बाद छठे चरण में 96 प्रत्याशी मैदान में, दुमका से कोई नामांकन नहीं**



# रंजय हत्याकांड में डॉक्टर का बयान दर्ज

**धनबाद** । विधायक संजीव के करीबी रंजय सिंह ऊर्फ रवि रंजन सिंह की हत्या के आरोप में जेल में बंद आरा बेरथ निवासी नंद कुमार सिंह उर्फ बबलू उर्फ रूना सिंह उर्फ मामा को जिला एवं सत्र न्यायाधीश डीसी अवस्थी की अदालत ने रांची के होटवार जेल से वीसीएस के द्वारा पेश किया गया. जमानत पर मुक्त हर्ष सिंह हाजिर नहीं थे. अभियोजन ने डॉक्टर मनोज कुमार दूबे एवं एवं के प्रसाद को बतौर गवाह पेश किया. गवाहों ने पोस्टमार्टम रिपोर्ट पर अपने हस्ताक्षर होने की बात कही. कहा कि उनके समक्ष मृतक रंजय सिंह का पोस्टमार्टम किया गया था. अदालत ने अभियोजन को गवाह पेश करने का निर्देश दिया है. बचाव पक्ष की ओर से अधिवक्ता आयुष श्रीवास्तव, सिद्धार्थ शर्मा ने प्रति परीक्षण किया.

### चंदन शर्मा ने दायर की अग्रिम जमानत याचिका

**धनबाद** । रंजय सिंह पर गोली चलाने के मामले में वांछित चंदन शर्मा ने पुलिसिया दबाव से तंग आकर अदालत का दरवाजा खटखटाया है. चंदन ने अदालत में अग्रिम जमानत की अर्जी दायर कर गुहार लगाई है. उसे अग्रिम जमानत पर मुक्त किया जाए. जिला एवं सत्र न्यायालय न्यायाधीश डीसी अवस्थी की अदालत ने उभय पक्ष को सुनने के बाद पुलिस से कांड दैनिकी तलब की है. बताते हैं कि इसके पूर्व पुलिस ने 3 नवंबर 18 को नंद किशोर सिंह एवं 23 फरवरी 2019 को हर्ष सिंह के विरुद्ध आरोप पत्र दायर किया था. जिसमें चंदन शर्मा को फरार बताया था.

### नाबालिग से दुष्कर्म का आरोपी हुआ दोषी करार

**धनबाद** । नाबालिग के साथ दुष्कर्म कर उसे गर्भवती करने के एक मामले में धनबाद पोक्सो के विशेष न्यायाधीश प्रभाकर सिंह की अदालत ने आरोपी सह जियालगोड़ा जोड़ापोखर निवासी अफरोज अंसारी को दोषी करार दिया है. अदालत ने सजा के बिंदु पर सुनवाई के लिए बुधवार की तारीख निर्धारित की है. प्राथमिकी पीड़िता की शिकायत पर जोड़ापोखर थाने में 20 अक्टूबर 2023 को दर्ज की गई थी.

# चतरा में 22 में से 10 प्रत्याशियों पर दर्ज हैं आपराधिक मामले

आशीष टैगोर । लातेहार

**चतरा संसदीय क्षेत्र**

- आठ प्रत्याशियों का नामांकन तकनीकी कारणों से रद्द कर दिया गया था

चतरा संसदीय क्षेत्र में लोकसभा चुनाव में छह मई को नामांकन वापस लेने का अंतिम दिन था. अंतिम दिन जय प्रकाश सिंह भोगता ने अपना नामांकन वापस ले लिया. इस प्रकार अब चतरा संसदीय क्षेत्र के चुनावी समर में कुल 22 प्रत्याशी अपनी किस्मत आजमा रहे हैं. बता दें कि कुल 31 प्रत्याशियों ने अपना नामांकन दाखिल किया था. इनमें से आठ प्रत्याशियों का नामांकन तकनीकी कारणों से रद्द कर दिया गया था और आज एक प्रत्याशी ने नामांकन वापस ले लिया. बता दें कि इन 22 प्रत्याशियों में कुल दस प्रत्याशियों पर आपराधिक मामला दर्ज है. इन प्रत्याशियों ने अपने शपथ पत्र में इन मामलों का जिक्र किया है और यह चुनाव आयोग के नो योर केंडिडेट में जारी किया गया है. भाजपा व कांग्रेस समेत कई निर्दलीय प्रत्याशियों के पर आपराधिक मामले दर्ज हैं. कांग्रेस के केएन त्रिपाठी पर सरकारी आदेशों का उल्लंघन करने व आदेश के बिना संपत्ति का प्रयोग में लाने के आरोप में मामला दर्ज है. जबकि भाजपा प्रत्याशी कालीचरण सिंह पर अवैध खनिज परिवहन के आरोप में मामला दर्ज है. इसी प्रकार सीपीआई के प्रत्याशी अर्जुन कुमार पर दुर्व्यहार व मारपीट करने के आरोप में मामला दर्ज है. बसपा के नागमणि पर धारा 144 का उल्लंघन करने के आरोप में मामला दर्ज है. निर्दलीय प्रत्याशी श्रीराम सिंह पर नाजायज मजमा लगाने व पत्थरबाजी करने के आरोप में मामला दर्ज है. इसके अलावा निर्दलीय प्रत्याशी दीपक कुमार गुप्ता, मो अबुजर खान व दर्शन गंझू पर आपराधिक मामले दर्ज हैं.

**कार्यक्रम** — 9 को रांची के आजमीन जायेंगे हज पर, 749 महिला व 998 पुरुष हज यात्री

# झारखंड से 1747 आजमीन जायेंगे हज यात्रा पर

रेहान अहमद । रांची

वर्ष 2024 में झारखंड से 1747 आजमीन ए हज रवाना होंगे. इनमें 749 महिला, 998 पुरुष हज यात्री शामिल हैं. राज्य में रांची जिला से सबसे अधिक 307 हज यात्री जायेंगे. वहीं दुमका से सबसे कम दो हज यात्री ही जायेंगे. हज यात्रा के लिये 9 मई से फ्लाईट शुरू हो रही है. 25 मई तक जायेंगे. हम कमेटी ऑफ इंडिया ने हाजियों के लिये सारे प्रबंध किये हैं. इस बार एक हज यात्री के 3,58,700 रुपये खर्च होंगे. वहीं बीते वर्ष 3,69,696 रुपये खर्च होते थे. इस तरह इस वर्ष 10,996 रुपये कम लगेंगे. कुर्बानी के लिये हज यात्री हज कमेटी ऑफ इंडिया को रकम देना चाहे तो दे सकते हैं, इसके लिये उन्हें 15,180 रुपये अलग से देने हैं. बताया जाता है कि रांची से जाने वाले सारे हज यात्री पहले कोलकाता जायेंगे. वहां से सीधे मदीना भेजा जायेगा. मदीना के बाद मक्का जायेंगे. इस बार 200 हज यात्रियों पर एक खादिमुल हुज्जाज का चयन किया गया है. इंबार्केशन प्वाइंट कोलकाता से सबसे अधिक 1400 हज यात्री जायेंगे. उसके बाद मुंबई से 300 हज यात्री कई इंबार्केशन प्वाइंट से जायेंगे. बता दें कि हज यात्रियों को तीन किश्तों में राशि जमा करनी है. पहली किश्त 81,800, दूसरी 1.70 लाख, तीसरी 1.22 लाख रुपये देना है. हज यात्री स्वयं किसी बैंक से विदेशी मुद्रा का प्रबंध करेंगे. हज यात्रियों को कुल 3,73,880 रुपये देने हैं, जो कि फ्लाइट टिकट एयरपोर्ट अथॉरिटी कुर्बानी मुंबई हज कमेटी को जायेगी.



### कोरोना काल से बंद है हज यात्रा : जबिउल्लाह



राज्य हज वोलियेंटर कमेटी के मो जबिउल्लाह ने कहा कि हज यात्रियों के खिदमत का कार्य राज्य गठन होने से पूर्व से करते आ रहें हैं. 9 मई से हज यात्रा 2024 शुरू होन जा रही है. इस बार 1747 लोग झारखंड से हज यात्रा पर जा रहे हैं. उन्होंने कहा कि कोरोना काल से पूर्व झारखंड के हज यात्री राजधानी के बिरसा मुंडा एयरपोर्ट से जेद्दा के लिये सीधे उड़ान भरते थे. इससे हज यात्रियों को अच्छी सुविधा मिलती थी. लेकिन कोरोना काल आने के बाद फ्लाईट सेवा बंद की गई. उसके बाद से राजधानी के बिरसा मुंडा एयरपोर्ट से हज यात्री नहीं जाते हैं. इस कारण उन्हें काफी परेशानी होती है. हाल ही में केंद्रीय अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री स्मृति इरानी को राजधानी रांची के बिरसा मुंडा एयरपोर्ट से सीधे हज यात्रा शुरू कराने का आग्रह पत्र दिया. किंतु समाधान के लिए कार्य अब तक नहीं हुआ. दो दिनों में हज यात्रा भी शुरू होने वाली है.

# पप्पू ने आबो देवी से अनुपमा के लिए मांगा समर्थन

संवाददाता । धनबाद

इंडिया गठबंधन प्रत्याशी अनुपमा सिंह के पक्ष में वोट मांगने धनबाद पहुंचे बिहार के पूर्व सांसद पप्पू यादव मंगलवार को पूर्व मंत्री आबो देवी के जामाडोबा स्थित आवास पहुंचे. पप्पू ने आबो देवी से अनुपमा सिंह के लिए समर्थन मांगा. जिस पर आबो देवी ने पूरा सहयोग देने का आश्वासन दिया. इस मौके पर पप्पू यादव ने कहा कि आबो देवी से उनका बहुत पुराना पारिवारिक रिश्ता है. इसके बाद पप्पू यादव ने हाउसिंग कॉलोनी, बिशनपुर झरिया सहित जिला के विभिन्न जगहों में जनसंपर्क किया. हाउसिंग कॉलोनी में पूर्व मंत्री मन्नान मल्लिक के आवास में जाकर मिले. जनसंपर्क अभियान में उन्होंने लोगों से हाथ छाप में वोट देकर कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह को विजयी बनाने का आह्वान किया.



जनसंपर्क अभियान के क्रम में पप्पू यादव ने कहा कि देश की मोदी सरकार लोगों को झूठा आश्वासन देकर लोगों को छलने का काम कर रही है.

मोदी सरकार देश में जाति और धर्म के साथ समाज में भाई-भाई को बांटने का काम कर रही है. मोदी सरकार सभी मोर्चे पर विफल रही है. देश में दलित व गरीबों का सबसे बड़ा दुश्मन भाजपा है. पप्पू ने कहा कि संविधान की रक्षा के साथ अपने अधिकार की रक्षा के लिए कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह के पक्ष में वोट देकर भारी मतों से विजय बनाने का आह्वान किया. मौके पर जिला अध्यक्ष संतोष कुमार सिंह ने जनसंपर्क अभियान के दौरान लोगों का आभार प्रकट करते हुए लोकसभा चुनाव में कांग्रेस के पक्ष में भारी से भारी संख्या में वोट देकर कांग्रेस प्रत्याशी को विजयी बनाने का आह्वान किया.

# तीसरे चरण में पीएम सहित विभिन्न हस्तियों ने डाला वोट









प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव व उनकी पत्नी डिंपल यादव, कांग्रेस नेता पृथ्वीराज चव्हाण, बॉलीवुड अभिनेता रितेश देशमुख उनकी मां और उनकी पत्नी जेनेलिया, गौतम अडाणी और एनसीसी( शरद ) नेता शरद पवार अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया। प्रेट्र

## ब्रीफ खबरें

### निर्माणाधीन इमारत के ढहने से पांच श्रमिक मरे

**केपटाउन।** दक्षिण अफ्रीका के एक तटीय शहर में एक निर्माणाधीन बहुमंजिला इमारत के ढह जाने की घटना में मरने वालों की संख्या मंगलवार को बढ़ कर पांच हो गयी जबकि 49 श्रमिक अब भी मलबे में फंसे हैं. अधिकारियों ने बताया कि बचावकर्मी 12 घंटे से अधिक समय से तलाश एवं बचाव कार्य में लगे हैं एवं अब तक 21 श्रमिकों को मलबे से निकाला गया है जिनमें से करीब 11 श्रमिक गंभीर रूप से घायल हैं. उनके अनुसार, मंगलवार को मृतकों की संख्या पांच हो गयी तथा 49 श्रमिक अब भी मलबे में दबे हैं.

### अस्पताल में चाकू से हमला, दो की मौत

**बीजिंग/कुनमिंग।** चीन के युन्नान प्रांत में मंगलवार को एक अस्पताल में चाकू से किए गए हमले में कम से कम दो लोगों की मौत हो गई और 21 अन्य घायल हो गए. स्थानीय अधिकारियों ने कहा कि यह देश में सामूहिक चाकूबाजी की नवीनतम घटना है. जेनशियोंग काउंटी के सार्वजनिक सुरक्षा ब्यूरो ने कहा कि पूर्वाह्न करीब 11:30 बजे काउंटी के एक स्थानीय अस्पताल में एक व्यक्ति ने लोगों पर चाकू से हमला कर दिया. सरकारी समाचार एजेंसी शिन्हुआ ने बताया कि घायलों का अस्पताल में इलाज चल रहा है.

### ट्रेन की चपेट में आने से हथिनी की मौत

**पलक्कड़ (केरल)।** केरल के पलक्कड़ में कांजीकोड के पास सोमवार देर रात ट्रेन की चपेट में आने से एक हथिनी की मौत हो गई. जिले में एक माह के भीतर इस तरह की यह दूसरी घटना है. वन विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने मंगलवार को बताया कि कल रात करीब साढ़े दस बजे हथिनी के पटरी पर आ जाने से वह तिरुवनंतपुरम-चेन्नई मेल की चपेट में आ गई. पलक्कड़ जिले में एक माह के भीतर इस तरह की यह दूसरी घटना है. वन विभाग संभावित समाधानों पर चर्चा करने के लिए दक्षिण रेलवे के साथ बातचीत करेगा.

### सांड को बचाने कुएं में उतरे तीन लोगों की मौत

**जयपुर।** राजस्थान के शाहपुरा जिले में एक सांड को बचाने के लिए कुएं में उतरे तीन लोगों की जहरीली गैस की चपेट में आने से मौत हो गई. पुलिस ने बताया कि यह घटना सोमवार रात आरणी गांव की है जहां दो सांड लड़ते-लड़ते कुएं में गिर गए. उनमें से एक को ग्रामीणों ने 'अर्थमूविंग' मशीन की मदद से बचा लिया, जबकि दूसरे सांड को बचाने की प्रक्रिया चल ही रही थी कि कुएं में उतरा सुखदेव बेहोश हो गया. उसको तो बाहर निकाल लिया गया लेकिन उसे बचाने के लिए नीचे उतरे तीन लोग जहरीली गैस की चपेट में आकर बेहोश हो गए.

### 'रायथू भरोसा योजना' के भुगतान पर रोक

**नयी दिल्ली।** चुनाव आयोग ने मंगलवार को तेलंगाना सरकार को निर्देश दिया कि वह राज्य में 13 मई को लोकसभा चुनाव होने तक "रायथू भरोसा योजना" के तहत भुगतान स्थगित करे. तेलंगाना के मुख्य निर्वाचन अधिकारी को लिखे पत्र में आयोग ने यह भी कहा कि मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने सार्वजनिक भाषणों में यह कहकर आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन किया है कि योजना का भुगतान 9 मई को या उससे पहले दिया जाएगा. तेलंगाना की सभी 17 सीटों पर चौथे चरण में 13 मई को मतदान होगा.

## तीसरे चरण के मतदान के बीच सोनिया गांधी का पीएम पर वार

# मोदी ने सियासी फायदे के लिए नफरत को दिया बढ़ावा

एजेंसी। नई दिल्ली

लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण के लिए वोटिंग के बीच मंगलवार को कांग्रेस की चेयरपर्सन सोनिया गांधी ने पीएम मोदी और भाजपा पर जमकर हमला बोला. सोनिया गांधी ने आरोप लगाया कि देश के हर कोने में समाज के लोगों को भेदभाव का सामना करना पड़ रहा है. कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी ने जनता से झूठ व नफरत फैलाने वालों को खारिज करने और सभी के लिए 'अधिक समान और उज्ज्वल' भविष्य सुनिश्चित करने के वास्ते कांग्रेस को वोट देने की अपील की.

उन्होंने लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण के मतदान के दिन यह अपील की है. सोनिया गांधी ने कहा कि कांग्रेस और विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' के घटक दल संविधान और लोकतंत्र की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध हैं. उन्होंने एक वीडियो संदेश में कहा, 'झूठ और नफरत फैलाने वालों को खारिज करें और सभी के उज्ज्वल व समान भविष्य के लिए कांग्रेस को वोट दें. 'हाथ' (कांग्रेस का चुनाव चिह्न) का बटन दबाएं. आइए मिलकर शांति और सद्भाव के साथ सभी के लिए एक मजबूत व अधिक एकजुट भारत का निर्माण करें.' वरिष्ठ कांग्रेस नेता ने आरोप लगाया कि युवा बेरोजगारी की दर, महिलाओं के खिलाफ अपराध और दलितों, आदिवासियों व अल्पसंख्यकों के खिलाफ भेदभाव अभूतपूर्व स्तर पर पहुंच गया है.

### पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष बोलीं- हम संविधान और लोकतंत्र की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध

गांधी ने कहा, 'हमारे संविधान और लोकतंत्र के खतरे में होने, गरीबों को पीछे छोड़ दिए जाने और हमारे समाज के ताने-बाने को कमजोर किए जाने का दृश्य मुझे पीड़ा से भर देता है.'



उन्होंने कहा, 'आज मैं एक बार फिर आपका समर्थन मांगती हूं. हमारे 'न्याय पत्र' (घोषणापत्र) और गारंटी का उद्देश्य हमारे देश को एकजुट करना और भारत के गरीबों, युवाओं, महिलाओं, किसानों, श्रमिकों और वंचित समुदायों के लिए काम करना है. कांग्रेस और विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' के घटक दल संविधान और लोकतंत्र की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध हैं.' सोनिया गांधी ने एक वीडियो संदेश में कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा का ध्यान किसी भी कीमत पर सिर्फ सत्ता हासिल करने के पीछे है. उन्होंने राजनीतिक लाभ के लिए नफरत को बढ़ावा दिया है.

#### सोनिया गांधी का जनता के नाम संदेश

सोनिया गांधी ने कांग्रेस के मेनिफेस्टो का भी जिक्र किया. उन्होंने कहा, 'हमारा न्याय पत्र और हमारी गारंटियों का मकसद भी देश को एकजुट रखना और गरीबों, महिलाओं, किसानों, श्रमिकों और वंचित समुदायों को ताकत देना है. कांग्रेस और इंडिया गठबंधन संविधान और लोकतंत्र की रक्षा के लिए समर्पित है. सभी के उज्ज्वल भविष्य के लिए कांग्रेस को वोट दें और साथ मिलकर मजबूत और एकजुट भारत बनाएं.'

### प्रियंका ने लगाया भाजपा पर आरोप

### नेहरू-गांधी ने कभी सोचा नहीं होगा उन्हें भी कहा जाएगा देशद्रोही

**रायबरेली।** लोकसभा चुनाव के चौथे चरण के लिए चुनाव-प्रचार तेज हो गया है. कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने यूपी की रायबरेली में भाजपा पर जमकर हमला बोला. प्रियंका ने कहा कि महात्मा गांधी और जवाहरलाल नेहरू ने कभी सोचा भी नहीं होगा कि देश की कोई सरकार एक दिन उन्हें देशद्रोही कहेगी. उन्होंने कहा कहा, ' 'महात्मा गांधी, जवाहरलाल नेहरू और हमारे तमाम महापुरुषों ने



आंदोलन किया, ताकि जनता के अधिकार मजबूत हों. वे सोच भी नहीं सकते थे कि एक ऐसी सरकार आएगी जो उन्हीं को देशद्रोही कहते हुए ये कहेगी कि हमें 400 सीट दे दो, तो हम संविधान बदल देंगे. वे सोच भी नहीं सकते थे कि हमारी जनता को कमजोर करने की कोशिश खुद सरकार करेगी. प्रियंका ने ब्रिटिश राज के दौरान किसानों के विरोध प्रदर्शन का भी जिक्र किया. उन्होंने दावा किया कि मोतीलाल नेहरू और जवाहरलाल नेहरू के समय में किसानों ने पहली बार विरोध प्रदर्शन किया था, उस दौरान मोतीलाल नेहरू और जवाहरलाल नेहरू को गिरफ्तार किया गया था. यह प्रदर्शन रायबरेली में था जब वे भाग लेने आए थे. तब से रायबरेली में सभी लड़ाइयों और चुनावों के दौरान एक तरफ लोकतंत्र और सच्चाई थी, जबकि दूसरी तरफ आतंक और एक तरह की राजनीति थी. जो कभी लोगों को सर्वोपरी नहीं मानती थी. इस लड़ाई में आपने हमेशा सच्चाई और लोकतंत्र के सिद्धांतों की जीत सुनिश्चित की है.

## तीन निर्दलीय विधायकों के समर्थन वापस लेने से अल्पमत में सरकार

# चुनावों के बीच हरियाणा में बड़ा 'खेला'

एजेंसी। चंडीगढ़



लोकसभा चुनावों के बीच दिल्ली से सटे हरियाणा में राजनीतिक उथल-पुथल सामने आई है. राज्य में नायब सैनी सरकार को समर्थन दे रहे तीन निर्दलीय विधायकों के नाराज होकर अपने समर्थन वापस ले लिया है. इस विधायकों के साथ कांग्रेस का समर्थन करने का ऐलान किया है. तीन निर्दलीय विधायकों ने तो बाकायदा प्रेस कांफ्रेंस करके अपने समर्थन वापसी का ऐलान कर दिया है. सैनी सरकार से जिन निर्दलीय विधायकों ने समर्थन वापस लिया है. उनमें पुंडरी के विधायक रणधीर गोलन, नीलोखेड़ी के विधायक धर्मपाल गोंदर व चरखी दादरी के विधायक सोमवीर सांगवान शामिल हैं. हरियाणा के रोहतक में तीन निर्दलीय विधायकों ने कांग्रेस के प्रदेश प्रमुख उदयभान की मौजूदगी में बीजेपी सरकार से समर्थन वापसी की घोषणा की इन विधायकों ने कांग्रेस को समर्थन देने का ऐलान किया. तीन विधायकों के समर्थन वापस लेने से नायब सैनी सरकार अल्पमत में आ गई है.

**कांग्रेस के समर्थन का ऐलान:** नायब सैनी सरकार ने ध्वनिमत से विश्वासमत हासिल किया था. निर्दलीय चार विधायकों ने लोकसभा चुनावों में कांग्रेस के लिए चुनाव प्रचार करने का ऐलान किया है. 2019 के विधानसभा चुनावों में बीजेपी ने हरियाणा की 90 सदस्यीय विधानसभा में 40 सीटें जीती थी. कांग्रेस पार्टी को 31 सीटें मिलीं थी. 10 सीटों पर जेजेपी को जीत मिली थी. 7 सीटें निर्दलीयों के पास गई थी. एक सीट हरियाणा लोकहित पार्टी और 1 सीट इनेलो को मिली थी. वर्तमान में विधानसभा की दो सीटें खाली हैं. इनमें करनाल और रानिया सीटें हैं. करनाल सीट पर लोकसभा के साथ उपचुनाव हो रहा है. ऐसे में वर्तमान में हरियाणा की विधानसभा में कुल विधायकों की संख्या 88 है. हरियाणा में छठवें चरण में लोकसभा चुनाव हैं.

#### दौलताबाद भी हैं नाराज!

चौथे विधायक राकेश दौलताबाद ने भी कांग्रेस के लिए चुनाव प्रचार करने का ऐलान किया है. दौलताबाद गुरुग्राम की बादशाहपुर सीट से विधायक हैं. राकेश दौलताबाद 2019 के विधानसभा चुनावों में बीजेपी के मनीष यादव को हराकर ही विधानसभा पहुंचे थे. बीजेपी ने मनोहर लाल खट्टर के पहले कार्यकाल में पीडब्ल्यूडी मंत्री राव नरबीर सिंह का टिकट काटकर मनीष यादव को मैदान में उतारा था. दौलताबाद ने निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर जीत हासिल की थी. हरियाणा के साढ़े नौ साल तक मुख्यमंत्री रहे मनोहर लाल करनाल लोकसभा सीट से चुनाव लड़ रहे हैं तो वहीं मौजूदा सीएम नायब सैनी करनाल विधानसभा सीट से चुनाव मैदान में हैं.

#### नायब सैनी ने कांग्रेस पर बोला हमला

हरियाणा में निर्दलीय विधायकों के साथ छोड़ने के सवाल पर मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कांग्रेस पर निशाना साधा है। सैनी ने कहा हां हमें इसकी सूचना मिली है. कई विधायकों की अपनी इच्छाएं होती हैं। कांग्रेस इन दिनों इच्छाएं पूरी करने में लगी हुई है. सैनी ने कहा कि कांग्रेस को लोगों की इच्छाएं से लेना देना नहीं है. सैनी ने यह भी कहा कि आने वाले दिनों में जनता कांग्रेस की इच्छा पूरी करेगी. सैनी ने कहा कि लोग सब जानते है.

#### विधानसभा का क्या है अंकगणित

| | |
|---|---|
| हरियाणा विधानसभा के सदस्यों की संख्या | 90 |
| विधानसभा में मौजूदा विधायकों की संख्या | 88 |
| मौजूदा संख्या बल के हिसाब से बहुमत | 45 |

| | |
|---|---|
| बीजेपी | 40 |
| कांग्रेस | 30 |
| जेजेपी | 10 |
| हलोपा | 01 |
| इनेलो | 01 |
| निर्दलीय | 06 |

## पश्चिम बंगाल मामले में सुप्रीम कोर्ट ने की टिप्पणी

# भर्ती घोटाला 'व्यवस्थागत धोखाधड़ी'

एजेंसी। नयी दिल्ली



#### उच्चतम न्यायालय ने कहा

- अधिकारियों की जिम्मेदारी थी कि वे 25,753 शिक्षकों और गैर-शिक्षण कर्मचारियों की नियुक्ति से संबंधित डिजिटल रिकॉर्ड संभाल कर रखते

उच्चतम न्यायालय ने पश्चिम बंगाल के कथित भर्ती घोटाले को "व्यवस्थागत धोखाधड़ी" करार देते हुए मंगलवार को कहा कि अधिकारियों की जिम्मेदारी थी कि वे 25,753 शिक्षकों और गैर-शिक्षण कर्मचारियों की नियुक्ति से संबंधित डिजिटल रिकॉर्ड संभाल कर रखते. प्रधान न्यायाधीश डी. वाई. चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जे. बी. पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ कलकत्ता उच्च न्यायालय के 22 अप्रैल के फैसले को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई कर रही थी. उच्च न्यायालय ने पश्चिम बंगाल के सरकारी और सहायता प्राप्त स्कूलों में 25,753 शिक्षकों व गैर-शिक्षण कर्मचारियों की नियुक्ति को अमान्य घोषित कर दिया था. प्रधान न्यायाधीश ने राज्य सरकार की ओर से पेश वकीलों से कहा, "सरकारी नौकरियां बहुत कम हैं... अगर जनता का विश्वास उठ गया तो कुछ भी नहीं बचेगा. यह व्यवस्थागत धोखाधड़ी है. सरकारी नौकरियां आज बहुत कम हैं और उन्हें सामाजिक विकास के रूप में देखा जाता है. अगर नियुक्तियों पर भी सवाल उठने लगें तो व्यवस्था में क्या बचेगा? लोगों का विश्वास खत्म हो जाएगा, आप इसे कैसे स्वीकार कर सकते हैं?" पीठ ने कहा कि राज्य सरकार के पास यह दिखाने के लिए कुछ भी नहीं है कि उसके अधिकारियों ने डेटा संभाल कर रखा. पीठ ने पीठ ने राज्य सरकार के वकीलों से कहा, "या तो आपके पास डेटा है या नहीं है. डिजिटल रूप में दस्तावेज संभाल कर रखना आपकी जिम्मेदारी थी.'

### जम्मू-कश्मीर में मुठभेड़ में दो आतंकी मारे गए

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के कुलगाम जिले में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में दो आतंकवादी मारे गये. अधिकारियों ने मंगलवार को यहां यह जानकारी दी. अधिकारियों ने बताया कि कुलगाम के रेडवानी इलाके में आतंकवादियों की मौजूदगी की सूचना मिलने के बाद सुरक्षा बलों ने सोमवार देर रात इलाके में घेराबंदी कर तलाशी अभियान शुरू किया था. उन्होंने कहा कि बाद में मुठभेड़ शुरू हो गई, जो अंतिम खबर आने तक जारी थी. उन्होंने बताया कि मंगलवार सुबह आतंकियों और सुरक्षाबलों के बीच जारी गोलीबारी के दौरान उस घर में आग लग गई, जिसमें आंतकी छिपे थे. एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा कि मुठभेड़ स्थल पर कम से कम दो शव देखे गए हैं और उन्हें निकालने के प्रयास जारी हैं.

## दिल्ली उच्च न्यायालय ने याचिका खारिज की

# भगवान हनुमान को सह-वादी बनाने पर एक लाख का जुर्माना

एजेंसी। नयी दिल्ली

दिल्ली उच्च न्यायालय ने उस व्यक्ति पर एक लाख रुपये का जुर्माना लगाया है जिसने भगवान हनुमान के मंदिर वाली एक निजी भूमि पर कब्जे के संबंध में एक याचिका में उन्हें भी सह-वादी बनाया है. याचिका किसी अन्य पक्ष को भूमि के हस्तांतरण के संबंध में उनकी 'आपत्ति याचिका' को खारिज करने के निचली अदालत के आदेश के खिलाफ अपील के रूप में दायर की गई थी. याचिका में दावा किया गया था कि चूंकि संपत्ति पर एक सार्वजनिक मंदिर है, इसलिए जमीन भगवान हनुमान की है और



अपीलकर्ता अदालत के समक्ष उनके निकट मित्र और उपासक के रूप में उपस्थित है. इसे संपत्ति को 'कब्जाने के इरादे से सांठगांठ' का मामला बताते हुए न्यायमूर्ति सी हरि शंकर ने अपील को खारिज कर दिया और फैसला सुनाया कि अपीलकर्ता व्यक्ति ने जमीन के मौजूदा कब्जाधारकों के साथ मिलीभगत की ताकि एक अन्य पक्ष को मुकदमे के बाद दोबारा कब्जा हासिल करने से रोका जा सके.

### चंडीगढ़ सीट से शिअद प्रत्याशी ने उम्मीदवारी वापस ली, पार्टी छोड़ी

**चंडीगढ़।** चंडीगढ़ से शिरोमणि अकाली दल (शिअद) के उम्मीदवार हरदीप सिंह ने चुनावी मुकाबले से हटते हुए पार्टी छोड़ दी है. इसे सुखबीर सिंह बादल की अगुवाई वाली शिअद के लिए एक झटका माना जा रहा है. सिंह ने अपने इस फैसले के पीछे चंडीगढ़ के प्रति पार्टी की 'बेरूखी' को वजह बताया है. सिंह चंडीगढ़ नगर निगम में बटरेला से पार्षद हैं.

**कांग्रेस ने फिरोजपुर से शेर सिंह घुबाया को बनाया उम्मीदवार:** कांग्रेस ने मंगलवार को पूर्व सांसद शेर सिंह घुबाया को पंजाब की फिरोजपुर लोकसभा सीट से अपना उम्मीदवार घोषित किया. इसके साथ ही कांग्रेस ने पंजाब की सभी 13 संसदीय सीटों पर अपने उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है.

## संघर्ष फलस्तीन व मिस्र के सुरक्षा अधिकारियों ने किया दावा, संघर्ष विराम के प्रयास को झटका

# इजराइल के टैंक दक्षिणी गाजा के शहर रफह में घुसे

- हमास ने की थी संघर्ष विराम प्रस्ताव स्वीकार करने की घोषणा

एजेंसी। यरूशलम



एक फलस्तीनी सुरक्षा अधिकारी और एक मिस्र के अधिकारी ने दावा किया कि इजराइली टैंक दक्षिणी गाजा शहर रफह में घुस गए और पड़ोसी देश मिस्र के साथ इसकी क्रॉसिंग से लगभग 200 मीटर अंदर पहुंच गए हैं. मिस्र के अधिकारी ने कहा कि ऐसा प्रतीत होता है कि अभियान का दायरा सीमित है. उन्होंने और हमास के अल-अक्सा टीवी ने कहा कि इजराइली अधिकारियों ने मिस्रवासियों को सूचित किया कि अभियान पूरा करने के बाद सैनिक वापस चले जाएंगे. वहीं इजराइली सेना ने कोई टिप्पणी करने से इनकार कर दिया. रविवार को रफह क्रॉसिंग के पास हमास के लड़ाकों ने दक्षिणी इजराइल में मोर्टार दागे, जिसमें चार इजराइली सैनिक मारे गए. इससे पहले इजराइली नेताओं ने गाजा पट्टी के रफह शहर में एक सैन्य अभियान को मंजूरी दे दी थी जिसके बाद इजराइली सेना अब क्षेत्र में हमास के ठिकानों पर हमले कर रही है. अधिकारियों ने सोमवार को इसकी घोषणा की. यह कदम हमास द्वारा यह घोषणा करने के कुछ घंटे बाद उठाया गया कि उसने मिस्र और कतर के संघर्ष विराम प्रस्ताव को स्वीकार कर लिया है. इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के कार्यालय ने कहा कि यह प्रस्ताव "इजराइल की आवश्यक मांगों से बहुत दूर" था, लेकिन फिर भी वह संघर्ष विराम समझौते पर बातचीत जारी रखने के लिए वार्ताकारों को भेजेगा. हमास ने सोमवार को घोषणा की कि उसने मिस्र और कतर के संघर्ष विराम प्रस्ताव को स्वीकार कर लिया है, लेकिन इजराइल ने कहा कि वह प्रस्ताव का अध्ययन कर रहा है.

#### रफह में लगभग 14 लाख फलस्तीनी लिए हुए हैं शरण

अमेरिका और इजराइल के अन्य प्रमुख सहयोगी देश रफह पर हमले का विरोध कर रहे हैं. इस शहर में लगभग 14 लाख फलस्तीनी शरण लिए हुए हैं, जो गाजा की आधी से अधिक आबादी के बराबर है. हमास की घोषणा के बाद रफह में फलस्तीनी खुशी से झूम उठे थे. उन्हें इससे हमला टलने की उम्मीद थी. इजराइली सैन्य प्रवक्ता रियर एडमिरल डेनियल हगारी ने हमास की प्रतिक्रिया पर कहा, "हम प्रत्येक उत्तर की जांच कर रहे हैं और बहुत गंभीरता से जवाब देते हैं." उन्होंने कहा कि इस बीच इजराइल का सैन्य अभियान जारी रहेगा. इजराइल की योजना से जुड़े एक अधिकारी ने कहा कि हमास का प्रस्ताव इजराइल की रूपरेखा के अनुरूप नहीं है. अमेरिकी विदेश विभाग के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने कहा कि अमेरिकी अधिकारी हमास की प्रतिक्रिया की समीक्षा कर रहे हैं और क्षेत्र में अपने सहयोगियों के साथ इस पर चर्चा कर रहे हैं. एक अमेरिकी अधिकारी ने कहा कि अमेरिका इस बात की जांच कर रहा है कि क्या हमास इजराइल और अंतरराष्ट्रीय वार्ताकारों द्वारा किए गए समझौते के किसी संस्करण पर सहमत है या कुछ और है. प्रस्ताव का विवरण जारी नहीं किया गया है.

# पुतिन ने रूसी राष्ट्रपति के रूप में अपना 5वां कार्यकाल किया शुरू

- जोसेफ स्टालिन के बाद राष्ट्रपति के पद पर सबसे लंबे समय तक रहने वाले रूस के पहले नेता बने

एजेंसी। मॉस्को



रूस की राजधानी मॉस्को में स्थित राष्ट्रपति कार्यालय 'क्रेमलिन' में मंगलवार को आयोजित एक भव्य समारोह में व्लादिमीर पुतिन ने देश के राष्ट्रपति के रूप में अपना पांचवां कार्यकाल शुरू किया. पुतिन ने अपने राजनीतिक विरोधियों को परास्त करने के अलावा यूक्रेन में विनाशकारी युद्ध की शुरुआत के साथ ही खुद को और अधिक शक्तिशाली साबित किया है. पुतिन अब अगले छह वर्षों तक देश के राष्ट्रपति पद पर रहेंगे. बीते करीब 25 वर्षों से देश की सत्ता पर काबिज पुतिन, जोसेफ स्टालिन के बाद राष्ट्रपति के पद पर सबसे लंबे समय तक रहने वाले रूस के पहले नेता बन गए हैं. पुतिन का नया कार्यकाल 2030 तक जारी रहेगा और इसके बाद वह राष्ट्रपति के अगले कार्यकाल की दावेदारी के लिए संवैधानिक रूप से एक बार फिर से पात्र बन जाएंगे. ग्रैंड क्रेमलिन पैलेस के अंदर आयोजित समारोह में पुतिन ने रूसी संविधान पर अपना हाथ रखा और इसकी रक्षा करने की कसम खाई। इस दौरान चुनिंदा गणमान्य हस्तियां वहां मौजूद थीं.

मुद्रक तथा प्रकाशक लगातार इंफोटेनमेंट प्राईवेट लिमिटेड द्वारा लगातार इंफोटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड के पक्ष में, सिमलिया, रिंग रोड, पीएस-रातू, रांची - 835222 से मुद्रित तथा 304-305 समृद्धि स्क्वायर, किशोरगंज चौक, हरमू रोड, रांची- 834001, झारखंड द्वारा प्रकाशित.
संपादक - **सुरजीत सिंह**, स्थानीय संपादक - **संजय सिंह***. फोन नंबर- 0651-2961734 आर.एन.आई. नंबर - **JHAHIN/2023/84487** ( *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार.)